
सुप्रभात
रांची, रविवार
21.01.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 189

06 राम राज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भये मिटे सब शोका।।



# मनरेगाकर्मियों ने सेवा नियमितीकरण और समान काम समान वेतन मांगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर मांग पत्र सौंपा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अनुपस्थिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद सुबोध कांत सहाय के साथ मनरेगाकर्मियों ने वार्ता कर अपनी मांगों से अवगत कराया। उनके द्वारा जल्द ही इस सम्बंध में मंत्री आलमगीर आलम से बात करने का आश्वासन दिया गया।

ज्ञात हो कि संघ ने इससे पूर्व राज्य के सभी जेएमएम और कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्षों को संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों की ओर ध्यान दिलाया है। इस संबंध में जॉन पीटर बागे ने बताया कि झारखंड सरकार ने चुनाव पूर्व कई बार मनरेगा संघ से मिल कर चुनाव में सहयोग करने की बात कही। भाषण और घोषणापत्र में हमारी सेवा नियमितीकरण और समान काम का समान वेतन देने की बात कही थी। उस समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में आये थे। इसलिए हम सरकार से नहीं पार्टी से अपनी मांगों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं।

कार्यकारी अध्यक्ष संजय प्रमाणिक और प्रदेश सचिव विकास पाण्डेय ने संयुक्त रूप से कहा कि हमारी सिर्फ दो मांग है। हमारी सेवा नियमितीकरण और समान काम काम समान वेतन दिया जाय। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुमन गांगुली, इम्तियाज, यासीन, नन्हे परवेज, शिवदेव लोहरा, हाफिजुर रहमान, सुरेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में मनरेकर्मी शामिल हुए।

## उप सचिव व संयुक्त सचिव के अतिरिक्त पद के जल्द सृजन की मांग की

# सचिवालय सेवा कैडर का पुनर्गठन 5 सालों से है लंबित, जताया रोष

### कार्मिक सचिव को सौंपा गया ज्ञापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति के आठ माह बाद भी अब तक सचिवालय सेवा के उप सचिव और संयुक्त सचिव के अतिरिक्त पदों का सृजन नहीं किए जाने पर रोष जताया है। अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रस्ताव विगत आठ माह से प्रशासी पदवर्ग समिति के पास लंबित है, ऐसे में सचिवालय कर्मियों ने इस पर रोष जताते हुए कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो को ज्ञापन सौंपा है। सचिवालय सेवा के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार अपने सेवी वर्ग को केंद्रीय सेवाशर्त के हुबहु वेतनमान एवं अन्य सुविधा प्रदान करने के लिए सैंद्धांतिक रूप से सहमत है। इसके साथ ही छठे केंद्रीय वेतनमान के परिप्रेक्ष्य में वित्त विभाग ने 28 फरवरी 2009 को आदेश निकाला था, जिसमें केंद्रीय सेवाशर्त के अनुष्प नियमावली गठित करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है। इस निर्देश के 13 साल बाद झारखंड सचिवालय सेवा अंतर्गत पदों के पिरामिड स्ट्रक्चर को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार के सभी विभागों से आवश्यकता आधारित प्रतिवेदन प्राप्त कर समीक्षा के बाद उप सचिव एवं संयुक्त सचिव के अतिरिक्त पदों के सृजन के लिए मुख्यमंत्री से अनुमोदन लिया गया था।

इसके बाद वित्त विभाग के अंतर्गत प्रशासी पदवर्ग समिति की अनुशंसा व सहमति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन इसके आठ माह बाद भी अब तक कोई निर्णय नहीं आया है। संघ की ओर से यह भी बताया गया कि हर चार वर्षों में कैडर का पुनर्गठन किया जाना है, जो अभी तक नहीं हुआ है। ऐसे में पांच साल से लंबित इस मामले को अविलंब निपटारा करके विचाराधीन प्रस्ताव पर सहमति दिलायी जाये।

कार्मिक सचिव प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यान से सुना और अविलंब कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर संघ के महासचिव सिद्वार्थ शंकर बेसरा सहित सचिवालय सेवा के कई अधिकारी मौजूद थे।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पशु वध एवं माँस–मछली की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

अतः आदेश दिया जाता है कि दिनांक 26.01.2024 को कोई भी व्यक्ति पशु वध एवं माँस–मछली की बिक्री नहीं करें, पकड़े जाने पर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 316706 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)


# संयुक्त ट्रेड यूनियनों की हड़ताल 16 फरवरी को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने 16 फरवरी, 2024 की औद्योगिक एवं सेक्टोरल हड़ताल की घोषणा की है। इसकी तैयारी को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच, दिल्ली और एसकेएम दिल्ली के संगठनों की बैठक हुई। इसमें एटक, एचएमएस, सीटू, सेवा, यूटीयूसी, एमइसी, आइसीटीयू के नेताओं ने भाग लिया।

बैठक में हड़ताल के प्रचार को बेहतर तरीके से मजदूरों के बीच ले जाने के लिए अपने-अपने संगठन और यूनियन की बैठक 26 जनवरी, 2024 तक करनी है। प्रचार के लिए 20 हजार पर्चे, 2 हजार पोस्टर के साथ साथ ट्रेड आधारित, पेशा आधारित हैंडबिल निकालने का फैसला लिया गया। बैठक में तय हुआ कि इस पर्चे को मैन-टू-मैन देना है। अधिक से अधिक मजदूरों की समस्या और उसी पर आधारित मांग पर बात करनी है। ज्यादा से ज्यादा औद्योगिक क्षेत्र में संयुक्त मंच से नुक्कड़ सभा का आयोजन, बस्तियों में मजदूरों की आमसभा का आयोजन करना है। जिला आधारित संयुक्त मंच के नेता आपस में मिलकर सूची तैयार करेंगे। वहीं अलग-अलग सेक्टर के नेता अपनी मीटिंग करके उस सेक्टर में हड़ताल या बड़ी प्रदर्शनात्मक गतिविधि तय कर 24 जनवरी को होने वाली अगली बैठक में बताना है। बैंक, बीमा और अन्य निजी कार्यालय के कर्मचारी और अन्य समर्थक संगठन केंद्रीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि दिल्ली के मजदूरों की समस्या और मांग पर एक प्रदर्शन दिल्ली के लेबर कमिश्नर कार्यालय के समक्ष फरवरी के पहले सप्ताह में किया जाएगा। संयुक्त पर्चा और पोस्टर 24 जनवरी तक छाप लेने हैं।


**जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू**

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक–66/OTD दिनांक–12.01.2024 के आदेश के आलोक में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी विभागान्तर्गत क्षेत्रीय खेल–कूद प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान धुर्वा, रांची में दिनांक–21.02.2024 से 25.02.2024 तक कराया जाएगा।

उक्त आदेश के आलोक में पलामू जिला के प्रभावित बल के वैसे गृह रक्षक जो बैडमिंटन, एथलेटिक, दौड़, क्रॉस कंट्री दौड़, उँची कूद, लम्बी कूद, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, गोला फेक, फुटबॉल, कबड्डी, खोखो, बॉलीबॉल, रस्सा कस्सी खेल में रूची रखते हों व भाग लेना चाहते हैं को सूचित किया जाता है कि दिनांक– 25.01.2024 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आकर अपना–अपना नाम दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

ह0/–
जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू।

PR.NO.316708 Police(23-24):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।**
**(जिला नीलाम पत्र शाखा)**

**आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नीलाम पत्र शाखा समाहरणालय भवन, चतरा द्वारा निम्नलिखित बकायेदारों को नोटिस दिये जाने के बावजूद निर्धारित तिथि को उन्होंने न ही अपना पक्ष रखा और न ही बकाया राशि जमा किया गया।

अतः आदेश दिया जाता है कि निम्नलिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर (कॉलम 7) जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा उनके विरूद्ध राशि वसूली की धारा–"38" के तहत नियमानुसार वारंट निर्गत कर राशि वसूली की जायेगी। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बकायेदारों की होगी।

| क्र.स. | नाम | वाद संख्या | राशि | बैंक | पूर्व में निर्धारित तिथि | अगली निर्धारित तिथि समय–11:30 पूर्वाहन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रूपेश कुमार सिंह, पिता–लक्ष्मी नारायण सिंह | 256/18–19 | 3,71,104/– | बैंक ऑफ इंडिया, चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 2 | मो0 दानिश, पिता– मंजूर हसन | 31/19–20 | 6,71,729/– | बैंक ऑफ इंडिया, चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 3 | विद्या सागर आर्य, पिता– बाढ़ो साव | 290/17–18 | 5,83,815/– | बैंक ऑफ इंडिया, चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 4 | कुलाण कुमार सिंह, पिता– त्रिभुवन सिंह | 342/17–18 | 12,10,940/– | कैनरा बैंक चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 5 | प्रभु कुमार, पिता– अर्जुन साव | 25/19–20 | 4,59,924/– | कैनरा बैंक चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 6 | श्रीमति नीतु कुमारी, पति–अमोद कुमार भगत | 242/19–20 | 20,02,270/– | कैनरा बैंक चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 7 | चतुगुन साव, पिता– कुली साव | 264/18–19 | 3,87,676/– | सेन्ट्रल बैंक, चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 8 | रितेश कुमार, पिता–शैलेन्द कुमार दुबे | 266/18–19 | 4,27,888/– | बैंक ऑफ इंडिया, चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 9 | राहुल कुमार, पिता– बाल किशुन साहू | 35/19–20 | 55,360/– | सेन्ट्रल बैंक, चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 10 | महफूज आलम, पिता– मो0 युनुस | 245/19–20 | 3,91,270/– | कैनरा बैंक चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 11 | मो0 मासूम, पिता– अब्दुल समद | 243/1920 | 8,94,290/– | कैनरा बैंक चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 12 | अभिषेक कुमार, पिता– अशोक सिंह | 38/19–20 | 1,17,548/– | सेन्ट्रल बैंक, चतरा | 05–12–2023 | 05–02–2024 |
| 13 | कैलाश गंझू, पिता– मुहिल गंझू | 191/19–20 | 6,52,525/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 14 | राम प्रवेश गुप्ता, पिता– महावीर गुप्ता | 274/19–20 | 6,34,032/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 15 | प्रमोद सिंह, पिता– विक्रम सिंह | 286/19–20 | 6,19,441/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 16 | आनन्द कुमार, पिता– किशुन महतो | 183/19–20 | 3,44,699/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 17 | अमित कुमार, पिता– रामस्वरूप रजक | 11/18–19 | 6,16,185/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 18 | मो हसीब, पिता– रेयाग | 2023/23–24 | 6,28,460/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 19 | रंजीत कुमार, पिता– भगवान प्रसाद | 2018/23–24 | 5,37,265/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 20 | यश प्रकार, पिता– जय प्रकाश सिंह | 2019/23–24 | 5,14,246/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 21 | रामचन्द साव, पिता– गुलटन साव | 2020/23–24 | 5,71,551/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 22 | विजय प्रसाद | 2021/23–24 | 5,68,466/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 23 | मो0 तौसीफ, पिता– मो0 अख्तर | 2022/23–24 | 6,73,603/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 24 | सचिन्द्र कुमार शर्मा, पिता– पुरामन शर्मा | 256/17–18 | 8,76,937/– | बैंक ऑफ इंडिया सिमरिया | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 25 | राम अवतार साव, पिता– गिरधारी साव | 187/19–20 | 53,03,362/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 26 | दशरथ साव, पिता– निर्मल साव | 188/19–20 | 4,01,954/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 27 | चैता कुमार राणा, पिता– दिलेश्वर राणा | 190/19–20 | 3,85,252/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 28 | राजो साव, पिता– कामेश्वर साव | 192/19–20 | 5,31,843/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 29 | द्रोपती देवी, पिता– नथु प्रसाद साव | 10/18–19 | 7,98,797/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 30 | सुनील साव, पिता– कामेश्वर साव | 04/18–19 | 5,31,843/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 07–12–2023 | 08–02–2024 |
| 31 | सिन्धु कुमार सिंह, पिता– शैलेन्द्र सिंह | 170/19–20 | 3,65,009/– | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 32 | बब्लु कुमार पासवन, पिता– बैधनाथ राम | 199/19–20 | 7,66,578/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 33 | सुखदेव साव स्व0 जीवन साहु | 198/19–20 | 7,51,309/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 34 | सुनील कुमार घासी, पिता– निर्मल घासी | 195/19–20 | 3,86,039/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 35 | सुरेश कुमार साव, अर्जुन साव | 03/18–19 | 6,38,067/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 36 | उपेन्द्र कुमार यादव, पिता– बालेश्वर यादव | 01/18–19 | 7,61,224/– | बैंक ऑफ इंडिया टंडवा | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 37 | रंजन कुमार सिंह, पिता– महादेव सिंह | 249/19–20 | 7,19,406/– | बैंक ऑफ इंडिया हंटरगंज | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 38 | भुनेश्वर सिंह, प्रो0– माँ कोलेश्वरी ट्रेडर्स | 281/18–19 | 9,33,384/– | बैंक ऑफ इंडिया हंटरगंज | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 39 | रोहित कुमार, पिता– अशोक कुमार सिंह | 226/18–19 | 9,44,322/– | बैंक ऑफ इंडिया गोसाईडीह | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 40 | राजेन्द सिंह यादव, पिता– केश्वर सिंह यादव | 260/19–20 | 3,19,006/– | बैंक ऑफ इंडिया हंटरगंज | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 41 | श्रीकांत नारायण, पिता–लक्ष्मीनारायणस्वर्णकार | 111/18–19 | 5,06,464/– | बैंक ऑफ इंडिया हंटरगंज | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 42 | प्रमोद दास, पिता– बाबू लाल दास | 120/17–18 | 6,31,656/– | बैंक ऑफ इंडिया हंटरगंज | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 43 | आलोक कुमार सिंह, पिता– माधो सिंह | 372/17–18 | 9,46,425/– | बैंक ऑफ इंडिया गोसाईडीह | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 44 | चिंता देवी, पति– सतेन्द्र पासवान | 377/17–18 | 9,46,689/– | बैंक ऑफ इंडिया गोसाईडीह | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 45 | प्रवीण कुमार सिंह, पिता– गोखुलेश्वर सिंह | 54/19–20 | 3,84,587/– | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी | 08–12–2023 | 15–02–2024 |
| 46 | बिशुनदेव यादव, पिता– धनश्याम महतो | 210/19–20 | 5,50,353/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी | 08–12–2023 | 15–02–2024 |

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
चतरा।

PR 316638 (District) 23-24 (D)


# झारखंड में चार लोस सीटों से चुनाव लड़ने को लेकर राजद ने ठोका दावा




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद राज्य कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में पांच प्रस्ताव लाए गए। इसे पारित करते हुए निर्णय लिया गया कि सभी प्रस्तावित प्रस्ताव को पार्टी के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के पास रखा जाएगा। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि राजद झारखंड में चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसमें पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा सीट शामिल है। प्रदेश राजद की ओर से इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। पार्टी प्रमुख के आदेश मिलते ही चुनावी मैदान में उतरने का एलान कर दिया जाएगा। बैठक में झारखंड सरकार में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी मौजूद थे।

झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल सामाजिक न्याय की पार्टी है। लालू प्रसाद यादव के नीति और सिद्धांत की पार्टी है। भाजपा सामाजिक न्याय की धारा एवं भारतीय संविधान के ढांचे को तोड़ना चाहती है। देश में जातीय उन्माद फैलाकर धर्म की राजनीति करना चाहती है। जिसका राष्ट्रीय जनता दल कठोरता से विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक शक्तियों को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश में कमर कस चुका है। आपस में सभी मिलजुल कर संगठन को आगे बढ़ाएंगे।

राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार के आधार पर झारखंड में भी जातीय जनगणना होनी चाहिए। जनगणना के आधार पर ही राज्य में पिछड़ों के आरक्षण पर काम करना चाहिए। झारखंड में राजद के मानने और चाहने वाले लोग लाखों की संख्या में है। इसे चिन्हित कर मजबूती के साथ लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे।

राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में बीएलए एक माह के अंदर बना कर पार्टी कार्यालय को दें। विधानसभा स्तर कार्यक्रम करने एवं चुनाव की तैयारी में लग जाए। राष्ट्रीय जनता दल का यहां जन आधार काफी मजबूत है। बीते दिनों यहां हम लोग 14 में से 13 सीटों पर विजय हासिल किया करते थे, और 24 के चुनाव में वही पुराने राष्ट्रीय जनता दल की याद को ताजा करना है और पूरी मजबूती के साथ लोकसभा और विधानसभा की सीटों पर कब्जा करना है। बैठक के उपरांत मिलन समारोह हुआ जिसमें सैकड़ों नेताओं ने गौतम सागर राणा के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### पांच प्रस्ताव पारित

इधर बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुए मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि बैठक में पांच प्रस्ताव पारित किये गए। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल चार लोकसभा सीट पलामू, चतरा, कोडरमा और गोड्डा से लड़ने की बात कही गयी है। वहीं झारखंड प्रदेश एवं पूरे देश में जातीय जनगणना एवं आर्थिक सर्वे केंद्र और राज्य सरकार से कराए जाने की बात कही गयी है। झारखंड में पार्टी को सदस्यता अभियान चलता रहेगा। सभी विधानसभा में बूथ स्तर पर बी.एल. ए. नियुक्त किए जाएंगे। वहीं झारखंड में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए संभावित सीटों पर पार्टी का सघन कार्यक्रम करने की बात कही गयी है।

## खबर एक नजर में

### लैंड स्कैम : चेशायर होम रोड स्थित जमीन मामले में ईडी का जवाब दाखिल

**रांची।** बरियातू स्थित चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की ओर से दायर जमानत याचिका पर अब झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई 2 फरवरी को होगी। मामले में बीते 19 जनवरी को ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। दरअसल, चेशायर होम जमीन गड़बड़ी मामले मे ईडी ने ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया है। इस मामले में पूर्व डीसी छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ ईडी ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। बता दें कि, ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल 2023 को छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। जिसके बाद 14 अप्रैल 2023 को ईडी ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था, बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

### हाईकोर्ट में जमीन कारोबारी अफसर अली की जमानत याचिका पर ईडी ने दाखिल किया जवाब

**सुनवाई 2 फरवरी को**

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से शुक्रवार को जवाब दाखिल किया गया। मामले की अगली सुनवाई 2 फरवरी को होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट मामले की सुनवाई कर रही है। कोर्ट में बताया गया कि 14 अप्रैल 2023 से वह न्यायिक हिरासत में जेल में है, इसे देखते हुए उन्हें जमानत प्रदान की जाए। दरअसल, ईडी कोर्ट ने अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई है।

### सरायकेला-खरसावां के डीएसई ने हाईकोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी, खत्म हुई अवमानना याचिका

**रांची।** प्रार्थी श्यामली मंडल को उसके शिक्षक पति की मृत्यु के बाद ग्रेच्युटी, एरियर आफ पेंशन, फैमिली पेंशन आदि सुविधा भुगतान नहीं किए जाने से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक सरायकेला–खरसावां कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगते हुए बताया गया कि आदेश का अनुपालन कर लिया गया है। इसके बाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने अवमानना याचिका को समाप्त कर दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमरेंद्र प्रधान ने पैरवी की। दरअसल, स्वप्न मंडल साइंस शिक्षक के रूप में 23 दिसंबर 1976 को ज्वाइन किए थे। वे अपग्रेडेड हाई स्कूल, कपाली में अप्रैल 2011 में इंचार्ज हेड मास्टर के पद पर कार्य कर रहे थे। उसी दौरान उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी श्यामली मंडल को रिटायरल बेनिफिट नहीं मिल पाया था, जिसे लेकर उन्होंने हाईकोर्ट की एकल पीठ में याचिका दाखिल की थी। एकल पीठ ने 17 जून 2020 को आदेश जारी कर प्रार्थी को रिटायरल बेनिफिट देने का आदेश सरकार को दिया था। लेकिन आदेश का अनुपालन नहीं होने पर प्रार्थी श्यामली मंडल की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गयी।

# बेहतर काम करने वाले 24 मुखिया को खाद्य आयोग ने किया सम्मानित




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य खाद्य आयोग, झारखंड ने शनिवार को अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले 24 मुखिया को सम्मानित किया। सम्मान खाद्य सुरक्षा अधिनियम के क्रियान्वयन और निगरानी में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को दिया गया। सभी जिलों से पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर चुने गये मुखिया को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि आयोग की ओर से मुखिया को पहली बार सम्मानित किया गया है।

बता दें कि आज जैप वन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। चयनित मुखिया का सम्मान महतो के हाथों दिया गया।

**इन्हें मिला सम्मान :** व्हाट्सएप से समस्या का निदान करने वाले अफसरों को भी सम्मान मिला। वहीं प्रथम स्थान पाने वाले देवघर के अपर समाहर्ता सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी चंद्रभूषण सिंह, द्वितीय स्थान पर रहे सरायकेला-खरसावां के अपर समाहर्ता सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी सुबोध कुमार और तृतीय स्थान पर रहे लातेहार के समाहर्ता सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप सम्मानित हुए।

**प्राप्त शिकायत का निदान करने वाले इन अफसरों को मिला सम्मान :** प्रथम स्थान पंकज कुमार सिंह, अपर समाहर्ता सह जिला शिकायत निवारण अधिकारी गढ़वा, द्वितीय स्थान संतोष कुमार सिंह अपर समाहर्ता सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी प. सिंहभूम और तृतीय स्थान पर रहे सुबोध कुमार, अपर समाहर्ता सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी सरायकेला खरसांवा।

# अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए झारखंड से दो फरवरी से चलेगी स्पेशल ट्रेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दशकों बाद भगवान राम की जन्मभूमि पर मंदिर का सपना पूरा होने जा रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इस भव्य समारोह में शामिल होने के लिए विशिष्ट लोगों को निमंत्रण भी भेजा गया है। रामभक्त, रामलला के दर्शन को बेताब हैं। ट्रेनों में सीटें बहुत पहले ही फुल हो गई हैं। चूंकि, देश की एक बड़ी आबादी भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए आतुर है इसी के मद्देनजर रेलवे सभी राज्यों से अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने जा रही है। देशभर से करीब 500 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसमें कुछ ट्रेनें झारखंड से भी चलेगी। झारखंड से टाटा-अयोध्या वाया रांची-राउरकेला-वाराणसी स्पेशल ट्रेन चलेगी।

### क्या होगी ट्रेन की टाइमिंग और क्या होगा रूट



दक्षिण–पूर्व रेल मुख्यालय ने रेलवे बोर्ड को स्वीकृति के लिए समय सारिणी भेज दी है। समय सारणी के मुताबिक, ट्रेन दो फरवरी को टाटा से दोपहर 2.50 बजे रवाना होगी। चक्रधरपुर से दोपहर 3.50 बजे, राउरकेला से शाम 5.45 बजे, हटिया से रात 9.20 बजे, रांची से रात 9.50 बजे, मुरी से रात 11.00 बजे, बोकारो से रात 12.20 बजे, गोमो से रात 1.18 बजे, कोडरमा से रात 2.20 बजे, गया से सुबह 4.00 बजे, डेहरी ओन सोन से सुबह 5.10 बजे, सासाराम से सुबह 5.30 बजे, दिनदयाल उपाध्याय से सुबह 7.10 बजे और वाराणसी से सुबह 8.10 बजे खुलकर दोपहर 12.00 बजे अयोध्या पहुंचेगी।

**अयोध्या से लौटने का समय** : वहीं, चार फरवरी को अयोध्या से ट्रेन रात 8.35 बजे रवाना होगी। यह वाराणसी से रात 2.15 बजे, दिनदयाल उपाध्याय से सुबह 3.20 बजे, सासाराम से सुबह 4.35 बजे, डेहरी ओन सोन से सुबह 4.55 बजे, गया से सुबह 6.50 बजे, कोडरमा से सुबह 8.05 बजे, गोमा से सुबह 9.50 बजे, बोकारो से सुबह 10.50 बजे, मुरी से दोपहर 12.15 बजे, रांची से दोपहर 1.45 बजे, हटिया से दोपहर 2.05 बजे, राउरकेला से शाम 6.00 बजे और चक्रधरपुर से शाम 7.30 बजे खुलकर रात 8.30 बजे टाटा पहुंचेगी।

### बोकारो होकर गुजरेंगी कई स्पेशल ट्रेनें

#### 29 जनवरी से स्पेशल ट्रेन बोकारो होकर गुजरने की चर्चा

22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण–प्रतिष्ठा होनी है। इसको लेकर 29 जनवरी से स्पेशल ट्रेन बोकारो होकर गुजरने की चर्चा है। इनमें 29 जनवरी को व 19 फरवरी को टाटा से दर्शन नगर रेलवे स्टेशन के लिए स्पेशल ट्रेन खुलेगी, जो देर रात करीब 12.15 बजे बोकारो पहुंचेगी। 31 व 21 को दर्शन नगर से वापसी के लिए खुलेगी। बोकारो रेलवे स्टेशन से पांच व 26 फरवरी व दर्शन नगर के लिए अपराह्न 15.15 बजे खुलेगी। सात व 29 फरवरी को दर्शन नगर से खुलकर अगले दिन शाम करीब साढ़े सात बजे बोकारो पहुंचेगी। इसके अलावा दो फरवरी को टाटा से अयोध्या के लिए रवाना होगी, जो देर रात करीब सवा दो बजे बोकारो पहुंचेगी। रांची से दर्शन नगर के लिए 12 फरवरी को स्पेशल ट्रेन खुलेगी, जो अपराह्न करीब तीन बजे बोकारो होकर गुजरेगी। इसके अलावा पांच व 16 फरवरी को हावड़ा व बालासोर से अयोध्या के लिए ट्रेन खुलेगी जो देर रात करीब तीन बजे भोजूडीह स्टेशन होकर गुजरेगी। हालांकि, बोकारो से गुजरने वाले इन ट्रेनों का नंबर अभी भी स्पष्ट नहीं है। आद्रा मंडल के वाणिज्य प्रबंधक विकास कुमार के मुताबिक, कोट आधिकारिक रूप से अभी तक सूचना नहीं मिली है। दक्षिण पूर्व मुख्यालय द्वारा इन ट्रेनों की घोषणा समय पर की जायेगी।

सुप्रभात
रांची, रविवार
21.01.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, एकादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 189 | 06 राम राज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भये मिटे सब शोका।।

## सात घंटे तक इडी ने सीएम से की पूछताछ, बाहर डटे रहे कार्यकर्ता
# झारखंडी कभी डरता नहीं, लड़ता है : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में सीएम आवास में शनिवार को इडी अधिकारियों ने करीब सात घंटे तक लंबी पूछताछ की। अभूतपूर्व सुरक्षा में दोपहर एक बजे इडी अधिकारी सीएम आवास पहुंचे। देर शाम करीब 8:27 बजे सीएम से पूछताछ के बाद वे बाहर निकले। पूछताछ के दौरान बाहर पार्टी कार्यकर्ता भी डटे रहे। जानकारी के अनुसार सिलसिलेवार ढंग से तकरीबन 300 सवाल पूछे गये। इडी अधिकारियों के सीएम आवास से निकलने के दौरान भी वहां खूब गहमागहमी रही। पूछताछ खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीएम आवास से बाहर निकलकर कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने जय झारखंड और हेमंत सोरेन के जिंदाबाद के नारों के साथ उनका स्वागत किया। पूरे दिन मुख्यमंत्री आवास के बाहर जुटे कार्यकर्ताओं और नेताओं में सीएम को देखते हुए उत्साह पैदा हुआ। सीएम ने बाहर निकलकर कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। ब्लू जैकेट पहने मुख्यमंत्री काफी आत्मविश्वास से लबरेज दिख रहे थे। श्री सोरेन ने कार्यकर्ताओं से कहा, मेरे खिलाफ जाल बिछाया गया है लेकिन याद रखें, झारखंडी कभी डरता नहीं है। मैं कार्यकर्ताओं का समर्थन देख अभिभूत हूं और उनके साथ खड़ा हूं। (शेष पेज 11 पर)



### इडी की टीम एक बजे पहुंची 8.27 बजे आवास से निकली

मुख्यमंत्री से इडी ने दोपहर 1 बजे से लेकर देर शाम 8:27 बजे तक पूछताछ की। मुख्यमंत्री आवास में दोपहर एक बजे प्रवेश करने वाले इडी के अधिकारी देर शाम तकरीबन 8:27 बजे बाहर निकले। बताया जाता है कि सीएम से सिलसिलेवार ढंग से तकरीबन 300 सवाल पूछे गये। इडी के अधिकारियों को पुलिस और सीआइएसएफ जवानों की कड़ी सुरक्षा के बीच वापस रांची स्थित जोनल कार्यालय ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक दोपहर को इडी के अधिकारी 50 सवालों की लिस्ट लेकर पहुंचे थे। बाद में दोपहर करीब तीन बजे इडी ऑफिस का कर्मी 500 पेज की फाइल और दस्तावेज लेकर फिर सीएम आवास पहुंचे। अंदर सीएम से पूछताछ हो रही थी वहीं बाहर झामुमो कार्यकर्ता सीएम आवास के दोनों छोर पर बैरिकेडिंग के बाहर शांतिपूर्ण डटे रहे।

### और जब रोने लगे डॉ इरफान




शनिवार को सीएम आवास में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी सीएम हेमंत सोरेन से लिपटकर रोते नजर आये। वह काफी भावुक हो गये थे। सीएम ने उन्हें सांत्वा दी और चुप कराया। हेमंत सोरेन के गले लगकर रोते इरफान अंसारी का वीडियो भी तेजी से वायरल हो गया।

### षड्यंत्रकारियों को कुतर कुतर कर आगे बढ़ेंगे : सीएम

मुख्यमंत्री के अपने आवास से बाहर आते ही कार्यकर्ता हेमंत सोरेन जिंदाबाद का नारा लगाते रहे। जय झारखंड, झामुमो जिंदाबाद का नारा लगाकर उनका उत्साह बढ़ाया। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा, आप लोग डट कर अपना हौसला बुलंद रखें। हमने झारखंड लड़कर लिया है। झारखंड को षड्यंत्रकारी के हाथ में नहीं कभी नहीं जाने दें। इन षड्यंत्रकारियों को भी कुतर कुतरकर हम आगे बढ़ेंगे। अब समय आ चुका है कि इनके ताबूत पर हमलोग आखिरी कील ठोकेंगे। सीएम ने कहा, यदि गोली चली तो पहले नेता सामने होगा इसके बाद ही कार्यकर्ताओं पर आंच आयेगी। इडी पूछताछ को ले कर सुबह से ही राज्य के अलग-अलग जिलों से झामुमो कार्यकर्ता रांची में आकर डटे थे।

### कड़ी सुरक्षा के बीच निकले अधिकारी

सीएम से पूछताछ करने कड़ी सुरक्षा के बीच इडी के अधिकारी आवास पर पहुंचे थे। दोपहर तीन बजे सीआरपीएफ के जवान 8 गाड़ियों में सवार होकर मुख्यमंत्री आवास पहुंचे तो कयासों का दौर शुरू हो गया। हालांकि शाम 5 बजे जवान वापस लौट गये। इसके बाद सीएम आवास के 500 मीटर की परिधि में धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लगा दी गयी।



## न्यूज डायरी

### लोहरदगा में सड़क हादसा दो युवकों की मौत, एक घायल

**लोहरदगा।** कंडरा से कोराम्बे पथ के जंगल में हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। एक युवक गंभीर रूप से घायल है। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा से कोराम्बे जाने वाले पथ में कोयल नदी के समीप अनियंत्रित हो बाइक पेड़ से टकरा गयी थी। तीन युवक घायल हो गये थे। इनमें से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों के नाम सुनेशर उरांव तथा रविन्द्र उरांव बताया जा रहा है। वहीं शशि उरांव घायल है।

### झारखंड में अगले चार दिनों तक छाये रहेंगे बादल

**रांची।** झारखंड में घना कोहरा कम होते ही तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार, सुबह में कोहरे के बाद में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। वहीं मौसम शुष्क रहने की संभावना है। रविवार को राज्य के 17 जिलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से घने कोहरे की संभावना है। राज्य में अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद ठंड से राहत मिलने के आसार हैं।

### फिरोजपुर में पाक ने ड्रोन से गिराये हथियार, बरामद

**जालंधर।** पंजाब के फिरोजपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने सीमा पार से आतंक फैलाने वालों के नापाक मंसूबों को विफल कर दिया। पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि फिरोजपुर में गिराये हथियार और गोला बारूद बरामद कर लिया। बीएसएफ जवानों को एक खेत में एक बड़ा पैकेट मिला जिसमें हथियार और कुछ कैश था।

### फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 7.74 लाख रुपये ठगे

**दुमका।** श्रीलेदर की फ्रैंचाईजी देने के नाम पर ओड़िशा की रहने वाली एक महिला ने शिकारीपाड़ा के व्यवसायी राम नारायण भगत के बेटे से 7.74 लाख रुपये ठग लिये। सारा पैसा दिसंबर 22 से फरवरी 23 के बीच महिला के खाते में भेजा गया। व्यवसायी के बेटे को कंपनी की फ्रैंचाईजी नहीं मिली। न्यायालय के आदेश पर नगर थाना की पुलिस ने सुनीता महालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### म्यांमार से लगी सीमा की होगी बाड़ेबंदी : शाह

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सरकार म्यांमा सीमा पर लोगों की मुक्त आवाजाही को बंद करेगी और बांग्लादेश से लगी सीमा की तरह इसकी सुरक्षा करेगी। सीमा की बाड़ेबंदी होगी।

### अमेरिका में भी गूंज रहे हैं जय श्रीराम के नारे

नयी दिल्ली। अमेरिका स्थत सैकड़ों मंदिर अगले सप्ताह अयोध्या के राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने की तैयारियों में जुट गये हैं। हजारों की संख्या में भारतीय अमेरिकियों के इस सप्ताह से शुरू होने वाले कई कार्यक्रमों में भाग लेने की संभावना है। अमेरिका के हिंदू विश्वविद्यालय के अध्यक्ष कल्याण विश्वनाथन नें कहा, "अयोध्या विनाश और उपेक्षा से पुनः उभर रहा है, जो सनातन धर्म की शाश्वत प्रकृति का प्रतीक है।

# सीएम कल 2500 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र
## स्थानीय को निजी क्षेत्र में रोजगार देने की ओर बढ़ी सरकार

### रांची के कुल्ही गांव की बदल रही है तस्वीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नियोजन सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। इस कड़ी को और मजबूत करने के लिए सीएम हेमन्त सोरेन सोमवार को 2500 युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर सौपेंगे। खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में कौशल प्राप्त युवाओं को अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट टेक्सटाइल कंपनियों के लिए ऑफर लेटर सौंपा जायेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमंडल स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कर करीब 56 हजार युवाओं को निजी क्षेत्र में ऑफर लेटर प्रदान किया जा चुका है।

**बेटियों और श्रमिकों को भी मिला रोजगार :** इन उद्योगों में विभिन्न राज्यों में कार्य करने गयी झारखण्ड की बेटियों को भी रोजगार से आच्छादित किया गया है। नियोजित बेटियां कोरोना संक्रमण काल में वापस लाई गईं थीं या विभिन्न राज्यों में कार्य के दौरान उन्हें बंधक बना कर कार्य लिया जा रहा था। ऐसी सभी बेटियों को मुख्यमंत्री के निर्देश पर वापस झारखण्ड लाकर नियोजित किया गया है। उत्तराखंड के नवनिर्मित टनल हादसे से सुरक्षित रेस्क्यू किए गए कुछ श्रमिकों को भी कुल्ही स्थित प्लांट्स में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।



### विदेशों में हो रहा वस्त्रों का एक्सपोर्ट

कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित वस्त्र उद्योग में यहां के हुनरमंद युवाओं और विश्व स्तरीय मशीनों से विश्व विख्यात ब्रांड्स के कपड़े बनाए जा रहे हैं। रांची से पूरे देश एवं यूके, अमेरिका, जर्मनी समेत कई देशों में यहां के बने कपड़ों को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। रांची से ही ब्रांडेड जिंस, पैंट, शर्ट, बच्चों के कपड़े, लेडिज वेयर, वुलेन वेयर, अंडर गार्मेंट्स आदि की डिमांड देश-विदेश में है। झारखण्ड में टेक्सटाइल इंडस्ट्री यहां की बेहतरीन नई टेक्सटाइल पॉलिसी और राज्य सरकार से मिल रहे समर्थन की वजह से काफी ग्रो करेगी, जिससे आने वाले कुछ वर्षों में कुल्ही की फैक्ट्रियों की क्षमता एक लाख लोगों को रोजगार देने की होगी।

### कुल्ही गांव की बदली तस्वीर

सीएम के प्रयासों से दिसंबर 2021 में रांची के ओरमांझी स्थित कुल्ही इंडस्ट्रियल एरिया में कई टेक्सटाइल प्लांट्स का शुभारंभ किया गया था। महज तीन वर्ष में 10 हजार से अधिक युवाओं को रांची में रोजगार मिला है। यहां स्थित कपड़े की फैक्ट्रियां न सिर्फ लोगों को रोजगार दे रही हैं, बल्कि उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। यहां 90 प्रतिशत महिलाएं कांम कर रही हैं। ये सभी युवा कुल्ही स्थित अरविंद टेक्सटाइल, किशोर एक्सपोर्ट, श्री गणपति क्रिएशन, अर्बन डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, मैट्रिक्स क्लोथिंग, वेलेंसिया अपैरल्स एवं ओरिएंट क्राफ्ट की अत्याधुनिक कपड़े की यूनिट्स में काम कर अपना जीवन यापन कर रहें हैं। जिस कुल्ही गांव में सड़क नहीं थी वहां की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल दी है।

### नीतीश कुमार ने अपने शिक्षा मंत्री को हटाया

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजद कोटे के कई मंत्रियों के विभाग बदल दिये हैं। फेरबदल की अधिसूचना के मुताबिक शिक्षा मंत्री के पद से प्रो चंद्रशेखर को हटा दिया गया है। उन्हें गन्ना उद्योग विभाग का मंत्री बना दिया गया है। इसके साथ ही अब नये शिक्षा मंत्री की जिम्मेदारी आलोक कुमार मेहता को दी गयी है। उनसे राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की जिम्मेदारी हटा ली गयी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के नये मंत्री ललित कुमार यादव बनाए गये हैं। इस फेरबदल की राज्य के सियासी गलियारों में चर्चा शुरू हो गयी है। पिछले कुछ दिनों से शिक्षा मंत्री धार्मिक मुद्दों पर अपने दिए बयानों को लेकर चर्चा में बने हुए थे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के साथ भी उनके विवाद की खबरें आ रही थीं। इसे लेकर केके पाठक की नाराजगी और छुट्टी पर भी चले जाने की बातें सामने आयी थीं।

### नीतीश ने वशिष्ठ नारायण को बनाया उपाध्यक्ष


**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी नयी टीम की घोषणा कर दी है। वशिष्ठ नारायण सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। वहीं पूर्व सांसद केसी त्यागी को सलाहकार के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता भी बनाया गया है। सांसद आलोक सुमन कोषाध्यक्ष बनाये गये हैं। राजीव रंजन को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया हैं। वहीं 11 महासचिव बनाये गये हैं।

## झारखंड, छग में नक्सल उन्मूलन में केंद्रीय बलों की बड़ी भूमिका
# तीन साल में देश नक्सली समस्या से मुक्त होगा : शाह

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि देश अगले तीन साल में नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जायेगा। शाह ने यहां सलोनीबारी में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक एसएसबी संस्कृति, इतिहास, भौगोलिक स्थिति और भाषा को बारीकी से एकीकृत करने" और सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के करीब लाने में एक अद्वितीय भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि सीमाओं की रक्षा के अलावा एसएसबी के साथ ही अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) ने झारखंड और छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी रूप से अपना कर्तव्य निभाया है।

उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में अगले तीन साल में देश नक्सली समस्या से 100 फीसदी मुक्त हो जायेगा। गृह मंत्री ने एसएसबी के छह कर्मियों के साथ तीन बटालियन को उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए पुरस्कार दिये और इस मौके पर एक डाक टिकट भी जारी की।



### 500 साल बाद भगवान राम घर लौटे

अयोध्या में जारी रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भगवान राम 550 साल के बुरे दौर बाद घर लौटेंगे। यह भारत के लिए गर्व की बात है। असम में शनिवार को एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का पूर्वोत्तर में शांति और विकास लाने का अभियान सफल रहा है।

### हिंसा से मुक्त हुआ बोडोलैंड

श्री शाह ने कहा, जब मैं गृह मंत्री बना, तो बोडो आंदोलन चल रहा था और मैंने पूर्वोत्तर के सबसे बड़े समुदायों में से एक की समस्याओं और मांगों को समझने का प्रयास किया। पीएम मोदी ने भी इसे नये नजरिये से देखा और समस्या का समाधान किया। आज बोडोलैंड बम विस्फोटों, गोलीबारी और हिंसा से मुक्त हो गया है। शाह ने कहा कि पिछले तीन साल के दौरान बोडोलैंड में हिंसा की कोई घटना नहीं हुई है और यह विकास के रास्ते पर चलकर एक नई कहानी लिख रहा है। इसके बाद अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल कॉम्प्लेक्स पहुंचे जहां उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और फिर गुवाहाटी में असम पुलिस कमांडो के पहले बैच की पासिंग आउट परेड को संबोधित किया। इस दौरान गृहमंत्री ने दावा किया कि असम की पुलिस ने सबसे ज्यादा चुनौतियों का सामने किया है। असम पुलिस का सभी चुनौतियों से जूझने का और जीतने का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा, आज असम पुलिस के बेड़े में 2551 नये युवा शामिल होंगे। मुझे विश्वास है कि यह युवा असम पुलिस को नयी ऊर्जा और ताकत देंगे।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व ही रोशनी से जगमगा रही रामनगरी
# अभेद्य सुरक्षा, राम मंदिर एनएसजी-एसपीजी कमांडो के घेरे में




### प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान जारी भगवान राम -माता जानकी की कुलदेवी आमंत्रित

**एजेंसी**

**अयोध्या।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अयोध्या का राम मंदिर रोशनी से जगमगा उठा। पीएम मोदी मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में हिस्सा लेंगे। मुख्य समारोह में अब मात्र दो दिन शेष बचे हैं। इससे पहले पूरे रामधाम को अभेद्य बनाने की कवायद अंतिम चरण में है। सुरक्षा कर्मियों के साथ एनएसजी और एसपीजी ने कमान संभाल ली है। यूपी के सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां 15 फरवरी तक कैंसिल कर दी गयी हैं। सभी अस्पतालों में भी अलर्ट जारी किया गया है। 22 को प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामलला की मूर्ति की पहली तस्वीर भी सामने आ चुकी है। श्यामल रंग की इस मूर्ति के चेहरे पर पीले रंग का कपड़ा बंधा है। मूर्ति गर्भगृह में स्थापित कर दी गयी है। (शेष पेज 11 पर)




### सुरक्षा का हाईटेक प्रबंध

अयोध्या में रामभक्तों की सुरक्षा के लिए हाई टेक गैजेट्स का किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के दिन हजारों की संख्या में यहां लोग पहुंचेंगे। 100 से ज्यादा चार्टर्ड फ्लाइट्स का अयोध्या में लैंड होने का अनुमान है। सुरक्षा में एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए मंदिर की सुरक्षा की जाएगी और यदि कोई अनऑथोराइज्ड ड्रोन या फ्लाइंग दिखती है तो इसे रेडियो फ्रीक्वेंसी की मदद से मौके पर ही ध्वस्त किया जायेगा। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। बोलाड्र्स का प्रयोग भी किया जा रहा है। बोलाड्र्स किसी भी बिल्डिंग को बड़ी गाड़ियों के अटैक से बचाते हैं। कार्यक्रम के स्मूथ वर्किंग के लिए अयोध्या के आस-पास 20 जगह इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## मोदी ने रामेश्वरम में की पूजा अग्नि तीर्थ में लगायी डुबकी

**रामेश्वरम(एजेंसी)।** पीएम मोदी ने शनिवार को अग्नि तीर्थ' तट पर स्नान करने के बाद यहां भगवान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की। रुद्राक्ष-माला पहने नजर आये प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के प्राचीन शिव मंदिर रामनाथस्वामी में पूजा की। पुजारियों ने मोदी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मोदी ने मंदिर में हुए भजनों में भी हिस्सा लिया। तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम द्वीप में स्थित शिव मंदिर का संबंध रामायण से भी जुड़ा है। ऐसा कहा जाता है कि भगवान राम ने यहां शिवलिंग स्थापित किया था। भगवान राम और सीता देवी ने यहां पूजा की थी। तिरुचिरापल्ली जिले में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा करने के बाद मोदी वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इससे पहले पीएम मोदी ने पारंपरिक तमिल परिधान पहनकर यहां श्री रंगम में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।



(शेष पेज 11 पर)

### तीसरी आंख



स्पीड न्यूज

## एसपी ने की अपराध गोष्ठी, दिये निर्देश



**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन की अध्यक्षता में शुक्रवार को अपराध गोष्ठी आहूत की गयी। अपराध गोष्ठी मे सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती रमेसन ने सभी पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण संबंधी कई दिशा निर्देश दिये। जिसमे वारंट कुर्की का निष्पादन , लंबित कंडो का त्वरित निस्पादन, अवेध कारोबार पर पूर्णत: रोक, तथा आगामी लोक सभा चुनाव संबंधी आवश्यक बिन्दु पर निर्देश दिये गए। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या मे श्री राम मंदीर मे प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर भी निर्देश दिये गए।

## जमुआटांड में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**पाटन पलामू।** सेमरी पंचायत के जमुआ टांड़ पाटन क्रिकेट क्लब के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी व पाटन पश्चिमी के जिला परिषद् जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि युवा खिलाड़ी खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। पहला मैच टुईया बगैया और किसुनपर के बीच खेला गया । मौके पर कमिटी के सदस्य उमाकांत प्रजापति, पंकज पासवान, आशुतोष पाण्डेय, गोविंदा प्रसाद, अमित पासवान, शशि पासवान दीपक पासवान, राहुल अभिषेक छोटू कुमार सुधीर कुमार अनिल सोनी रिकी प्रसाद उपस्थित थे।

## गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**पांडू पलामू।** कड़ाके की ठंढ,में ठिठुराता मौसम ने इन दिनों आमअवाम को अस्तव्यस्त कर दिया है। लोग कड़ाके की ठंढ़ से त्रस्त है ।ईस बिच समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने मददगार साबित हो रहे है। उक्त बातें प्रवीण सिंह, राहुल दुबे,निर्मला सिंह, मीरा सिंह, सुरेश चौधरीआदि ने कही। वक्ताओं ने कहा कि इन दिनों गांव-गांव जाकर हर गरीब के बिच नि:शुल्क कंबल का वितरण कर रहे है। चाहे वो बुजुर्ग हो, जवान हो या बच्चा सबको कंबल दे रहे है। अभिमन्यु सिंह ने कहा हर गरीब की सेवा करना हमारी प्राथमिकता है और सच्ची सेवा भी है। हर गरीब-गुरबा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का हमारा प्रयास जारी रहेगा। मौके पर प्रवीण सिंह, राहुल दुबे,निर्मला सिंह, मीरा सिंह, सुरेश चौधरी के साथ- साथ सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पाटन पुलिस ने शांति व्यवस्था को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**पाटन पलामू।** अयोध्या में 22जनवरी को राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पाटन के सुंठा, लोइंगा, किशुनपुर, पालहे कला ,नवडीहा पाटन इत्यादि क्षेत्रों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में पाटन , किशुनपुर ओपी पुलिस शामिल थी। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने किया। फ्लैग मार्च में पाटन थाना के एसआई रोबीन कुमार, राजकिशोर राम, संतोष सिंह, राकेश कुमार सहीत पुलिस जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च में सुशील कुमार राजेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा पर पांकी में निकलेगी भव्य झांकी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** श्री रामजन्मभूमि अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर भव्य झांकी सह शोभा यात्रा का आयोजन 22 जनवरी दिन सोमवार को किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि 22 जनवरी को प्रातः 8 बजे सभी रामभक्त, धर्मप्रेमी, महावीर मंदिर चौक (जरही, पाँकी) में उपस्थित होंगे। शोभायात्रा एवं झांकी प्रारंभ होकर, पाँकी बस्ती, भगत सिंह चौक, मेन रोड पाँकी से तेतराई, सगालिम होते हुए तरहसी, बेदानी चौक, शाहद मोड़ से रामसागर, कुन्दरी, हरसईन मोड़, नीलाम्बर-पीताम्बर पुर बाजार होते हुए श्री महावीर मंदिर (नीलाम्बर-पीताम्बर पुर थाना चौक) में समाप्त होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाँकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक, डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता, विशिष्ट अतिथि लाल सूरज, सनातनी धर्म रक्षक, राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक अर्जुन पांडे उर्फ गुरु पांडे व समाजसेवी रामदास साहू होंगे। विधायक ने कहा कि सभी रामभक्त गुरुजनों, भाईयों, माताओं एवं बहनों से आग्रह है कि इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य के भागी बनें। विधायक ने कहा कि इसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा, इसका सीधा प्रसारण वृहद एल.ई.डी. स्क्रीन पर दिखाया जाएगा। इस अवसर पर मुम्बई की सुप्रसिद्ध गायिका पायल बनारसी के द्वारा श्री राम भजनों की प्रस्तुति की जाएगी। साथ ही संध्या में काशी विश्वनाथ की दिव्य भूमि बनारस से आए हुए सुप्रसिद्ध गंगा आरती समूह के द्वारा भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया है।

## श्रीराम जी के स्वागत के लिए हम सभी बहनें हैं प्रफुल्लित : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल रिवर फ्रंट के समीप भाजपा महिला जिला अध्यक्ष सिंटू गुप्ता, रेणुका पांडे, कुसुम लता सिंह ,रूप सिंह, मंजू गुप्ता, रूबी सिंह, ममता कुमारी, सीमा तिवारी ,प्रतिमा देवी, सरोज अग्रवाल, पिंकी विश्वकर्मा ,ज्योति अग्रवाल ,उषा देवी, सुनीता देवी, चंद्रावती देवी, नीतू सिंह, तरीका सिंह और उषा मकड़िया के साथ राम जानकी मंदिर एवं चित्रगुप्त मंदिर की सफाई की। मौके पर प्रथम मेयर ने कहा कि 22 जनवरी को श्री रामलला कन-कन में विराज रहे हैं इसलिए पूरे देश में सभी मंदिरों एवं घर घर की सफाई कर भगवान श्री राम के स्वागत की तैयारी हम बहने एवं समस्त हिंदू भाई बहन अपने अपने स्तर से कर रही हैं । यह दिन हम सनातन भाई बहनों के लिए अपने जीवन काल का बहुत बड़ा दिन है । जब हम श्री राम को अपने गर्भगृह में स्थापित होते देखेंगे । इस अवसर पर चेंबर महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा, कंचन गुप्ता, राखी सोनी, ममता सिंहा, संध्या अग्रवाल, प्रियंका आनंद साहू, शीला वर्मा, विशेष रूप से उपस्थित होकर मंदिरों के सफाई में योगदान दी ।



# आपत्तिजनक मैसेज करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसपी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने 22 जनवरी को यूपी के अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर किसी भी प्रकार के धार्मिक भावनाओं को भड़काने, ठेंस पहुंचाने , भ्रामक मैसेज सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करने की अपील की है। पलामू एसपी रीष्मा रमेसन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि इस दिन गलत व भ्रामक मैसेज सोशल मीडिया पर पेस्ट किया गया तो वैसे लोगें पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। एसपी ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाने के लिए ऐसा निर्देश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस का साईबर सेल सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। इसका उल्लंघन करनेवालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। एसपी ने कहा कि पलामू जिला में सामाजिक सौहार्द व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए लोग जिला व पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। एसपी ने कहा कि जिलेवासी किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। साथ ही अफवाह फैलानेवालों की सूचना 100, 112 या 9934465613 नंबर कंट्रोल रूम पर या नजदीकी थाना व ओपी को दें। पुलिस लोगों के सूचना पर तत्काल कार्रवाई करेगी।

## कई ब्लॉक में लो हाईट सबवे निर्माण की स्वीकृति जल्द : सांसद

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लालगढ़-विश्रामपुर प्रखण्ड, पंजरीकला-विश्रामपुर प्रखण्ड, डाली-हैदरनगर प्रखण्ड, बुढ़वापीपर सुआ-डालटनगंज सदर प्रखण्ड, कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखण्ड, बखारी-डालटनगंज सदर, लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड, सोनपुरवा-गढ़वा प्रखण्ड, अहिरपुरवा-नगर उंटारी एवं कुम्भी- मेराल ब्लॉक में लो हाईट सबवे एल०एच०एस०/आर०यू०बी० निर्माण कार्य की रेलवे बोर्ड से जल्द स्वीकृति मिलेगी। उक्त जानकारी पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णुदयाल राम उर्फ बीडीराम ने दी। सांसद के अथक प्रयासों के फलस्वरूप पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू जिला के अंतर्गत इन जगहों पर प्रस्तावित किया गया है।



## लायंस क्लब में 22 को होगा भंडारे का आयोजन : डॉ प्रवीण

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदनीनगर के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा शुभ अवसर पर लायंस क्लब स्थानीय गायत्री मंदिर रोड शिव मंदिर के प्रांगण में दोपहर 2 बजे से भंडारा किया जाएगा । साथ ही अधिक से अधिक लोगों को आने का आग्रह किया है । परियोजना अध्यक्ष लायंस रंजन अग्रवाल ने बताया कि तैयारी पूरी कर ली गई है । क्लब के सदस्य लोग प्रात: में सुंदरकांड का पाठ करेंगे एवं अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत यहां भंडारा का शुभारंभ करेंगे।

# सड़क निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन होगा सुलभ : पुष्पा

## छतरपुर डुमरिया मुख्य पथ के विशेष मरम्मत कार्य का हुआ शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने शनिवार को छतरपुर डुमरिया मुख्य पथ का विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। बताते चले कि छतरपुर से बिहार सीमा के कवीसा नदी तक उक्त सड़क का विशेष मरम्मती कार्य किया जाएगा जो लगभग 23 किलो मीटर का है। उक्त मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि किसी क्षेत्र के विकास का प्रतीक बेहतर सड़क माना जाता है। कहा कि पथ निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन सुलभ होगा। वहीं क्षेत्र में व्यवसाय का अवसर भी बढ़ेगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, भाजपा नेता संतोष कुमार गुप्ता, विक्रम कुमार, जगदीश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के धरहरा मोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर जपला में शनिवार को अखिल भारतीय संस्कृति शिक्षा संस्थान,कुरुक्षेत्र के द्वारा संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने परीक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि आज समय मे इसका उद्देश्य अपनी भारतीय परंपराओं, रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक मूल्यों से बालक और समाज को अवगत कराना है। क्योंकि भारतवर्ष में सांस्कृतिक प्रदूषण फैला हुआ है और हमारा बालक ,हमारे परिवार आज अपनी संस्कृति व परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं। इस परीक्षा में कक्षा चतुर्थ से कक्षा दशम तक कुल 533 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके साथ साथ आचार्यों व अभिभावकों के लिए भी प्रवेशिका, मध्यमा ,उत्तमा और प्रज्ञा परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है ,ताकि समाज में फैली हुई आध्यात्मिक विसंगतियों को दूर किया जा सके और हमें अपनी संस्कृति का ठीक प्रकार से ज्ञान हो सके। मौके पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा विभाग प्रमुख, पलामू संजय सिन्हा ने बताया कि इन परीक्षाओं में 50% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं,अभिभावकों और आचार्यों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। परीक्षा को सफल आयोजन में प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, परीक्षा प्रमुख राजकुमार सिंह,मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार,राजेश्वर सिंह यादव,मनोज सिंह,अभिषेक पाण्डेय, जयनारायण सिंह,उषा कुमारी,चंदन कुमार, प्रचार प्रसार प्रमुख अभिषेक पाठक का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रमुख गायत्री देवी ने हनुमान मंदिर का कराया जीर्णोद्वार

## बजरंग बली की पांच फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर(पलामू)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ पंचायत मे शनिवार को बजरंग बली का मुर्ति अध्यक्ष तुलसी प्रसाद के द्वारा स्थापित किया गया। पूजन को विधि विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य देवेंद्र पाठक, शिव शंकर पाठक, मुकेश मिश्रा के द्वारा किया गया। मौके पर श्रद्धालु ने चैनपुर प्रमुख गायत्री देवी सहित मुखिया रेवंती देवी के नेतृत्व मे सरोजा देवी, रिंकी देवी, अस्मिता देवी, प्रतिमा देवी, अनिता देवी,ललिता देवी, सरिता देवी,रमनी देवी,वृदां कुवंर,ध्रुप कुमार गुप्ता, तुलसी प्रसाद, संतोष कुमार, गुप्ता हिरा, प्रसाद वृज, किशोर प्रसाद,छत्रधारी प्रसाद,कन्हाई प्रसाद,उमेश प्रसाद ने कलश लेकर गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु सलतुआ गांव का भ्रमण करते हुए तहले नदी तक पहुंचे और नदी से जल उठाया और जल लेकर डैनी पहाड़ के पास बजरंग बली मंदिर पर श्रद्धालु पहुंचे।जहां पंडित देवेंद्र पाठक, शिव शंकर पाठक, मुकेश मिश्रा ने मंत्रो उच्चारण के साथ बजरंग बली का मुर्ति को पांच श्रृद्धालु से कलश का जल से स्नान कराकर मुर्ति को स्थापित कराया और सभी श्रृद्धालु आरती किए। मौके पर बजरंग बली कमिटी के अध्यक्ष तुलसी प्रसाद ने कहा कि रविवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद सोमवार को भव्य भंडारा का कार्यक्रम का आयोजन दिन के 2 बजे से चालू किया जाएगा जो रात्रि 7 बजे तक जारी रहेगा। प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि चैनपुर प्रखंड के हिन्दू धर्म वासी अपने धर्म के प्रति जागरूक हो रहा हैं इसी तरह हिंदू भाई मिल जुलकर अपने धर्म के प्रति प्रतिबद्ध रहे तो इसी प्रकार मंदिर का जन संख्या अनुसार जीर्णोद्वार होता रहेगा जिसका सहयोग के लिए हम हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे।

# बकोईया गांव के किसान हाथियों के उत्पात से परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र के सरजा पंचायत के बकोईया गांव में हाथियों के झूंड ने चौथे दिन भी उत्पात मचाया और खेतों में लगे फसल को नष्ट कर दिया जिससे किसान परेशान हैं। वहीं हाथियों के चिंघाड़ से लोग घरों में दूबकने के लिए मजबूर हैं। किसानों ने बताया कि अभी तक चार बार हाथियों का झूंड गांवों में आकर खेतों में लगे गेहूं और सरसों के फसल को खाने के बाद पैरों से रौद डाला है जिसके कारण करीब पांच एकड़ में लगी फसलें नष्ट हो गई है। इधर कुंदरी रेंज के वनरक्षी सह वनपाल प्रमोद कुमार ने बताया कि फसल नष्ट करने की सूचना के उपरांत गांव में जाकर लोगों से फसल मुआवजा के लिए फार्म का वितरण किया गया है । किसानों के द्वारा फसल मुआवजा के आकलन का फॉर्म मिलने के बाद गांव में जाकर रौदे गए फसल का सर्वेक्षण किया जाएगा।साथ ही शनिवार को पटाखे और अन्य हाथी भगाने का सामान दे दिया जाएगा । किसान गोविंद प्रजापति ने बताया कि बीते रविवार, मंगलवार और गुरुवार के बाद शनिवार के रात्रि 12:00 बजे से 3:00 बजे के करीब सुबह तक हाथियों का झूंड खेतों में उत्पात मचाते हुए फसलों को रौद डाले। उन्होंने बताया कि अभी तक करीब 10 बार हाथी इस गांव में आ चुके हैं। हाथियों के आने जाने के कारण हर समय लोगों में भय व्याप्त रहता है। किसान बुलाकी पाल ने बताया कि महंगी खाद- बीज और कड़ी मेहनत करके फसल को उपजाए है,परंतु असमय हाथियों के द्वारा फसल को नष्ट कर देने से हमलोगों के अरमानों पर पानी फिर गया है। मुंशी पाल ने वन विभाग से मुआवजा की मांग किया है।




**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**National Rural Employement Program, Ranchi.**

**Very Short, e-Procurement Notice**

**Tender Refrence No. –** National Rural Employement Program, /RANCHI-38/2023-24 **Date :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Renovation of Administrative Building School Building, Hostel Building & Boundary wall in the campus of Residential Girls School at East Jail Road, Ranchi. |
| | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 54,05,532.00 |
| 2. | Completion period for work | 6 Months |
| 3. | Mode of Submission of tender | Online through, www.jharkhandtendrs.gov.in |
| 4. | Bids online Submission | Start Date 24.01.2024 Time : 11.00 AM |
| | | End Date 31/01/2024 Time : 03.00 PM |
| 5. | Technical Bid Oppening Date | Date 02/02/2024 Time : 05.00 PM |
| | Officer Inviting Bids | Executive Engineer |
| | | National Rural Employement Program, Ranchi. |
| | | Address : Executive Engineer National Rural Employement Program, Ranchi., Vikash Bhawan, Ranchi. |

**Executive Engineer**
**National Rural Employement, Program, Ranchi.,**
PR 316704 NREP(23-24)#D



**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 11/2023-24 दिनांक 29.12.2023, जिसका PR No. 314760 Drinking Water and Sanitation(23-24).D है एवं शुद्धि पत्र जिसका PR No. 315494 Drinking Water and Sanitation(23-24).D जो Restructuring & Augmentation Of South Eastern Part Of Gola Block (Barlanga Village) Rural Piped Water Supply Scheme 2023-24 से संबंधित है, को निम्नलिखित रूप से संशोधित किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | 29.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | 09.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई- गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.01.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | 09.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 29.01.2024 समय 02.00 बजे अपराहन् | 10.02.2024 समय 02.00 बजे अपराहन् |

नोट:-शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़
PR 316659 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड), पिन- 825401**

**आवश्यक सूचना-II**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 36 होल्डिंग धारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। वैसे होल्डिंगधारी सात (07) दिनों के अन्दर नगर परिषद्, चतरा के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा-184 के क्रम संख्या-16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:-

| S. No. | Ward No. | Holding No. | Owner Name | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 0010000484000A1 | ANAND KUMAR MATHUR | 538920 |
| 2 | 1 | 0010000432000M0 | LAXMAN LAL GUPTA | 50553 |
| 3 | 1 | 0010000506000M0 | VISHUN KUMHAR | 35105 |
| 4 | 2 | 0020000454000M0 | YASHODA DEVI | 34411 |
| 5 | 2 | 0020000161000F2 | RAJNI KANT SINHA | 22929 |
| 6 | 3 | 0030000234000A4 | SHOBHA JAISWAL | 52066 |
| 7 | 3 | 0030000058000A3 | RAGINI GUPTA | 27960 |
| 8 | 3 | 0030000296000M0 | MOHIUDDIN AND OTHERS | 21579 |
| 9 | 4 | 0040000546000M0 | MEHRUN MASOMAT | 31336 |
| 10 | 5 | 0050000250000X1 | VINAY KUMAR VERMA, SANJAY KUMAR VERMA, SANTOSH KUMAR VERMA, VIKASH KUMAR VERMA, ARVIND KUMAR VERMA | 109075 |
| 11 | 6 | 0060000260000C1 | MD WAHAJUL HAQUE | 52323 |
| 12 | 6 | 0060000122000X1 | MD MISHABAHUL HAQUE | 20164 |
| 13 | 7 | 0070000151000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | 83662 |
| 14 | 7 | 0070000150000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | 72289 |
| 15 | 7 | 0070000119000X3 | RAJESH KUMAR JAISWAL & OTHERS | 58638 |
| 16 | 7 | 0070000187000A3 | MD GULAM SARWAR | 37206 |
| 17 | 8 | 0080000282000M0 | LT. BANARASI PANDA | 23396 |
| 18 | 12 | 0120000389000M0 | KISHUN SINGH OTHERS | 67155 |
| 19 | 12 | 0120000387000M0 | MULCHAND SAW | 112235 |
| 20 | 12 | 0120000410000M0 | PACHO DEVI & DROUPADI DEVI | 58889 |
| 21 | 12 | 0120000360000A1 | MOHAMMAD FAKHAR ALAM | 23979 |
| 22 | 15 | 0150000493000M0 | FULIYA KUMHAIN | 30033 |
| 23 | 15 | 0150000489000M0 | MASOMAT SITWA | 25640 |
| 24 | 17 | 0170000367000X4 | SHIV DEVI | 46557 |
| 25 | 17 | 0170000252000X1 | PURUSHOTTAM LAL AGRAWAL, PRAMOD KUMAR AGRAWAL & BROTHERS | 26463 |
| 26 | 18 | 0180000178000D1 | PRAYAG SAW,PARMESHWAR SAHU,SHAMBHU PRASAD,SHIV SAHU | 40340 |
| 27 | 18 | 0180000010000X4 | RAJIV JAIN & OTHERS | 39249 |
| 28 | 19 | 0190000118000X1 | PRADIP KUMAR | 314040 |
| 29 | 19 | 0190000433000X4 | GOPAL RAM | 89423 |
| 30 | 19 | 0190000412000X1 | SRI RAJENDRA PRASAD KESHRI | 41374 |
| 31 | 19 | 0190000361000M0 | SAIBAL KUMAR DATTA | 29742 |
| 32 | 19 | 0190000291000A4 | MANOJ KUMAR AND OTHERS | 25165 |
| 33 | 19 | 0190000370000X1 | SRIMATI. LALITA DEVI | 14283 |
| 34 | 20 | 0200000538000M0 | AJAY KUMAR AGRAWAL | 53463 |
| 35 | 20 | 0200000767000I1 | VIKASH BHAWAN D R D A PRASHIKSHAN BHAWAN | 41628 |
| 36 | 21 | 0210000326000X1 | JILA PARISHAD KARYALAY CHATRA | 501619 |

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।
PR 316614 (Urban Development) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0- : 30/2023-24**

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :- 02.02.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 03.02.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 03.02.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा
 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंडल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :-1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
 कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :-

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत हुटाप के ग्राम लुकईया में ट्रामा सेन्टर का निर्माण। | 24,90,840/ - | 50,000/ - | 5000/ | 03 (Three ) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत नेतरहाट के ग्राम बृजियाटोली में ट्रामा सेन्टर का निर्माण। | 24,90,840/ - | 50,000/ - | 5000/ | 03 (Three ) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत मारंगलोईया में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, बारा में चाहरदिवारी निर्माण। | 21,63,600/ - | 43,500/ - | 5000/ | 03 (Three ) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार में रेड क्रॉस भवन, लातेहार का जिर्णोद्धार। | 19,97,000/ - | 40,000/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत चम्पा में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरून्द में 244 मी0 चाहरदिवारी एवं 01 Unit GCI Sheet Gate निर्माण। | 18,05,738/ - | 36,500/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, लातेहार ।
PR.NO.316608 Building (23-24):D

# स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी डिपार्टमेंट ने किया था भव्य आयोजन



## अरका जैन यूनिवर्सिटी : टेक्निका-2023 में दिखा सांस्कृतिक व तकनीकी प्रतिभा का अनोखा संगम







कार्यक्रम में उपस्थित अरका जैन विवि के कुलपति डा एसएस रजी व अन्य अतिथि, कार्यक्रम में धून बिखेरता बैंड, रैम्प पर वॉक करती छात्राएं।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गम्हरिया स्थित अरका जैन विश्वविद्यालय, जो शिक्षा के क्षेत्र में में उत्कृष्टता प्रदान करने और छात्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए एक प्रतिबद्ध संस्थान है। इसी कड़ी में अरका जैन यूनिवर्सिटी स्थित स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी, नवीन कार्यक्रमों और कार्यक्रमों के माध्यम से इंजीनियरों और आईटी पेशेवरों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए समर्पित है। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी की ओर से आज यूनिवर्सिटी के परिसर में दो दिवसीय तकनीकी कार्यक्रम टेक्निका-2023 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टाटा मोटर्स के एचआर प्रमुख मोहन जी और विशिष्ट अतिथि एनएमएल जमशेदपुर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ मनीष कुमार झा ने किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के निदेशक सह रजिस्ट्रार डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, यूनिवर्सिटी प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ एसएस राजी, छात्र कल्याण निदेशक डॉ अंगद तिवारी, डॉ अरविंद कुमार पांडे, आईक्यूएसी निदेशक समेत सभी डीन और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी के सहायक डीन डॉ अश्विनी कुमार ने स्वागत भाषण किया। डॉ मनीष कुमार झा ने एआई के क्षेत्र में नवाचार और हालिया तकनीकी प्रगति के महत्व पर अंतर्दृष्टि साझा की, जिससे युवा इंजीनियरों को रचनात्मकता के माध्यम से उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव ने इस तरह के उल्लेखनीय आयोजन के लिए स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी की सराहना की। उद्घाटन के बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से माहौल उत्सवपूर्ण माहौल बना दिया। फेस्ट में तकनीकी और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की भरमार रही, जिसमें एनआईटी जमशेदपुर, बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, एनटीटीएफ, आईडीटीआर, जमशेदपुर महिला विवि, अल-कबीर पॉलिटेक्निक, डीबीएमएस स्कूल, काशीडीह हाई स्कूल समेत शहर की विभिन्न स्कूल-कॉलेजों से आये प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला। इस कार्यक्रम में उभरते इंजीनियरों और आईटी उत्साही लोगों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। समापन पर अरका जैन यूनिवर्सिटी ने टेक्निका-2023 की सफलता में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और प्रायोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन से प्रतिभागियों को न केवल ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच मिला, बल्कि इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समुदाय और नवाचार की भावना को भी बल मिला।

# कुंडलियों और हस्तरेखा से बीमारियों का पता और इलाज संभव : ज्योतिष शास्त्री

## एशियन एस्ट्रोलॉजिकल कांफ्रेंस के दूसरे दिन चर्चा में बोले विशेषज्ञ ज्योतिषी

खबर मन्त्र ब्यूरो




सम्मेलन के दूसरे दिन मंचस्थ देश-विदेश से आये अतिथिगण।

**जमशेदपुर।** आज 20 जनवरी 2024 को राम मंदिर बिष्टुपुर प्रांगण में सीएएसएआर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एशियन एस्ट्रोलॉजिकल कांफ्रेंस का दूसरे दिन का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे से इसमें सबसे पहले भारत के विभिन्न राज्यों से आये ज्योतिर्विदों का स्वागत किया गया। आज मुख्य अतिथि के रूप में नेपाल के ज्योतिष लक्ष्मण पति और विशिष्ट अतिथि के रूप में नेपाल के ज्योतिष राजीव आचार्य उपस्थित हुए। साथ ही बांग्लादेश के ज्योतिष यासिर अराफात मेंहदी उपस्थित थे। आज भारत के विभिन्न राज्यों से आये ज्योतिषियों का मंच पर स्वागत किया गया। इसके बाद दिल्ली से आए भारत भूषण भारद्वाज की ओर से उनका लिखा पुस्तक दैवा शनि का विमोचन किया गया तथा पुस्तकों को उनके द्वारा विभिन्न ज्योतिषियों को भेंट किया गया। आज के दिन के प्रथम सत्र मेडिकल एस्ट्रोलॉजी में देश विदेश से आए ज्योतिर्विदों ने अपना ज्ञान साझा करते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला कि किस प्रकार से कुंडलियों के एवं हस्तरेखा के विश्लेषण से रोगों पर प्रकाश डालकर उसका सफल निदान किया जा सकता है। इस सत्र में बांग्लादेश से एस्ट्रोलॉजर यासर अराफात ने विभिन्न रासायनिक तत्वों का हाथ के संबंधों से उत्पन्न होने वाली बीमारियों पर प्रकाश डाला। संस्थान के प्रोफेसर अभिजीत चक्रवर्ती ने कुंडली में बीमारी की पहचान कैसे की जाए इस बातों पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा की कुंडली का जो रोग भाव होता है उसके ऊपर शुभ अशुभ ग्रहों की दृष्टि संबंध पर विशेष ध्यान देने से हमें बीमारियों का पता चलता है । इसके बाद कैसर संस्थापक प्रोफेसर एस के शास्त्री ने मेडिकल एस्ट्रालोजी ट्रांसक्रिप्शन पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि किस प्रकार से रोगी को सटीक चिकित्सा हेतु यह टेक्नोलॉजी काम करता है जिसके तहत डॉक्टर और मरीज की कुंडली का मिलान कर मरीज को चिकित्सा का लाभ दिया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने हाथ देखने की मौलिक एवं वैज्ञानिक नियमों का विश्लेषण किया। रामगढ़ से आए प्रोफेसर यशवंत कुमार सिंह ने हाथों से बीमारियों की पहचान पर विशेष प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि यदि हाथ में मंगल खराब हो तो इससे कई बीमारियों का निर्धारण होता है, डॉ राजेश भारती ने भी इस विषय पर विशेष प्रकाश डालते हुए कुंडली के बाधित भावों से बीमारियों के सूत्र के बारे में बताया। सत्र की अध्यक्षता कर रहे डॉ एन कुमार ने मेडिकल एस्ट्रोलॉजी की व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए इसकी असीम संभावनाओं पर विशेष प्रकाश डाला। दिन के दूसरे सत्र में प्रेडिक्टिव अस्ट्रालोजी पर देश विदेश से आए विद्वानों, ज्योतिष अभिलाषा, महात्मा पांडे, श्री भास्कर, कौशल किशोर जोशी, ज्योतिष धनराज, एवं अन्य ने अपना शोध एवं ज्ञान साझा किए सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ सुरेश कुमार झा ने सभी वक्ताओं द्वारा साझा किए गए। वक्तव्यों का विश्लेषण करते हुए बताए की ज्योतिषी बहुत बड़े समाज सुधारक है, अतः इस विषय का गहनता से अध्ययन कर, विशेषकर ज्योतिष की कई शाखाओं मे से किसी भी विशेष एकाधिक शाखाओं मे अति विशिष्टता हासिल कर पाएं तो वे समाज का और भी अधिक भला तो कर सकते हैं ही, साथ ही उन्हे उनके विशिष्टताओं से जुड़े व्यवसायिक संस्थाओ मे विशिष्ट पहचान के साथ साथ स्थायी रोजगार का संभावना मिल सकता है। इसके साथ ही उन्होंने मेडिकल की तरह ही जोतिषियों को भी विशिष्ट ज्योतिषियों को रेफर की जाने के प्रचलन बढ़ाने पर बल दिया। सत्र के अंत में पूर्व से पंजीकृत सैकड़ों स्थानीय आम जनों ने 5 बजे से रात्री 10 बजे तक होने वाले निशुल्क ज्योतिष परामर्श देश विदेश से आए ज्योतिषियों से परामर्श पाकर लाभ उठाया।

# 13 वर्षीय छात्र एहसान रजा ने कंठस्थ कुरान पाठ किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** आजादनगर की सब से पुरानी धार्मिक शिक्षण संस्थान मदरसा दारुस सलाम मे जश्न तकमील हिफ्ज कुरान का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डा. नूरजमां खान ने किया। कायर्क्रम का आगाज कारी मो. जाफर अंसारी के कुरान के पाठ से हुआ। छात्र शहादत हुसैन ने बारगाह रिसालत मे नात का नजराना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कुरान कंठस्थ करने वाले छात्र एहसान रजा को सम्मानित किया गया।

## देव कन्याओं का विदाई समारोह संपन्न

**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार टाटानगर का युवा प्रकोष्ठ नवयुग दल और प्रज्ञा महिला मंडल के तरफ से देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से सोशल इंटर्नशिप में आई देव कन्याएं गजेंद्र विश्वकर्मा, निकिता रावत और प्रियंका थापा को संध्याकालीन दीप महायज्ञ बिरसानगर में भावभीनी विदाई दिया गया। आपको बता दें कि पिछले 20 दिसंबर से 20 जनवरी तक पूरे भारतवर्ष में तीन-तीन विद्यार्थियों की टोली बनाकर 100 से ज्यादा जिलों में भेजा गया है। विदाई समारोह में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के संयोजक संतोष कुमार राय, संजीव सिंह, श्री गुरुदेव महतो जी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# लेप्रोस्कोपिक विधि से किडनी कैंसर का सफल ऑपरेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** अधिकांश ट्यूमर का इलाज संभव है, लेकिन कुछ ट्यूमर जोखिम पैदा कर सकते हैं क्योंकि वे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं और यहां तक कि आपातकालीन स्थिति भी पैदा कर सकते हैं।

हाल ही में मानगो की रहने वाली 52 वर्षीय परवीन बेगम नाम की एक मरीज का किडनी कैंसर का सफल इलाज ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, तामोलिया जमशेदपुर (बीएनएमएच) में हुआ। कुछ दिन पहले 52 वर्षीय परवीन बेगम पिछले एक साल से पेट दर्द की मुख्य शिकायत के साथ बीएनएमएच, तमोलिया के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी में आयी, तो उन्हें डॉ. आशीष कुमार, (सीनियर कंसलटेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) द्वारा कुछ परीक्षणों की सलाह दी गई। जांच से पता चला कि उनकी बायीं किडनी के निचले छिद्र में 4-5 सेमी का ट्यूमर था, जो संभवतः कैंसरग्रस्त था। इस ट्यूमर के तेजी से बढ़ने से अन्य अंतर्निहित अंगों को नुकसान हो सकता है।

सभी आवश्यक एनेस्थेटिक चेकअप के बाद उनकी लेप्रोस्कोपिक रेडिकल नेफरेक्टोमी की योजना बनाई गई। इस संबंध में डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि जमशेदपुर में पहली बार किडनी कैंसर पर इस प्रक्रिया की योजना बनाई गई थी। मरीज का ऑपरेशन अनुभवी डॉ. आशीष कुमार (सीनियर कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) और डॉ. उमेश प्रसाद के मार्गदर्शन में कुशल एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की टीम द्वारा किया गया। लेप्रोस्कोपिक रेडिकल नेफरेक्टोमी सर्जरी की गई और ट्यूमर सहित पूरी किडनी को निकाल दिया गया। सर्जरी में चार घंटे लगे और बायीं किडनी को पूरी तरह से निकाल दिया गया। ऑपरेशन के बाद परवीन बेगम ठीक हो गईं और उनकी शिकायतें लगभग सामान्य हो गईं।

# शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में जमशेदपुर एफसी जीता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच ने मैदान पर सभी भारतीय खिलाडियों से सजी शुरूआती इलेवन को उतारने का फैसला किया, जिसने युवा खिलाड़ियों के लिए एक रोमांचक मंच तैयार किया। जमशेदपुर एफसी ने अपनी आक्रामक क्षमता दिखाने में कोई समय बर्बाद नहीं किया, खेल की शुरूआत में मुहम्मद उवैस ने बाएं फ्लैंक से एक सटीक पास दिया। मौका सेम्बोई को मिला, जिनका शॉट कुछ इंच से लक्ष्य से चूक गया। पहले हाफ में दोनों टीमों ने सक्रिय रूप से गोल करने का प्रयास किया, कई मौके बनाए लेकिन गोल करने में असफल रहीं। जमशेदपुर एफसी को सफलता हाफ टाइम से ठीक पहले मिली जब 45वें मिनट में सेम्बोई के अच्छे पास ने सनन को क्लिनिकल स्ट्राइक का मौका बनाया। इस गोल ने जमशेदपुर एफसी को महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में कई रोमांचक पल देखने को मिले। 50वें मिनट में एक नाटकीय क्षण सामने आया जब सेमिनलेन डौंगेल का पेनल्टी प्रयास गोल से चूक गया और पोस्ट से टकरा गया। बीच में री तचीकावा को सफाबा सिंह तेलेम के स्थान पर शामिल किया गया। जमशेदपुर एफसी के गोलकीपर विशाल यादव ने शानदार प्रर्दशन करते हुए 55वें मिनट में एक महत्वपूर्ण बचाव करते हुए हेडर से शिलांग की उम्मीदों पर पानी फेर दी। जमशेदपुर एफसी ने रणनीतिक बदलाव करना जारी रखा, 59वें मिनट में जर्मन और अंबरी ने नोंगदंबा और इमरान की जगह ली। इसका फायदा 73वें मिनट में मिला जब हाओकिप ने सनन के सटीक क्रॉस का फायदा उठाते हुए एक शानदार हेडर बनाया, जिससे जमशेदपुर एफसी की बढ़त 2-0 हो गई। शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ जमशेदपुर एफसी की जीत में छाप छोड़ने वाले मोहम्मद सानन को कलिंगा प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एक गोल और एक असिस्ट सहित उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ, सानन ने अपनी टीम के लिए जीत हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब जमशेदपुर एफसी की नजरें 24 जनवरी, बुधवार को ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले पर टिकी हैं। उम्मीदें हैं कि यह मुकाबला रोमांचक और करीबी होगा।


रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22082023-248210
CG-DL-E-22082023-248210
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3575] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 22, 2023/श्रावण 31, 1945
No. 3575] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 22, 2023/SHRAVANA 31, 1945

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 21 अगस्त, 2023

का. आ. 3735 (अ). — केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि **झारखंड राज्य के सराईकेला खरसावां जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-33 के कि.मी. 241.940 से कि.मी. 251.962 (कालीमंदिर-डिमना चौक-बालिगुमा (जमशेदपुर) सेक्शन)** तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ा करने/चार/छह लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् **जिला भू-अर्जन अधिकारी, सराईकेला खरसावां** को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के सराईकेला खरसावां जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-33 के कि.मी. कि.मी. 241.940 से कि.मी. 251.962 (कालीमंदिर-डिमना चौक-बालिगुमा (जमशेदपुर) सेक्शन) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

[फा.सं.:— NHAI/PIU/PD/JSR/NH-33/3(a)/LA/3A]

जिला : सराईकेला खरसावां
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 21 अगस्त, 2023



रजिस्ट्री सं० डी एल०-33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-10112023-249992
CG-DL-E-10112023-249992
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप—खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4655] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 9, 2023/कार्तिक 18, 1945
No. 4655] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 9, 2023/KARTIKA 18, 1945

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 8 नवम्बर, 2023

का. आ. 4855 (अ)—केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48 ) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में NH75 के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 (दलाओ गढ़वा) तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि) के गाँवों में अर्थात् रमना अंचल अन्तर्गत कबीसा, बघोंघ उर्फ रमना, मानदोहर, परसवान, बहिआर खुर्द, नगरउंटारी अंचल अन्तर्गत गंगटी, बिलासपुर, हलवन्ता कलां, हलवन्ता खुर्द, जोरमा, महदईआ बभनी, सहरसताल कलां, नरखोरिआ कलां, नगरउंटारी, अधौरा, जतपुरा पहलेकलां, कोल्हुआ, मर्चवार, सिंघपुर, नरही, चितबिसरांव एवं बराहपटी, मेराल अंचल अन्तर्गत गोंदा, मेराल, अकलबानी एवं गढ़वा अंचल अन्तर्गत पोटमा एवं खजुरी, जिला – गढ़वा, राज्य झारखंड के अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् काला कम डी एल ए ओ, गढ़वा, को लिखित रूप में प्रस्तुत की जायेगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में NH75 के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 ( दलाओ गढ़वा) के गाँवों में अर्थात् रमना अंचल अन्तर्गत कबीसा, बघोंघ उर्फ रमना, मानदोहर, परसवान, बहिआर खुर्द, नगरउंटारी अंचल अन्तर्गत गंगटी, बिलासपुर, हलवन्ता कलां, हलवन्ता खुर्द, जोरमा, महदईआ बभनी, सहरसताल कलां, नरखोरिआ कलां, नगरउंटारी, अधौरा, जतपुरा पहलेकलां, कोल्हुआ, मर्चवार, सिंघपुर, नरही, चितबिसरांव एवं बराहपटी, मेराल अंचल अन्तर्गत गोंदा, मेराल, अकलबानी एवं गढ़वा अंचल अन्तर्गत पोटमा एवं खजुरी, जिला – गढ़वा, राज्य – झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

जिला: गढ़वा
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 08 नवम्बर 2023

[फा.स. NHAI/PIU/RNC/NH-75/Section-V(LA)3A]
अभय जैन, उप सचिव

https://egazette.gov.in/(S(r5i341boym2u4wxihlpgrter))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/show FileCA.cshtml?notification_id=64588&file_id=37654

समय संवाद

**विश्व इतिहास में उनके जैसा लोकप्रिय कोई राजप्रमुख नहीं दिखाई पड़ता। दुनिया के किसी भी राजप्रमुख के नाम की ऐसी चर्चा कभी नहीं हुई जैसी मोदी की हो रही है। अयोध्या में दिव्य और भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सारी दुनिया के हिन्दुओं का सपना रहा है। मोदी इस सपने से अयोध्या आन्दोलन के समय से जुड़े हुए हैं। उनके राजनैतिक विरोधी भी हतप्रभ हैं। मोदी भारत के सांस्कृतिक इतिहास के महानायक हैं। नया इतिहास बन रहा है। अयोध्या ने इतिहास के अनेक प्रिय व अप्रिय प्रसंगों को देखा है। सरयू भूमि इसकी साक्षी है। अयोध्या ने वैदिक काल से लेकर अब तक इतिहास बनते देखा है। अयोध्या सभी घटनाओं की द्रष्टा है और दृष्टि भी है। यही अयोध्या विश्व आकर्षण हैं। वह तथ्य हैं और कथ्य भी हैं।**

# राम राज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भए मिटे सब शोका।।

**हृदयनारायण दीक्षित**

प्रधानमंत्री आध्यात्मिक अनुष्ठान पर हैं। सारा देश उनकी ओर टकटकी लगाए देख रहा है। उधर अयोध्या में दिक्काल का अतिक्रमण हो रहा है। राम लम्बे समय तक चित्रकूट में रहे। चित्रकूट भी प्रत्यक्ष है और दण्डकारण्य भी। सरयू, मन्दाकिनी और गंगा ने श्रीराम को निकट से देखा है।

अयोध्या का नया इतिहास नृत्य मगन है। सब तरफ अयोध्या ही अयोध्या की चर्चा है। जो अयोध्या से बहुत दूर दक्षिण या उत्तर में बैठे हैं उनके अंतर्मन में भी अयोध्या है। अयोध्या सामने है। यही दाएं है। यही बाएं है। अयोध्या सम्प्रति मनमोहनी हो गई है। भारत के अंतस का छंदस बन गई है। वे वैदिक मंत्रों की ऋचा जैसी हैं। ऋचाएं परम व्योम से धरती पर उतरती हैं। ऋग्वेद के ऋषि ने बताया है कि ऋचाएं परम व्योम में रहती हैं और धरती पर जाग्रत बोध वाले मनुष्यों के हृदय में उतरती हैं। अयोध्या भारत के मन का नया उत्सव और उल्लास बन गई हैं। अयोध्या दिव्य हैं। भव्य हैं। महाकवि तुलसीदास ने 500 वर्ष पहले अयोध्या के गीत गाए थे, "अवधपुरी अति रुचिर बनाई। देवन्ह सुमन वृष्टि झरि लाई।" अयोध्या को निकट से देखने के लिए आकाश और नक्षत्र भी धरती पर उतर आए हैं। आकाश का शब्द गुण अयोध्या में उतर आया है। तुलसीदास श्रीराम के राज्यारोहण की चर्चा करते हैं, "राम राज्य बैठे त्रैलोका। हर्षित भए मिटे सब शोका।" तुलसी कहते हैं, "नभ दुंदुभीं बाजहिं बिपुल गंधर्ब किंनर गावहीं। नाचहिं अपछरा बृंद परमानंद सुर मुनि पावहीं।" सम्प्रति अयोध्या सबको खींच रही है। काव्य, गीत संगीत बन गई है अयोध्या।



अयोध्या हजारों वर्ष प्राचीन वैदिककाल में भी प्रतिष्ठित नगरी रही है। ऋग्वेद में वैदिक काल के राजा इक्ष्वाकु का उल्लेख है। उन्होंने अयोध्या में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार इनकी 19वीं पीढ़ी के बाद मानधाता राजा हुए। उन्होंने अनेक राज्य जीते। मानधाता के बाद उनके पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या के राजा हुआ। उसके 2 पीढ़ी बाद त्रसदस्यु राजा हुए। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद राजा हरिश्चन्द्र अयोध्या के राजा बने। इक्ष्वाकु वंश की 31वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में भगीरथ। फिर अम्बरीश। 60वीं पीढ़ी में दिलीप। दिलीप का पौत्र रघु। कालिदास ने रघुवंश में इनकी चर्चा की। फिर रघु के पुत्र अज। अज के पुत्र दशरथ। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में हुए थे। श्रीराम विश्व प्रतिष्ठ महानायक हुए।

यूनान के कवि होमर प्रतिष्ठित कवि गिने जाते हैं। उनकी रचनाएं खूब पढ़ी जाती हैं। वे अपने समय की सभ्यता और संस्कृति के प्रतिनिधि कहे जाते हैं। उन्होंने इलियड और ओडिसी नाम के दो महाकाव्यों की रचना की थी। उनका कार्यकाल ईसा से 1000 वर्ष पूर्व था। यूनानी इतिहास का एक कालखण्ड होमर युग कहा जाता है। जैसे रामायण में श्रीराम के पात्र से हिन्दू प्रेरणा लेते हैं वैसे ही ओडिसी के वीर एकलिस की गाथा से यूनानी प्रसन्न होते हैं। लेकिन श्रीराम "अखिल लोकदायक विश्रामा" हुए। वे इतिहास के अंक में नहीं समाए। इतिहास का पात्र छोटा पड़ गया और श्रीराम विराट पुरुष।

अयोध्या और श्रीराम इतिहास के साथ संस्कृति और दर्शन के भी प्रतीक हैं। भारत के प्राचीन इतिहास में अनेक प्रतिष्ठित राजा हुए हैं। लेकिन राजा रामचन्द्र की बात ही दूसरी है। वे भारत की मयार्दा हैं। उनका राज्य विश्व इतिहास में उल्लेखनीय है।

दुनिया में अनेक राज्य व्यवस्थाओं के मॉडल हैं। लेकिन रामराज्य की बात ही दूसरी है। तुलसी वाल्मीकि के सृजन में रामराज्य शोकरहित है। आकाश में आए मेघ उतना ही पानी बरसाते हैं जितना आवश्यक होता है- मांगे वारिधि देहिं जल रामचन्द्र के राज। रामराज्य में परस्पर शत्रुता नहीं है। समाज में विषमता भी नहीं है। तुलसीदास लिखते हैं, "बयरु न कर काहू संग कोई। राम प्रताप विषमता खोई।" रामराज्य में सब प्रसन्न हैं। सब सुखी हैं। गांधी जी रामराज्य पर मोहित थे।

राम इतिहास, शास्त्र, पुराण और लोकश्रुति अनुश्रुति के भी महानायक हैं। इंडोनेशिया, बाली, जावा, लाओस, कम्बोडिया, इंग्लैंड और अमेरिका तक रामकथा की धूम रहती है। मार्क्सवादी चिन्तक डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा है, "दण्डक वन और रामायण में राम के साथ लक्ष्मण और सीता का समय इसी वन में बीता है। दण्डक वन की ऐतिहासिक वास्तविकता सही है।" श्रीराम इसी ऐतिहासिक क्षेत्र के इतिहास पुरुष हैं। डॉ. शर्मा ने लिखा है, "यूरोप या एशिया में किसी महाकाव्य का नायक ऐसा लोकप्रिय नहीं हुआ जैसा रामायण के राम हैं।

# योग का अर्थ जुड़ाव

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**योग** का अर्थ जुड़ाव है। भक्त, भक्ति और सदगुरु भगवान के बीच ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की आवश्यकता है। सदगुरु भगवान परमहंस दयालअद्धैतानंद जी ने छपरा से जाकर टेरी जो अभी पाकिस्तान में है वहां ब्रह्म विद्यालय एवं आश्रम की स्थापना की। स्थान का भी महत्व होता है जुड़ाव के लिये। राम नवमी 1846 को उनका जन्म छपरा के समीप एक ग्राम में हुआ था। इनके बाद सदगुरु भगवान स्वरूपानंद जी और उनके बाद सदगुरु आत्मविवेकानंद जी ने इस आश्रम परम्परा को गढव्रा घाट काशी तक लाकर भक्ति का प्रचार किया। आज भी टेरी में आश्रम है। गढव्रा घाट आश्रम से ही स्वामी आत्मविवेकानंदजी सदगुरु स्वामी शिवर्धर्मानंदजी महाराज को छपरा की भक्ति जो गंगा युमना के किनारे पाकिस्तान में अफगानिस्तान के सीमा टेरी तक लेजाकर स्थापित किया। स्वामी शिवधर्मानंद जी ने इसी योग का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए छोटका राजपुर में स्थापित ब्रह्म विद्यालय सहआश्रम को अपने सदगुरु आत्मविवेकानंद जी गढव्रा घाट काशी को समर्पित किया।

राजपुर स्थित शिलापट्ट पर उल्लेखित है श्री श्री मत्परमहंस, ज्ञान मार्तण्ड, नित्य सगुण ब्रह्म स्वरुप, भक्ति सूक्ति दायक, पतित पावन, दीन बंधु परम दयालु परमहंस श्री स्वामी आत्मविवेकानंद जी, बंगला कुटी, गढ़वा घाट, बनारस काशी संस्थापक दरबार का महापतित दासानुदास शिवधर्मानंद जी सेवक जलेश्वर छोटका राजपुर आरा, शाहाबाद बिहार, फागुन सदी 15 विक्रम संवत 2011 आठ मार्च 1955। यह शिलापट राजपुर स्थित आश्रम में स्थापित है। समाधि सरकार ने जो कुछ भी किया वह

अपने गुरुदेव भगवान को सर्मिपत कर दिया। गढ़वा घाट और राजपुर दो नहीं है एक ही है। स्वामी जी ने बताया कि सेवा और भजन ही भक्ति के दो मार्ग हैं। सेवा आसान है लेकिन भजन कठिन है। इसलिये दरबार की स्थापना कर भक्तों के लिये एक स्थान बनाया गया जहां भक्त के रूचि के अनुसार कार्य स्थापित कर उसका कल्याण हो सके। सेवा दरबार की जाती है जाकि भजन शरीर के अंदर होता है। जीवन में वाणी और व्यवहार राम-भरत और राम शबरी के प्रकरण से सीखा जा सकता है। भक्ति में रमा व्यक्ति की वाणी और व्यवहार उसके सदगुरु के आदेशानुसार और पूर्ण समर्पित भाव की हो जाती है। मंतग ऋषि के आदेश के बाद सिर्फ शबरी ने ही गुरु आदेश में भगवान राम का इंतजार किया जबकि शेष महात्मा मंतक ऋषि के शरीर छोड़ने के बाद आश्रम छोड़ जा चुके थे। जीवन में वाणी और व्यवहार और विशेषकर भक्ति मार्ग में इसका सही दिशा में प्रवाह आपके दरबार का सम्मान बढ़ाता है। हमारे दरबार ब्रह्म विद्यालय में महात्मा दर्शनानंद और वर्तमान में महात्मा व्यासानंदजी से यह सीखा जा सकता है।

**(मुख्य कुटी ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटाका राजपुर बक्सर)**

# सर्दी में सूप का मजा

**अनुष्का चौधरी**

**बाहर** कड़कड़ाती सर्दी और कोहरा हो और रजाई में दुबक कर रहने का मन हो तो गर्मागर्म सूप हमें खूब ताजगी और गर्मी का अहसास देता है। सूप केवल पश्चिमी संस्कृति वाली थाली से पहले परोसा जाने वाला व्यंजन नहीं है अलबत्ता यह एक ऐसा शोरबा है जो सर्दी में गर्मी का अहसास तो कराता है साथ में अच्छी सेहत का राज भी इसमें छुपा है।अब बात करते हैं दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में बनने वाले सूप की। हंगरी में गोलश तो रूस में बोर्स्ट स्वादिष्ट भोजन का एक प्रकार है। अमेरिका में चौडर्स को बहुत पसंद किया जाता है । जबकि जापान और चीन जैसे देशों में शरीर को पोषण और मन को ताजगी देने के लिये सूप बनाने का चलन है। गडुआ शूरवा उत्तराखंड में प्रसिद्ध है तो तिब्बत के साथ लगने वाले इलाकों में थुपका (सूप वाली डिश) खूब चाव से खाया जाता है।

आमतौर पर हम खाने का कोई शॉर्टकट ढूंढ़ लेते हैं। जल्दबाजी में हम सब्जियों को काटने और धोने पर वक्त खर्च नहीं करना चाहते। रंग बिरंगी, ताजी सब्जियां सूप में न केवल स्वाद भरती हैं बल्कि इसे देखने में भी काफी अच्छा बनाती हैं। चाहें तो इसमें फ्लेवर जोड़ने के लिये पनीर या टोफू का इस्तेमाल कर सकते हैं। नूडल्स और वेजीटेबल्स को मिलाकर पकाने से आधे घंटे में वन बाउल मील बन सकता है। यानी एक कटोरी सेहत, स्वाद और खुशियों से भरी। आवश्यक सामग्री- हरे फल

फ्रेंच बीन्स- एक मुट्ठी, गोभी- 1/2 कप,स्वीट कॉर्न -1/2 कप

हरी मटर- 1/2 कप दाने

मशरूम -1/2 कप

टमाटर -1, पनीर / टोफू -50 ग्रा

नूडल्स / पास्ता -1/4 कप

ब्रोकली -1-2 फूल, छोटे

आलू -1 (उबला और छिला हुआ)

सिरका -1-2 चम्मच

चीनी -इच्छानुसार डालेंनमक - स्वादानुसार, मक्खन- 50 ग्राम

मसाले- तेज पत्ता-1, लौंग 1-2, काले पेपरकोर्न- 6-8 एक मोटे पैन में थोड़ा मक्खन गरम करें। मक्खन पिघलने लगे तो इसमें एक तेजपत्ता और लौंग डालें। अब इसमें सब्जियां भी मिलाएं। गाजर, बीन्स, मटर, स्वीट कॉर्न, मशरूम और ब्रोकली मिलने के लगभग 2-3 मिनट के लिए मध्यम आंच पर ढककर पकाएं। उबलते पानी के 3-4 कप डालें और 15-20 मिनट तक पकने दें।

# गणतंत्र की ताकत बढ़ती रहे

**कृष्ण कुमार श्रीवास्तव**



**गणतंत्र** किसी विशेष धर्म जाति या संप्रदाय से न जुड़कर देश का हर तबका इसे राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मनाते हैं 26 जनवरी के दिन भारत सरकार अधिनियम (एक्ट) (1935) को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया भारत का संविधान बनने में 2 साल 11 महीने 18 दिन लगे इसी वक्त से हम एक गणराज्य माने

दुनिया के सबसे बड़े गनतंत्र की शक्तियां आशांत क्यों बनी है ? इस बड़े गणतंत्र पर सवाल क्यों उठता है ? आने वाले गनतंत्र में एक उम्मीद क्यों नहीं दिखती ? गण के इतिहास में गण क्यों संत्रस्त है ? गण भूख, गरीबी, अशिक्षा, हिंसा पर क्यों चिंतित है ? गण की वेदना की रिपोर्ट प्रकाशित होने पर तंत्र क्यों नहीं सुध लेता है ? हजारों साल का भारतीय गणतंत्र आज ऐसा महसूस होता है जैसे वापस पुराने इतिहास में कैद हो जाना चाहता है लेकिन यहां सवाल पैदा होता है यहां आखिर किसका शासन है। जनता कहां है ! शासन किसका शासन है। शासन तो मंत्रियों का और रसूखदारों का चलता है। यह हम दावा नहीं कर सकते हैं कि जनता के हाथ में कुछ भी है। आज के दिन में कितने मेधावी छात्र, जो कि आगे देश के कुछ काम आ सकते हैं उन्हें शिक्षा नहीं मिलती है क्योंकि उनके जेब में पैसा नहीं है। पब्लिक स्कूल में पढ़ाई के लिए कम से कम 5000 रु महीने की जरूरत होती है। सरकारी स्कूल सिर्फ डिग्री के लिए है। जिससे सरकारी नौकरी 2 प्रतिशत आदमियों को मिल सकती है। लेकिन देश को चाहिए वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर क्या कोई भी सरकार यह बता सकती है कि कितना प्रतिशत सरकारी स्कूल के छात्र ऐसा बन पाते हैं? क्या यही गणतंत्र है ? कैसे यह हम मान ले कि यहां गणतंत्र है, यहां मंत्री तंत्र है और अमीर तंत्र जिसके नीचे यह जो (गण) है वह दब गए हैं गणतांत्रिक व्यवस्था को सर्वजन या बहुजन हिताय बदलने को संकल्पित होंगे।

# ये है प्रीशा चक्रवर्ती, दुनिया की प्रतिभाशाली बच्चों की सूची में शामिल भारतीय बेटी



**रितिका कमठान**

इस संबंध में सोमवार को एक आधिकारिक बयान सामने आया है, जिसके अनुसार प्रीशा चक्रवर्ती कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट स्थित वार्म स्प्रिंग एलीमेंट्री स्कूल की छात्रा है। उन्होंने अमेरिका स्थित जॉन्स हॉपकिंस सेंटर फॉर टैलेंटेड यूथ की परीक्षा में हिस्सा लिया। ये परीक्षा ग्रेड तीन के स्तर की थी।

भारतीय-अमेरिकी स्कूली छात्रा प्रीशा चक्रवर्ती, जो महज नौ वर्ष की है, ने खास मुकाम हासिल कर लिया है। प्रीशा चक्रवर्ती जॉन्स हॉपकिन्स सेंटर फॉर टैलेंटेड यूथ द्वारा ह्यदुनिया के सबसे प्रतिभाशालीह्न छात्रों की सूची में शामिल हो गई है। ये उपलब्धि बेहद खास है क्योंकि प्रीशा लगभग 90 देशों मे 16 हजार से अधिक छात्रों की परीक्षा परिणामों को देखने के बाद इस सूची में जगह बनाने में कामयाब हो सकी है।

इस संबंध में सोमवार को एक आधिकारिक बयान सामने आया है, जिसके अनुसार प्रीशा चक्रवर्ती कैलिफोर्निया के फ्रेमोंट स्थित वार्म स्प्रिंग एलीमेंट्री स्कूल की छात्रा है। उन्होंने अमेरिका स्थित जॉन्स हॉपकिंस सेंटर फॉर टैलेंटेड यूथ की परीक्षा में हिस्सा लिया। ये परीक्षा ग्रेड तीन के स्तर की थी।

इस परीक्षा में दुनिया भर के 90 देशों से अधिक देशों के 16 हजार छात्रों ने हिस्सा लिया था। इस परीक्षा में प्रीशा चक्रवर्ती ने भी हिस्सा लिया। परीक्षा में हिस्सा लेने के बाद उसे सूची में स्थान मिला है। प्रीशा कई अन्य परीक्षाओं में भी हिस्सा ले चुकी है। उसे उन परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित भी किया गया है।

बता दें कि हर वर्ष इस परीक्षा में कई छात्र बैठते हैं मगर सिर्फ 30 प्रतिशत ही इसमें सफल हो पाते है। बता दें कि मेन्सा फाउंडेशन की आजीवन सदस्य बनी हुई हैं प्रीशा, जो दुनिया का सबसे पुराना हाई आईक्यू सोसायटी मानी जाती है। इस सोसायटी का सदस्य बनना हर किसी के लिए संभव नहीं है क्योंकि इस सोसायटी का सदस्य सिर्फ वो ही बन सकता है जो कई परिक्षाओं में 98 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करता है।

इस बयान की मानें तो प्रीशा के माता-पिता का शौक रहा है कि उसे नई चीजें सिखाई जाएं। प्रीशा शुरूआत से ही पढ़ाई में अच्छी रही है। वो एक मेधावी छात्रा है। उसे पढ़ाई के अलावा ट्रैवलिंग करने का शौक है। इसके साथ ही मार्शल आर्ट करना भी उसे बेहद पसंद है।

# काशी के दर्शनीय स्थल

**इसे** मंदिरों के शहर के रूप में जाना जाता है, लेकिन यह केवल यहीं तक सीमित नहीं है बल्कि मंदिरों के अलावा और भी कई जगह हैं। एक बड़ी आबादी और भयानक यातायात के साथ छोटी जगह आपको सिरदर्द दे सकती है लेकिन दूसरी तरफ यहाँ के घाट आपके मन को शांति दें सकते है जैसे और कुछ नहीं।

**घाट:**

वाराणसी में 84 घाट हैं, अस्सी घाट पर्यटकों द्वारा सबसे अधिक देखा जाने वाला घाट है और पारंपरिक मूल्यों के साथइसका व्यवसायीकरण किया गया है। तो आप यहां से अपनी पर्यटन यात्रा शुरू कर सकते हैं, बहुत सारे कैफे और होटलआगंतुकों के लिए नदी के नजारों का आनंद लेना आसान बनाते हैं। शाम के समय विभिन्न प्रकार की नावें गंगा आरतीका अविस्मरणीय अनुभव देतीं हैं।

**रामनगर किला:**

अगर कोई प्राचीन चीजों और बुनियादी ढांचे का प्रशंसक है तो इस जगह को जरूर जाना चाहिए। पुरानी तोपें, बंदूकें, कार और भी बहुत कुछ आपके दिमाग को एक नया अनुभव देंगी।

**सारनाथ:**

यह एक छोटा सा स्थान है जिसमें एक राष्ट्रीय संग्रहालय और पार्क शामिल है जहां गौतम बुद्ध ने अपना भाषण दिया था, एक पार्क जहां विभिन्न प्रकार के जानवरों को देखा जा सकता था। यह वाराणसी में सबसे साफ और अच्छी तरह से सजाए गए स्थानों में से एक है।

**मंदिर:**

प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में एक जरूरी जगह है। कई अन्य मंदिर जैसे काल भैरव, शंकु मोचन आदि भीघूमने योग्य हैं।

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, जो देश के सबसे बड़े केंद्रीय विश्वविद्यालय में से एक है, इसका दौरा किए बिना अंदर से बाहर तक वाराणसी का खोज करना अधूरा है। 100 साल से अधिक पुराने बुनियादी ढांचे वाले मकान और सड़कों में तलाशने के लिए बहुत सारी कहानियाँ हैं। बनारस की कचौड़ी और पान भी नामी है।

# कैसे होता है झांकियों का चयन



**मनोज पाण्डेय**

हर साल 26 जनवरी के मौके पर भव्य परेड की तस्वीरों से देश तो अक्सर दो-चार होता है। परेड में अलग-अलग प्रदेशों की कला-संस्कृति की झांकियां दिखती हैं। परेड में भारतीय सेना के सभी कैटगरी की मार्च फास्ट भी देखने को मिलती है। लेकिन आगामी गणतंत्र दिवस परेड से बंगाल की झांकी को बाहर करने का मुद्दा गरमा गया है।

दिल्ली सज धज कर तैयार है बलिदान समर्पण उपलब्धि के अभूतपूर्व लम्हे को मनाने के लिए। 72 साल पहले घड़ी में 10 बजकर 18 मिनट हो रहे थे। जब 21 तोपों की सलामी के साथ भारतीय गणतंत्र का ऐतिहासिक ऐलान हुआ था। मोदी सरकार ने सेना दिवस के मौके पर देशवासियों के नाम एक बड़ा ऐलान किया। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरूआत अब हर साल 24 जनवरी के बजाय 23 जनवरी को शुरू होगी ताकि स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती इसमें शामिल हो सके। इससे पहले बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत हुई थी। हर साल 26 जनवरी के मौके पर भव्य परेड की तस्वीरों से



देश तो अक्सर दो-चार होता है। परेड में अलग-अलग प्रदेशों की कला-संस्कृति की झांकियां दिखती हैं। परेड में भारतीय सेना के सभी कैटगरी की मार्च फास्ट भी देखने को मिलती है। लेकिन अब आगामी गणतंत्र दिवस परेड से बंगाल की झांकी को बाहर करने का मुद्दा गरमा गया है। स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर आधारित पश्चिम बंगाल की झांकी को नहीं लेने के केंद्र सरकार के फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हैरानी जताई है। ममता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर इस निर्णय पर फिर से विचार करने की अपील की है। बनर्जी ने यह भी कहा कि झांकी को खारिज करने का कोई कारण नहीं बताया गया। ऐसे में आज आपको बताते हैं कि गणतंत्र दिवस परेड को लेकर झांकी का मुद्दा क्यों गरमाया हुआ है? झांकी का चयन कैसे होता है, इस बार के गणतंत्र दिवस पर क्या खास रहने वाला है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# परीक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स



**डॉ मेरी ग्रेस**

**परीक्षा** बोर्ड की हो या फिर कोई प्रतियोगी। कोरोना महामारी के कारण तारीखों के बदलने का क्रम पिछले दो सालों से जारी है। पिछली बार तो दसवीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं किस तरह हुईं, सभी जानते हैं। इस बार भी क्या होगा, अभी कोई नहीं जानता। एक टर्म का एग्जाम बीते नवंबर में हो चुका है। दूसरे टर्म की परीक्षा आगामी फरवरी-मार्च में होनी है। ऐसे में परीक्षा के लिए तारीख आगे टल सकती है या फिर ऑनलाइन परीक्षा होगी। यदि एग्जाम लेट हुए तो विद्यार्थियों को तैयारी के लिए अतिरिक्त समय तो मिल सकता है, लेकिन लापरवाही और पढ़ाई का तारतम्य टूटना नुकसान भी पहुंचा सकता है।

**किताबों एवं नोट्स पर हो फोकस**

लक्ष्य बढ़िया तैयारी का हो तो फोकस रखना पहली शर्त है। लेकिन वक्त प्रचुर मात्रा में होने के चलते विस्तृत अध्ययन को मन करता है। अपनी कोर्स की किताबों से आगे बढ़कर गाइड और इंटरनेट साइट्स पर मौजूद मैटीरियल अक्सर कोर्स वर्क की सीमा से बाहर ले जाता है। अपनी किताबों व नोट्स तक ही तैयारी काफी है।

**सैंपल पेपर व प्रैक्टिस टेस्ट**

सभी चैप्टर्स का रिवीजन कर चुके हैं तो सैंपल पेपर्स का अध्ययन अगला कदम है। उनमें ऐसे प्रश्न आते हैं जो पढ़े नहीं या ठीक से नहीं पढ़े। वे पढ़कर या रिवाइज करके आगे बढ़ें। अगला पड़ाव प्रैक्टिस या मॉक टेस्ट का बनायें तो टाइम लिमिट में परीक्षा देनी आ जायेगी। वहीं भूलने वाले पॉइंट्स का पता चल जाएगा।

**डिस्कशन/ शंका समाधान**

**लक्ष्य**

पहला रिविजन एकांत में ही ठीक है। उस दौरान कुछ बिंदु चर्चा के योग्य मिलते हैं। एक-दो सहपाठियों से डिस्कशन करने पर वे विषय स्पष्ट हो सकते हैं। ज्यादा उलझन किसी टॉपिक में लगे तो टीचर से संपर्क किया जा सकता है।

**ऑनलाइन परीक्षा हो तो ...**

परीक्षा का मोड ऑनलाइन बदलने पर पुस्तक से देखकर पेपर देना होगा। उसकी भी बेहतर तैयारी से ही बेहतर अंक आने संभव हैं। पहले एग्जाम के निर्देश ध्यान से पढ़ें। फिर प्रश्नों की प्रकृति के बारे में संबंधित हेल्पलाइन या फिर अपने टीचर्स से पूछें।

**विषय की नॉलेज :**

विषय का बेहतर ज्ञान व समझ हो, पुस्तक देखकर लिखने पर भी तभी अच्छे अंक संभव हैं। **स्पष्ट, संक्षिप्त लेखन :**

पेपर की तय समय सीमा के भीतर व स्पष्ट लिखना भी महत्वपूर्ण है।

**एनालिटिकल, प्रैक्टिकल** : मोड ऑनलाइन हो तो परीक्षा बोर्ड आपसे प्रश्नों के उत्तर लॉजिकल व विश्लेषणात्मक तरीके से देने की उम्मीद करता है। पुस्तक में से हूबहू नकल शायद ही काम आये।

**मैटीरियल का सिस्टम :**

आनलाइन परीक्षा देते समय नोट्स व बुक्स साथ ही रखे हों। संभावित प्रश्नों वाले अहम टॉपिक वाले पेजों पर टैग्स लगे हों या फिर हाइलाइटर से पहचान बनाई हो ताकि वे जरूरत में एकदम काम आयें।

आपका सोच में स्पष्टता, आपका मन सोशल मीडिया से दूर हो और आप अपने शिक्षा के महत्व को मन से स्वीकार कर परीक्षा दें। (उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची)

**धनी देशों का खेल...**




## स्पीड न्यूज

### संतोष यादव ने गरीबों को दिया कंबल



भुरकुंडा (रामगढ़)। ठंड को देखते हुए राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव के सौजन्य से गिद्दी में दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि राजद का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा और समाजहित में कार्य करना है। उन्होंने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, ऐसे नेक कार्यों में सक्षम लोगों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। राजद प्रदेश उपाध्यक्ष श्री यादव ने कहा की राजद गरीबों की मदद के लिए हर संभव सहयोग करती आई जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा की राजद के लोग अपने सामाजिक दायित्वों के तहत गरीबों की सेवा करते रहेंगे। गरीबों की सेवा ही इंसानियत और मानव धर्म भी है।

### वैष्णो देवी मंदिर में 22 को दीपोत्सव



रामगढ़। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट वैष्णो देवी मंदिर परिसर में प्रसारित किया जाएगा। उक्त जानकारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सूरत चन्द्र वासुदेव व महासचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से दी। श्री मारवाह ने बताया कि अयोध्या में होने वाले श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण मंदिर परिसर में किया जायेगा। इसके अलावे गोला रोड स्थित मनोहर रेसीडेंसी के पास श्री राम ध्वजा पदयात्रा का स्वागत किया जाएगा। मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से भजन-कीर्तन व अपराह्न 2 बजे से भंडारा तथा रात में दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा। सभी कार्यक्रमों की तैयारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णो देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा जोर-शोर से की जा रही है।

### परवरिश में कुकिंग प्रतियोगिता



कुजू। परवरिश एडुकेयर स्कूल में रेड क्वीन और कुकिंग प्रतियोगिता हुआ। जिसमें परिवारों को सुंदरता और पाक कला के उत्सव में एक साथ लाया गया। आयोजित रेड क्वीन प्रतियोगिता, लालित्य और शिष्टता का उत्कृष्ट प्रदर्शन थी। कुकिंग प्रतियोगिता में स्कूल की माताओं की पाक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक ताप स्रोतों के बिना स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताएं आत्म-अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और सामुदायिक जुड़ाव के लिए एक मंच प्रदान करने की परवरिश एजुकेयर स्कूल की प्रतिबद्धता का उदाहरण देती हैं। रेड क्वीन प्रतियोगिता की विजेता प्रीति, सुरमिला औरपूनम देवी रहीं। प्रथम पुरस्कार विजेता को क्राउन और सैश से सम्मानित किया गया। जबकि उपविजेता को सैशे से सम्मानित किया गया।

### नलकारी नदी में महाआरती आज



भुरकुंडा (रामगढ़)। वाराणसी के तर्ज पर भुरकुंडा के इतिहास में पहली बार भुरकुंडा-सौंदा डी नलकारी नदी तट पर स्थानीय युवा समाजसेवियों के तत्वावधान में रविवार को संध्या 6 बजे से वृहत गंगा महाआरती का आयोजन किया जायेगा। आयोजन में हजारों की भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। आयोजक मंडली ने बताया कि भुरकुंडा में पहली बार होने वाली श्री राम गंगा महाआरती को वृहत बनाने के लिए से दिन-रात आयोजक मंडली के सदस्यों ने मेहनत किया है। आयोजन ऐतिहासिक होगा। बताया गया की संध्या 6 बजे से नलकारी नदी के छठ घाट पर होने वाले महाआरती से पूर्व श्री रामलला की झांकी का नगर भ्रमण कराया जायेगा। नगर भ्रमण पटेलनगर से शुरू होकर बिरसा चौक, मुख्य मार्ग होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक आधुनिक आतिशबाजी के साथ महाआरती की शुरूआत होगी। कार्यक्रम के दौरान आगंतुक अतिथियों एवं आयोजक मंडली के द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस पवित्र आयोजन की आधारशिला रखी जायेगी। कार्यक्रम के दौरान कार सेवकों को सम्मानित किया जाएगा। महाआरती वाराणसी से आए सुप्रसिद्ध संतो द्वारा संपन्न किया जायेगा।

### भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को ले शुक्रवार की शाम भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने की। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा को ले ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई। मौके पर भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने क्षेत्रवासियों से 22 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान होने वाले अनुष्ठान के दौरान शांतिपूर्वक माहौल बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि 22 को अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान होंगे यह हमसभी के लिए हर्ष की बात है। लेकिन इस दौरान विधि-व्यवस्था व भाईचारगी का माहौल कायम रखना भी क्षेत्रवासियों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि 22 को विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की गश्ती तेज की जायेगी। इस दौरान असामाजिक तत्वों व हुड़दंगियों पर पुलिस पैनी नजर रखेगी। हुड़दंग मचाने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जायेगा। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में 22 जनवरी के दिन हर मंदिर में पूजा-पाठ होगी। साथ ही जुलूस भी निकाला जायेगा, शाम को दीपोत्सव, आरती और प्रसाद वितरण भी होगा। हर तरफ खुशी-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। धनजंय प्रसाद ने सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस दिन हर मोर्चे पर पुलिस तैनात रहेगी।

## झामुमो महारैली में सैकड़ों समर्थकों साथ शामिल हुये संजीव कुमार बेदिया , कहा

# इडी की नहीं चलेगी मनमानी

खबर मन्त्र संवाददाता



बडकागांव। झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता रांची महारैली में शामिल हुए।श्री बेदिया ने कहां केंद्र सरकार होश में आव,ईडी की मनमानी नहीं चलेगी, चाहे जितना भी जोर लगा ले केंद्र सरकार,झारखंड वासियों को झुका नहीं सकता है।झारखंड हम लोगों ने लड़ कर लिया है।हेमंत सोरेन सरकार में ही आदिवासी मूलनिवासी का विकास हो रहा है।इसीलिए हेमंत सरकार को प्रताड़ित करने का हमेशा कोशिश कर रहा है केंद्र सरकार,ताकि विकास के काम में असफल हो सके।मौके पर केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी,प्रखंड अध्यक्ष सह जिला सचिव झारखण्ड श्रमिक संघ संजय सिंह ,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ,मोहन सोरेन, संजय करमाली,शंकर साव,जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, मुकेश रावत,प्रखंड सचिव सरोज मेहता,राजेन्द्र भुईयां,शांति देवी, हरिलाल मांझी,बिनोद यादव,चुरामण गंझू ,सूरज वर्मा,घनश्याम महतो कृष्णा प्रजापति,प्रयाग महतो,सुरेश गिरी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## क्षेत्र में शांति और सद्भावना बनायें : सीओ

▸▸ प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बरही थाना में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। थाना परिसर में 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सीओ रामनारायण खलखो व संचालन थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह व भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। अंचल अधिकारी रामनारायण खलखो ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सद्भावना बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। वहीं बीडी सी.आर. इंदवार ने सभी से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने हुए कहा कि क्षेत्र में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति व्यवस्था अहम है,इसके लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। यदि कोई माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता हुआ पाया गया तो त्वरित कार्यवाही की जाएगी। मौके परजिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया शमशेर आलम, मुखिया मनोज कुमार, परमेश्वर यादव, मुखिया यास्मीन तबसुम, पंचायत समिति सदस्य मो तैयब, विकास सिंह, तौकीर रजा, मुखिया मनोज कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### रतवे में रुद्र महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा

कुजू। अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के और शुभ मुहूर्त को देखते हुए रतवे पंचायत के काचाडाडी में शनिवार से श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ सह हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ प्रारंभ की गई। यज्ञ समिति ने कलश यात्रा निकाला। कलश यात्रा में शामिल 108 कलशधारी मंडप परिसर से गाजे बाजे के साथ दामोदर नद उखरबेडवा पहुंचे।

यज्ञाचार्य वीरेंद्र शास्त्री, पंडित कुबेर उपाध्याय, कन्हैया पांडेय, अभिषेक पांडेय, चंदन पांडेय, अनुराग पांडेय ने प्रधान यजमान नीतीश महतो, राजनाथ महतो, कुंवर महतो, गोपाल महतो, ईश्वर महतो, महेश महतो, हीरालाल महतो,हुलास महतो, टेपा महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया।

## गरीबों के हक कीआवाज उठाते रहें हैं राहुल गांधी : केदार पासवान

### बरही में कांग्रेस का दलित गौरव मिलन समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। टाउन हॉल में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग का लोकसभा स्तरीय दलित गौरव मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस उपाध्यक्ष भीम सिंह, हजारीबाग के ज़िलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

कांग्रेस अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने कहा कि सोशल इंजीनियरिंग की बात तो सब करते हैं, लेकिन एससी, एसटी, ओबीसी, दलित, अल्पसंख्यक को हक दिलाने के लिए सिर्फ राहुल गांधी ही आवाज बुलंद करते हैं, आवाज उठाते है। पूरे देश में जिनकी आबादी 90% है, उन्हें आज दबाया जा रहा है, अब यह कोई बर्दाश्त नहीं करेगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी हजारीबाग डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रदेश सचिव अनुसूचित जाति विभाग बैजू गहलोत, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाती विभाग के मुकेश पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष रेवाली पासवान, सेंट्रल कोडिनेटर एससी डिपार्टमेंट रामगढ़ जिला अध्यक्ष एससी डिपार्टमेंट जय कुमार राम, जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी हजारीबाग संजय यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्यक्ष बरही प्रखंड इकबाल रजा, युवा कांग्रेस कमेटी बरही विधानसभा के मनोहर यादव, युवा कांग्रेस कमेटी बरही प्रखंड अध्यक्ष मंजीत यादव, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रामगढ़ जिले में 10 लाख लोगों को दी जायेगी एल्बेंडाजोल की दवा : उपायुक्त



रामगढ़। फाइलेरिया उन्मूलनको लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, एसडीसी राजन कुमार ठाकुर, डीएमसी अजीत मिश्रा व नीरज सिंह के द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 फरवरी से 25 त्तक चलाया जाएगा। रामगढ़ जिले में दस लाख लोगों को एल्बेंडाजोल एवं डीइसी की दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 2392 ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं 131 सुपरवाइजर्स को चयनित किया गया है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माइक्रो प्लान तैयार करने, कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों आदि के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शत प्रतिशत लोगों को दवा खिलाने का निर्देश दिया।

### कुजू में जनता मजदूर संघ ने पीओ के साथ की बैठक



कुजू। जनता मजदूर संघ के सदस्यों ने शनिवार को सीसीएल करमा परियोजना अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के विकास को लेकर पीओ पवन कुमार के साथ बैठक बैठक के दौरान संघ के क्षेत्रीय महासचिव जगदीश महतो ने पीओ को सीसीएल सामुदायिक विकास योजना को जानकारी प्राप्त की। परियोजना पदाधिकारी द्वारा 10 किलोमीटर रेडियस क्षेत्र में विकास से संबंधित जानकारी दिए। जिसमें हाई स्कूल में लाइब्रेरी का निर्माण एवं नारायणपुर में तालाब निर्माण पूर्ण करने अनुरोध किया।

## पदमा में कांग्रेस सेवा दल का सम्मेलन संपन्न



पदमा। पंचायत भवन में शुक्रवार को कांग्रेस सेवा दल का लोकसभा स्तरीय सम्मेलन हुआ। इसकी अध्यक्षता सेवा दल के जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता व मंच संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता ने किया। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश अध्यक्ष नेली लाथन, बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल प्रभारी कांग्रेस सेवा दल भरत रावत, प्रदेश महासचिव छोटू सिंह, जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित हुए। राकेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सेवा दल का इतिहास आजादी से पहले और आजादी के बाद भी निःस्वार्थ भाव से सेवा को प्रदान करता है। नेली लाथन ने कहा कि बहुत जल्दी कांग्रेस सेवा दल का प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। सम्मेलन में मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता,बीस सुत्री अध्यक्ष संजय यादव बन्दरबेला पंचायत मुखिया विजय मेहता पूर्व प्रखंड विधायक प्रतिनिधि विजय रविदास, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, कांग्रेस पार्टी के राजकुमार रविदास, मोहम्मद लतीफ, संजय मेहता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अनमोल बचपन प्ले स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के अयोध्या आगमन को लेकर शनिवार को रंगोली के माध्यम से श्रीराम अयोध्या धाम मंदिर का स्वरूप उकेरा गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न रंगों से रंगोली को सजाकर इसे आकर्षक रूप में ढालने का कार्य किया। स्कूल की शिक्षिका जयश्री गोस्वामी, उर्मिला कुमारी, भूमि कुमारी, नमिता मिश्रा, मानसी कुमारी व निधि सिंह द्वारा रंगोली सजाया गया। वहीं बच्चों ने भगवा वस्त्र धारण कर भगवान राम-लक्ष्मण, माता सीता और भगवान हनुमान जी रूपकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसकी जमकर सराहना की गई। बच्चों द्वारा धारण किये गये विभिन्न देवी-देवताओं का वेशभूष आकर्षण का केंद्र बना रहा।निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अयोध्या में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा भारत के इतिहास का एक स्वर्णिम युग है। उन्होंने कहा की ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व नैतिक मूल्यों का विकास होता है। बच्चों ने नृत्य के माध्यम से मेरे घर राम आएंगे, मैं राम नाम जप्त सदा तुम्हारा नाम, गानों पर सुंदर प्रस्तुति दी। साथ ही अंश कुमार ठाकुर ने भगवान श्री राम, रिया कुमारी ने माता सीता, अनमोल कुमार ने भगवान हनुमान और इवांश कुमार ने भगवान लक्ष्मण का रूप धर कार्यक्रम में बेहतरीन बना दिया। इस पल को यादगार बनाने के लिए बच्चों ने जय श्री राम-जय हनुमान के नारे लगाए। इस अवसर पर बच्चों के बीच में मिठाई का भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका उर्मिला कुमारी, जयश्री गोस्वामी, नमिता मिश्रा, भूमि कुमारी, मानसी कुमारी, निधि सिंह, सुशीला एंथोनी व पूर्णिमा का योगदान रहा।

## एक नजर में

### टाटीझरिया थाना में शांति समिति की बैठक



टाटीझरिया। टाटीझरिया थाना परिसर में 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रक्षिशु पुलिस उपाशिक्षक सह टाटीझरिया थाना प्रभारी अनुभव भरद्वाज के अध्यक्षता में बैठक हुई। शांति व्यवस्था बनाए रखने लेकर जन प्रतिनिधियों और समाज सेवियों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। वही बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज , प्रमुख संतोष मंडल,डहररभंगा मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव ने टाटीझरिया प्रखंड और टाटीझरिया थाना क्षेत्र के लोगों से शांति पूर्ण तरीके से अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ।जदीकी मंदिरों में पूजा अर्चना आराधना कीर्तन भजन दीप प्रज्वलित कर शांति पूर्ण तरीके धूमधाम से हर्षाउल्लास के साथ उत्सव मनाने का आग्रह किया । मौके पर टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव ,सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, मो.कासिम, एमडी कासिम, मो.असलम, मो. सतार, मोईम अंसारी, मो.सतार,मनीष कुमार यादव, संदीप पांडेय,राजू यादव ,सोनू पांडेय अन्य कई लोग मौजूद थे।

### मिलजुल कर मनायें त्योहार : अंबा प्रसाद



बड़कागांव। विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा क्षेत्र वासियों से आगामी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर घर दीप जलाने एवं धार्मिक स्थलों, मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाने तथा जगमग करने हेतु अपील की है। विधायक आवास में विशेष तैयारी की जा रही है, विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा हर घर को जगमग करने के लिए दीप पहुंचाने का लक्ष्य है। विधायक आवासीय कार्यालय में दीया, बाती,तेल व माचिस की पैकेजिंग करके पूरे विधानसभा क्षेत्र के हर एक घर तक पहुंचाने का लक्ष्य लिया गया है।विधायक अंबा प्रसाद ने कहा है कि सभी सनातनी भगवान राम लला के नवनिर्मित मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य उत्सव की तैयारी कर रहे है इसी कड़ी में पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के घर घर में दीप उपलब्ध कराते हुए भव्य उत्सव की तैयारी के लिए हर घर दीप पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### प्राण प्रतिष्ठा को ले पुराना दुर्गा मंडप में बैठक



दारू। अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाली है जिसे लेकर पुरे देश में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में दारु बक्शीडीह स्थित पुराना दुर्गा मंडप मे एक कार्यक्रम रखी गई है जिसे लेकर मंडप में 19 जनवरी को बैठक हुई।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 22को यहाँ पुजा, हवन, भण्डारा व संध्या में दीप प्रजवलित किया जायेगा। अयोध्या में पूजा के समयानुसार दुर्गा मंडप में भी पूजा व हवन की जाएगी एवं अयोध्या के पूजा का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस बैठक में भैया संतोष सिन्हा, बजरंग सहाय, राजन सिन्हा, राजकुमार दास, रौशन सिन्हा, उमेश पासवान, सुमन सिन्हा, राकेश सिन्हा, सचिन गुप्ता, प्रभाकर सिन्हा, सुमित सिन्हा, अंकित अनुराग, राहुल राज, प्रमोद पासवान सहित कई रामभक्त उपस्थित थे।

### हरली में सती परिवार मिलन आयोजित



बड़कागांव। ग्राम हरली में सती परिवार मिलन समारोह विगेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन प्रेम कुमार ने किया। मुखिया कविता देवी ने कहा कि मिलन समारोह से अपनो के साथ मिलने का अवसर मिलता है। बिगेश्वर महतो ने कहा कि सती परिवार हरली गांव में 300 वर्ष पहले से निवास करते आए हैं। सबसे पहले आर्य लोग बाहर से आकर हरली गांव में बसना प्रारंभ किया। आज उसी वंशज से 350 घरों में 3000 परिवार निवास करते हैं। प्रत्येक 3 साल पर सती परिवार का मिलन समारोह होता आ रहा है सती परिवार में 39 साल मुखिया का पद संभाले हुए हैं जिसमें पूर्व मुखिया फेकू महतो 32 वर्ष बिगेश्वर महतो 5 वर्ष एवं कविता देवी पति बालेश्वर कुमार 2 वर्षों से तथा पंचायत समिति सदस्य कोशिला देवी 2 वर्षो से कार्य कर रही हैं। कन्हैया कुमार, धनेश्वर महतो, बालेश्वर कुमार, लुटुम धारी महतो, प्रदीप कुमार, कार्तिक महतो,चुरामन महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### कटकमदाग में शांति समिति की बैठक



कटकमदाग। थाना परिसर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता कटकमदाग अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार एवं बीडीओ एकता वर्मा ने किया। वही क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के होने वाली मंदिरों में अनुष्ठानों पर क्षेत्र में किसी प्रकार का सार्वजनिक जुलूस रैली शोभायात्रा पर डी जे साउंड सिस्टम पर पूरे तरह से प्रतिबंध रहेगा। मंदिरों में शांतिपूर्ण तरीके से पूजा अर्चना कर सकते है। पेलावल थाना इस्पेक्टर उत्तम तिवारी, कटकमदाग थाना प्रभारी धनजंय कुमार प्रजापति, श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर लोगों से शांति व्यवस्था के साथ पूजा अर्चना करने की अपील की। मौके पर जिप सदस्य जीतन राम, उपप्रमुख विमल गुप्ता, मुखिया राजेश कुमार गुप्ता, परमेश्वर गोप, पंसस दुलारे यादव सहित कई लोग शामिल थे।

### गुप्ता परिवार कर रहा दीयों का वितरण



बरही। 22 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपोत्सव मनाने को लेकर गुप्ता परिवार के सौजन्य से अपने ग्राहकों के बीच दियों का वितरण किया। इस दौरान गुप्ता इम्पोरियम में आने वाले सभी ग्राहकों को कृष्णा गुप्ता दिया उपलब्ध करवा रहे है और प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी दीपोत्सव मनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बनने वाले भगवान राम के मंदिर निर्माण में जिसे भी सहयोग का मौका मिल रहा है, वह बहुत ही भाग्यवान है। इस अभियान में गुप्ता परिवार के कृष्णा कुमार गुप्ता, राजेश प्रसाद गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, नरेश प्रसाद गुप्ता, प्रमोद प्रसाद गुप्ता, कुणाल कुमार गुप्ता, देव कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, धुरु कुमार गुप्ता, गोविन्दा, राधिका बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

## स्पीड न्यूज

### मोर्निंग वाक में निकले 35 वर्षीय युवक को कार ने मारी टक्कर, मौत


कार के धक्के से मरा व्यक्ति

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के रामपुर सफी नदी पुल के पास शनिवार की सुबह लगभग 6:00 बजे सड़क हादसे में बिहार के नवादा निवासी अल्टिमा कंपनी के कर्मचारी 35 वर्षीय गोविंद चौधरी पिता गणेश चौधरी की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार अल्टिमा कंपनी के कर्मचारी गोविंद चौधरी रामपुर गांव में डेरा लेकर रहते थे। प्रत्येक दिन की भांति वे सुबह ब्लॉक चौक मोर्निंग वाक के लिए आ रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात कार के धक्के से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार वहां से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोविंद चौधरी को उठाकर चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। जहां डॉक्टर डीएन ठाकुर ने गोविंद चौधरी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इसकी सूचना चैनपुर में रह रहे अल्टिमा कंपनी के अन्य कर्मचारियों को दी साथ ही पुलिस जांच में जुट गई है।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स सनातन मंच के भव्य शोभा यात्रा का करेगा स्वागत: दामोदर

**गुमला।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हो रहा है। जो भारतवर्ष के सभी सनातन हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए हर्ष का दिन है। इस दिन को समस्त देशवाशी दीपावली के रूप में मनाने की तैयारी में पुरे हर्षोल्लास के साथ लगे हुए। इस दिन दीपों की रोशनी से पुरा देश जगमग रहे। इसकी तैयारी पुरा देश कर रहा है। देश के सभी मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। छोटे – छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इसको लेकर काफी उत्साहित हैं। इस निमित गुमला में 21 जनवरी 2024 दिन रविवार को दिन के 11 बजे से गुमला सनातन मंच के द्वारा गुमला नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है। यह शोभा यात्रा लोहरदगा रोड सरकारी बस डिपो से निकलेगी। लोहरदगा रोड़ से होते हुए मेन रोड़, सिसई रोड़, डीएसपी रोड़, जशपुर रोड़ होते हुए बड़ा दुर्गा मंदिर रोड़ से राम मंदिर बड़ाइक मुहल्ला मे समापत होगा। शोभा यात्रा का स्वागत मेन रोड गुमला में चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा फूलों से किया जायेगा। इस कार्य में चेम्बर के सभी पदाधिकारी शोभा यात्रा में शामिल सनातन हिन्दू भाई बहनों का उत्साह के साथ स्वागत करेंगे।

### भाकपा माले रेड स्टार व झारखंड नव निर्माण दल की बैठक संपन्न

**घाघरा।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल का संयुक्त बैठक घाघरा में दल के संयोजक के घाघरा स्थित आवास में महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि जन दावेदारी के लिए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी चुनाव की तैयारी करेगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी गुमला रेल लाइन से नहीं जुड़ पाया और रोजगार विहीन गुमला–लोहरदगा जिला में बॉक्साइट का प्रचुर मात्रा होते हुए भी एल्यूमिनियम कारखाना का निर्माण नहीं होना सभी सरकारों की उपेक्षापूर्ण रवैया को दशार्ता है। श्री सिंह ने पार्टी के पदाधिकारी से युद्ध स्तर पर तय कार्यक्रम को गांव–गांव तक ले जाने की अपील की है। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में मजबूत तैयारी के लिए 13 सदस्यों को लेकर लीडिंग टीम का गठन किया गया।

### आरोग्य दूत को विद्यालय स्वास्थ्य व कल्याण कार्यक्रम के तहत दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण सह बैठक में शामिल आरोग्य दूत

**गुमला।** पालकोट प्रखंड कार्यालय के सभागार में वैसे सभी विद्यालय जो कक्षा 6 से संचालित है उसके आरोग्य दूत को विद्यालय स्वास्थ्य एवम कल्याण कार्यक्रम पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने विद्यालय स्वास्थ्य एवम कल्याण कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु आरोग्य दूतों को आवश्यक सुझाव दिया। बैठक में विद्यालयों में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा की गयी। साथ ही आरोग्य दूत की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में हर सप्ताह 2 घंटी सत्र लेना है एवं इसे विद्यालय के रूटीन में भी शामिल करना है। हर मंगलवार को इससे जुड़े गतिविधियां करानी है एवं सत्र संचालन का रिकॉर्ड संधारण रजिस्टर में हो यह सुनुश्चित करना है। विद्यालय प्रबंधन समिति के बैठक में विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के विषय पर जानकारी देनी है।

### पशु व्यवसाई की हत्या के तीन दोषियों को उम्र कैद की सजा

**लोहरदगा।** जिला के कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत खरता गांव के समीप लूटपाट की नीयत से इसराफिल अंसारी की हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए एडीजे श्री अरविंद कुमार की अदालत में सुनवाई करते हुए कुडू.थाना अंतर्गत पंडरा ग्राम निवासी तीन आरोपियों को उम्र कैद एवं जुमार्ना की सजा सुनाई है। धारा 302 के तहत सफरोज पवारियां नेसार खान उर्फ टेपा एवं तबरेज पावरिया को 30000 जुमार्ना राशि के साथ उम्र कैद की सजा सुनाई गई है वहीं धारा 307 के तहत 10 वर्ष एवं 20 हजार रुपया जुमार्ना राशि की सजा सुनाई गई है कैरो थाना अंतर्गत कांड संख्या 45/ 2021 के तहत तीनों के ऊपर हत्या करने का मामला दर्ज किया गया था।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**चैनपुर/ गुमला।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुमला जिला में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए शनिवार को गुमला थाना व चैनपुर थाना पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। गुमला थाना परिसर से शहर में फ्लैग मार्च निकाली गई जो शहर के सभी मुख्य मार्गों में घूमते हुए थाना पहुंचकर समाप्त हुई। वहीं चैनपुर में अनुमंडल दंडाधीकारी सुशील कुमार खाखा, डी एस पी बैजु उरांव, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ,ए एस आई मदन शर्मा की अगुवाई में शनिवार को चैनपुर मुख्यालय में शान्ति व्यवस्था हेतु फ़्लैग मार्च निकाला गया। यह फ़्लैग मार्च चैनपुर थाना परिसर से शुरू हुआ जो चैनपुर के पीपल चौक,मेंन रोड, दुर्गा मंदिर सोहन चौक,एम एल ए रोड होते हुए वापस थाना परिसर में संपन्न हुई।

### गुमला जिले में पलायन व बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती: चैतु उरांव

**गुमला।** अति पिछड़ा व आदिवासी बहुल गुमला जिला से युवक और युवतियां रोजगार के अभाव में पलायन को मजबूर हैं। महज आठ से दस हजार रूपये की नौकरी के लिए लोग झारखंड से पलायन करने को मजबूर हैं। इस मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री चैतु उरांव ने कहा कि गुमला जिला में बेरोजगारी और पलायन विकट रूप ले लिया है। इस मुद्दे पर कोई बात नहीं करना चाहते हैं। लेकिन जिला अध्यक्ष ने मामला को गंभीरता से लेते हुए गुमला जिले से पलायन रोकने के लिए उपायुक्त को पत्र लिखकर इस मुद्दे को उठाया है। श्री उरांव ने कहा कि अगर जिला से पलायन को समय पर नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़ी मात्र बंधुआ मजदूर बन कर रह जाएंगे। जिले के नेता मात्र राजनीति हवा भरने में लगे हुए हैं। नेता जी मात्र राजनीति की रोटी सेंकने में लगे हुए हैं। किसी भी तरह लोगों से वोट मिले ये उनका मानना है।

# बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठिए के खिलाफ भाजपा ने निकाली पदयात्रा

**धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से इस पर त्वरित करवाई की मांग की**

खबर मंत्र संवाददाता


धरना देते भाजपाई

**लोहरदगा।** जिला भाजपा ने जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठिए के खिलाफ ब्लॉक मोड़ से जिला समहरणालय पदयात्रा सह धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। साथ ही लोहरदगा जिले में विदेशी घुसपैठी बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या से उत्पन्न समस्याओं को लेकर जिला उपायुक्त के द्वारा राज्यपाल और केंद्रीय गृहमंत्री को अवगत कराते हुए उचित कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि आज आए दिन विदेशी आतंकवादियों का देश में घुसपैठ का मामला आते रहा है। जिसमें झारखंड क्षेत्र भी शामिल है। राज्य के संथाल परगना विशेष रूप से बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या लोगों का शरणस्थली के रूप में जाना जा रहा है। जिसका प्रभाव जिला लोहरदगा में भी अब दिखाई देने लगा है। प्रतिदिन लोहरदगा जिले के शहरी इलाकों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी फेरी वालों के रूप में घूमा करते हैं, इनकी बोलचाल एवं भाषा बांग्लाभाषी से मिलता-जुलता है। इनकी संख्या अनुमानित काफी बड़ी है, और ये निश्चित ठिकानों में शरण लिए हुए हैं। ज्ञापन संख्या 227/2020 में जिले के विशेष शाखा के आला पदाधिकारी राज्य सरकार को विशेष रिपोर्ट देकर बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या लोगों का जिले में घुसपैठ एवं संरक्षण देने वाले व्यक्तियों का भी नाम अपनी रिपोर्ट में दर्ज किया था। इन्होंने कई गांव में रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों का शरण स्थली के रूप में चिन्हित किया था। जिसमें जुरिया, कुर्से, कुजरा, चितरीडाडु, लावागाई, हिसरी, एवं नगर के ईदगाह मुहल्ला, राहत नगर, इस्लाम नगर आदि शामिल हैं। इन घुसपैठियों द्वारा आदिवासी युवतियों से शादी-विवाह कर उसके नाम से आदिवासियों केजमीन-जायदाद की खरीदारी एवं स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायत एवं नगर) में उम्मीदवार के रूप में सुनियोजित तरीके से खड़ा किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के गैर मजूंरूआ जमीन में भी बसाया जा रहा है। एवं आदिवासियों के रैयति जमीन को सादे कागज में लिखाकर उसमे पक्के मकान बनाये जा रहे हैं। इन घुसपैठियों का लोहरदगा जिला में शरण लेने के बाद जिले में आंतरिक सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था अंदर से पूरी तरह चरमरा चुकी है। 23 जनवरी 2020 एवं रामनवमी जुलूस 2021 में कुजरा गांव में हुई पत्थरबाजी की घटना से साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न हुई है। एवं कई स्लीपर सेल की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय प्रशासन ने इन घटनाओं का विदेशी हाथ होने की बात स्वीकार की है। नन तमाम बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों द्वारा स्थानीय सफेदपोश नेताओं के संरक्षण में आधार कार्ड, राशन कार्ड सूची में नाम जुड़वा कर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है। लोहरदगा जिले में इस घुसपैठियों की जांच एनआईए जैसी उच्च स्तरीय संस्था द्वारा कराये जाने की मांग भाजपा करती है। मौके झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सधनु भगत ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यों के निष्पादन के नाम पर जमीन पर हकमारी एवं बहन बेटियों को गुमराह कर रहे हैं। आनेवाले दिनों में परिस्थिति आदिवासी परंपरा के विरूद्ध बनाया जा रहा है जो एक विस्फोटक ढेर बन रहा है।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चैनपुर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

## शांति पूर्ण व सदभाव के माहौल में पर्व मनाने का लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में शामिल एसडीओ, दंडाधिकारी, डीएसपी व अन्य

**चैनपुर।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को आयोजित श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में हर्ष और उत्साह का माहौल है। आयोजित कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर शनिवार को चैनपुर थाना परिसर में चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक में अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों के बीच कार्यक्रम को शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर चर्चा हुई। सभी समुदाय के लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की बात कही। साथ ही कहा कि आज तक हमारे क्षेत्र में सभी समुदाय का पर्व त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से ही मनता आया है। वही अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी ने इस बैठक में शांति समिति के सदस्यों को इस उत्सव को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हर त्यौहार की भांति इस उत्सव को भी शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाए। कार्यक्रमों का आयोजन की दृष्टिगत अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर भी पुलिस प्रशासन को इस जुलूस पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। डीएसपी बैजू उरांव ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथी उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट पर ध्यान ना दे। अपने चैनपुर अनुमंडल में शांतिप्रिय तरीके से उत्सव को सभी संप्रदाय के लोग मिलजुल कर मनाये।

## आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को बचाना जरूरी: चमरा लिंडा

**शक्ति खूंटा स्थापना को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित**

खबर मंत्र संवाददाता


पूजा करते चमरा लिंडा

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ के समीप शुक्रवार को शक्ति खूंटा स्थापना को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह आदिवासी नेता चमरा लिंडा का भव्य रूप से आदिवासी परम्परा के अनुसार ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते हुए स्वागत कर कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। जिसके बाद आदिवासी रिवाज के अनुसार पूजा अर्चना कर भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि चमरा लिंडा ने सम्बोधन में कहा कि विश्व की सबसे पुरानी रीति रिवाज आज भी आदिवासी संस्कृति में मिलती है और इसी कारण आदिवासी प्रकृति के पूजा आज भी करते हैं, हमारी हर रिवाज में सीधा प्रकृति से जुड़ा होता है ऐसे में विलुप्त होती जा रही संस्कृति और नियम को बचाना हमारा कर्तव्य है और इसी के परिणामस्वरूप आज इस स्थल पर शक्ति खूंटा की स्थापना हो रहा जो यह प्रमाणित करेगा कि आदिवासी एकजुट होकर शक्ति के साथ रहेंगे और शक्ति खूंटा हमारा पहचान है, उन्होंने कहा कि हम आदिवासी आदिकाल से सबके साथ मिलजुल कर रहते हैं और आगे भी एकता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है ताकि हमारा समाज हर क्षेत्र में अपना नाम को जगा सके। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी सम्बोधित किया।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुमला में निकाली भव्य मोटरसाइकिल जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता


बाईक जुलूस में शामिल राम भक्त

**गुमला।** अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुमला में गजब का उत्साह का माहौल है। जिले का हर कोना राममय हो चुका है। शनिवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुमला शहर में सनातन धर्मावलंबियों ने भव्य बाईक जुलूस निकाला। जुलसू शहर के गोपाल मंदिर से आरंभ होकर महावीर चौक, जशपुर रोड, डीएसपी रोड, पालकोट रोड, घाटो बगीचा, सिसई रोड होते हुए मेन रोड होते हुए समाप्त हुई। जुलूस में शामिल राम भक्त जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगा रहे थे। हाथों में भगवा ध्वज लेकर बाईक जुलूस में लोग शामिल हुए। वहीं 21 जनवरी को बस डिपू लोहरदगा रोड से शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्मावलंबियों के शामिल होने का अनुमान है। इधर गोपाल मंदिर लोहरदगा रोड में दो दिनों से रामयपाठ चल रहा है। रामयपाठ से वातावरण भक्ति व आस्था में तब्दील हो गई है। मंगल भवन आमंग हारी का कर्ण प्रिय ध्वनि भक्तों को भगवान राम के आस्था व विश्वास में डूबने को विवश कर रहा है। पूरा गुमला शहर राममय प्रतीत हो रहा है।

## कैबिनेट बैठक में झारखंड सरकार रसोईया संयोजिका की मांग करे पूरा : अजीत

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष संघ व झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन गुमला के द्वारा शनिवार को चेटर स्थित धीरज चंद स्मृति भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 23 दिसंबर 2023 में रांची के मोरहाबादी मैदान में महाजुटान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें गुमला जिला का प्रदर्शन बेहतर रहने पर प्रदेश कमेटी ने जिले के रसोईया-संयोजिका को सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में जिले के पत्रकारों के साथ स्व. पत्रकार अजीत कुमार सोनी की धर्मपत्नी को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संघ के द्वारा रसोईया-संयोजिका की मांग पूरी नहीं होने पर 18 मार्च 2024 से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बंद रखने का निर्णय लिया गया। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि झारखंड सरकार अपनी आने वाली केबिनट बैठक में संघ की मांग को पूरा करें। मांग पूरा नहीं होने पर संघ जोरदार आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह मांग पूरी नहीं करने पर पूर्व के रघुवर सरकार को सत्ता से दूर किया गया था ठीक उसी प्रकार हेमंत सोरेन के खिलाफ भी संघ कदम उठाएगी। उन्होंने कह कि रसोईया-संयोजिका अपने मेहनत पर मानदेय की मांग करती है। संघ के द्वारा सरकार से रसोईया-संयोजिका का बीमा कराने, ग्रेजयूटी का लाभ देने, उचित मानदेय प्रदान करने सहित कई मांग रखी है।

## एक नजर में

### प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के छात्र छात्राओं का प्रान्त स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन रहा। विद्या विकास समिति झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित प्रांतीय निबंध प्रतियोगिया का आयोजन किया गया था। आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा दशम की छात्रा सुभद्रा कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसमें सुभद्रा कुमारी ने ओजोन परत के क्षय के दुष्प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता में प्रांतीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय का मान बढ़ाया है। वही विद्यालय प्रबंधनकारिणी समिति के सचिव रेशम लाल ने विद्या भारती की योजना को भैया बहनों के लिये प्रभावकारी बताते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से छात्र छात्रओं में लेखन कला कौशल तथा बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। वही बहन सुभद्रा कुमारी की सफलता पर खुशी प्रकट करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी तथा डॉली कविता,जयप्रकाश सिंह,प्रतिभा देवी,राजकिशोर उराँव,चांदनी कुमारी,संध्या कुमारी,प्रेमशीला उराँव,मीना देवी, मालती कुमारी सहित सभी आचार्य आचार्या ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य के लिये कामना किया है।

### ग्रामीणों ने 1200 फीट ऊंचाई में स्थित महादेव मंडा में किया साफ सफाई


साफ सफाई करते लोग

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गाँव मे लगभग 1200 फिट ऊँची पहाड़ में स्थित महादेव मंडा के नाम से विख्यात भगवान शंकर का गुफा को ग्रामीण महिला पुरुष भक्तों के द्वारा साफ सफाई किया गया। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलाला का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्तजनों के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में सभी छोटे बड़े मन्दिर व देवस्थल का साफ सफाई किया जा रहा है। उसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गाँव के समीप ऊँची पहाड़ की गुफा में स्थित भगवान महादेव शंकर का गुफा का जिला भाजपा कार्य समिति सदस्य त्रिलोकी सिंह के नेतृत्व में ग्रमीण महिला पुरुष भक्तों द्वारा साफ सफाई किया गया। वही त्रिलोकी सिंह ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलाला का प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिर और देवस्थलों में ग्रामीण भक्तजनों द्वारा पूजा अर्चना और दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिस निमित ग्रमीण महिला पुरुषों के द्वारा महादेव मंडा में स्थित भगवान शंकर का गुफा में साफ सफाई का कार्य किया गया। मौके पर मुनी देवी,हौड़ा उराँव,भखली कुमारी,रँगमनिया देवी,जानकी देवी,दीपक उराँव,पुष्पा देवी,गोपाल ठाकुर, जानकी देवी,रीता कुमारी,संदीप उराँव सहित अन्य सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साह चरम पर

**भंडरा।** भगवान श्रीराम का फिर से अयोध्या नगरी में उनके गर्भ गृह में 22 जनवरी को आगमन हो रहा हो, इसको लेकर भंडरा के गांव–कस्बा से लेकर प्रखंड मुख्यालय में जिस प्रकार उत्साह है, उससे देखकर तो यही लगता है जैसे भगवान लंकापति रामचंद्र का आगमन सिर्फ अयोध्या ही नहीं, बल्कि हर गांव और शहर में हो रहा है. पूरा भंडरा राममय हो चुका है। प्रखंड में रामभक्त लोगों को इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनाने के लिए न्यौता दिया जा रहा है, तो प्रखंड के हर मंदिर और धार्मिक स्थलों की पूरी साफ–सफाई और आकर्षक ढंग से साज–सज्जा की जा रही, वहीं गांव–गांव में कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, वहीं 22 जनवरी को होनेवाले प्राण प्रतिष्ठा लेकर पूरे क्षेत्र में भजन, कीर्तन, भंडारे सहित अन्य कई तरह कार्यक्रमों की योजनाएं बनाई जा रही है. पूरे क्षेत्र को रामानामी झंडे और बड़े–बड़े बैनर पाट दिया जा रहा है. विश्व हिंदू परिषद के कृष्ण चैतन्य ब्रम्हचारी आनंद दुबे कहते हैं कि भंडरा प्रखंड में संभवत: पहली बार किसी धार्मिक कार्यक्रम को लेकर लोगों में इतना भारी उत्साह है. उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र के लिए 22 जनवरी के कार्यक्रम ऐतिहासिक होंगे। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रशासन अलर्ट पर, बीडीओ सीओ थाना प्रभारी ने शांति समिति की बैठक कर लोगो को आपसी भाईचारगी के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने की अपील की। शनिवार को थाना प्रभारी शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस जवानों के साथ प्रखंड बस्ती में गस्ती की। भगवान रामलल्ला के प्राण प्रतिष्ठा प्राप्त सामरोह भले ही अयोध्या नगरी में हो रहा है, पर इसकों लेकर प्रखंड में मंदिरों के दिन भी बहुर गये. कई ऐसे मंदिर या धार्मिक स्थल हैं, जो काफी जीर्ण–शीर्ण मंदिरों का साफ सफाई किया जा रहा है. कई जगहों पर 22 जनवरी को मंदिरों की आधारशिला रखी जाएगी, तो मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा होगी. प्रखंड के अंबेरा ,भौरो, बेदाल, मसमानो,चट्टी,सहित अन्य मंदिरों का रंग रोगन किया जा रहा है। भाजपा का आह्वान है कि सभी कार्यकर्ता 16 से 20 जनवरी तक मंदिरों की साफ–सफाई करेंगे।

## जय श्री राम समिति ने 10 हजार दीप का किया वितरण

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के द्वारा शनिवार को दीप का वितरण किया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी का प्राण प्रतिष्ठा होना है उसी को ध्यान में रखते हुए जय श्रीराम समिति के द्वारा 10000( दस हजार) दीप का वितरण किया गया। ओम महतो ने कहा प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रभु राम जी के आगमन पर पूरा लोहरदगा जिला दीप उत्सव धूमधाम से मनाए। इसके लिए समिति घर-घर रोशन करने की काम कर रही है गरीबों के घर भी दीप जले ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा 22 जनवरी को प्रभु राम जी की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है जिसमें अभी अयोध्या जाना संभव नहीं इसलिए हम अपने ही गृह क्षेत्र को अयोध्या मानकर पूरे शहर को एवं सभी मंदिरों को सजाने तथा रौशन करने का काम कर रहे हैं। आगे कहा अधिकांश मंदिरों में यज्ञ, भंडारा एवं हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है जिसके माध्यम से भक्तगण प्रभु राम जी के आस्था में लिन रहेंगे।

## भगवान राम की जीवनी से सीख ले युवा: डीसी

खबर मंत्र संवाददाता


बैठक करते डीसी

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोहरदगा जिला के विभिन्न प्रखण्डों में आयोजित होनेवाले शोभा यात्रा, विभिन्न धार्मिक स्थलों में अनुष्ठान व भजन-कीर्तन कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रखण्डवार सभी शांति समिति के सदस्यों द्वारा इस संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर डीसी श्री कृष्ण ने कहा कि श्रीराम मयार्दा पुरूषोत्तम हैं। धार्मिक आयोजन में उन्हें याद अवश्य किया जाता रहा है। आगामी 22 जनवरी को आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी की गई है। जिला में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। आप सभी जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों से अपील है कि मयार्दा की महत्ता सभी युवाओं को बताया जाए। इस आयोजन में गरिमा का ख्याल रखा जाय। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला में सभी पर्व-त्यौहार बीते वर्षों में शांतिपूर्ण रहे हैं। इसका श्रेय शांति समिति की पूरी टीम को जाता है। जिला व प्रखंड स्तर के सभी सदस्यों ने जिला प्रशासन का लोहरदगा जिला में शांति व्यवस्था कायम रखने में हमेशा सहयोग दिया है जिसके लिए जिला प्रशासन आपकी आभारी है।

# दो अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा, तीन अब भी है फरार

**अमित मोबाइल दुकान में हुए 30 लाख रुपये मोबाइल चोरी मामले का पुलिस ने किया उदभेदन**

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ्तार अभियुक्त व बरामद समान के साथ एसपी व अन्य

**गुमला।** मेन रोड गुमला स्थित सौम्या कॉम्प्लेक्स के अमित मोबाइल दुकान से 29 दिसंबर 2023 को हुए करीब 30 लाख रुपये के मोबाइल चोरी कांड का पुलिस ने उदभेन कर लिया है। एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने साहेबगंज से घटना में शामिल दो चोरों को धर दबोचा। शनिवार को पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन कर पूरे मामले का खुलासा किया। गिरफ्तार चोरों में साहेबगंज जिला के राजमहल थाना अंतर्गत मुर्गीटोला निवासी 43 वर्षीय आलम शेख और 27 वर्षीय अलीम शेख शामिल है। एसपी ने बताया की चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों के द्वारा कुल 8 लाख रुपये में सभी मोबाइल को बांग्लादेश में बेच दिया गया। इसके बाद पैसे को सभी ने आपस में बांट लिये। एक चोर के द्वारा उक्त पैसे से एक टीवीएस अपाची बाइक खरीदा था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। एसपी ने आगे बताया की कुल 5 लोगों ने मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें एक व्यक्ति पूर्व से गुमला में रह रहा था और उसके चार अन्य साथी काम की तलाश में छत्तीसगढ़ जा रहे थे। लेकिन सभी गुमला में रुक गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने गिरफ्तार चोर के घर से मोबाइल का 21 खाली डब्बा, घटना में प्रयुक्त लोहे का नुकीला रॉड, सीसीटीवी कैमरा का डीपीआर जब्त किया है। एसपी ने कहा कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार के बाद अन्य खुलासें हो सकती है। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को रिवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं फरार अन्य की तलाश जारी है। वहीं घटना में शामिल एक चोर आलम शेख शातिर अपराधी है। वर्ष 2009 में चोरी के मामले में वह लाल वारंटी है। उसके खिलाफ रांची सदर थाना में मामला दर्ज है। छापामारी दल में पुअनि गुमला संचित कुमार, पुअनि विवेक कुमार पांडेय, पुअनि निरंजन कुमार सिंह, सअनि सागीर आलम, आरक्षी पवन कुमार यादव शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### ईंट भट्ठा में सोए दो युवकों का संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चमातु स्तिथ तिलैयाटांड ग्राम में ईंट भट्ठा में चढ़कर सोए दो युवकों की संदिग्ध अवस्था में शव पाया गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार भट्ठा संचालक सुदेश उराँव 26वर्ष पिता फूलदेव उराँव ग्राम तिलैयाटांड, चमातु थाना बालूमाथ निवासी एवं प्रवीण कुमार 25वर्ष पिता ईश्वर उराँव ग्राम मारंगलोइया थाना बालूमाथ निवासी (दोनो आपस मे रिश्तेदार) शुक्रवार की देर रात खाना खाया और ईंट भट्ठा में चढ़कर सो गये जहां भट्ठा में नीचे से आग लगी हुई थी। इस दौरान दोनो युवको ने ओस से बचने के लिए तिरपाल से खुद को ढक लिया। शनिवार सुबह भठा में काम करने वाले अन्य लोग देर सुबह तक नही उठे तो उन्हें जगाने गए तो संदिग्ध अवस्था में दोनों युवकों को मरा हुआ पाया। घटना की सूचना पाकर अमरवाडीह पिकेट प्रभारी कुबेर साव घटनास्थल पहुंचे। और दोनों युवकों के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा। पुलिस के अनुसार दोनों युवक की मौत दम घुटने के कारण हुई है। वहीं मृतक प्रवीण उरांव के पिता ईश्वर उरांव ने हत्या की आशंका जताई है।

### बालूमाथ थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न


बैठक में शामिल अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में शनिवार को बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। इस मौके पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले मैसेज, आप्रमाणिक जानकारी, भड़काऊ वीडियो, का आदान-प्रदान, मैसेज, व्हाट्सएप/फेसबुक में नहीं करें। लातेहार साइबर सेल इसे रोकने के लिए सक्रिय है। जो भी इस तरह का कार्य करेंगे उस पर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि 22 तारीख को शांति व्यवस्था बहाल करने में आप सभी समुदाय के लोग सहयोग करें। वही पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने कहा कि जो कोई भी कानून को हाथ मिलेगा उसे किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में नजर आता है या कोई भी आपसी सौहार्द बिगड़ने जैसा कोई कार्य करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस मौके पर मो० मुजम्मिल, मोतिउर रहमान, श्याम सुंदर यादव, शैलेश सिंह, गंगेश्वर यादव, लालदेव गंझू, अखिलेश भोगता, राजेश पांडे, मोहम्मद तौकीर, सुरेंद्र उरांव, समेत कई लोग मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में शनिवार को झंडोतोलन समयसारणी निर्धारित करने को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता मे सभी राजनीतीक दल, प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कई गणमान्य, कई विभाग के कमीर्यों के साथ बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख उर्मिला देवी, सीओ नंद कुमार राम मौजूद रहे। बैठक मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोउल्लास के साथ झंडोतोलन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र कुमार सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राम, मुखिया शांति देवी, सरिता देवी, तेतरी देवी, रानो देवी, केदार गंझु, मध्य विद्यालय के एच एम अनीता देवी, बीपीओ केतन गुप्ता, कपिलदेव सिंह, जितेंद्र कुमार, पंचायत सचिव राजेश यादव, ओमाशंकर सिंह, सेराफिनुस खलखो, राम लखन यादव, अजय मुणडा, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लातेहार पुलिस अधीक्षक ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

# विधायक रामचंद्र सिंह के आश्वासन के बाद महुआडांड होटल संचालक संघ ने अनिश्चित कालीन बंद लिया वापस, खुली दूकाने

- दोषी पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर विधायक ने अपने लेटर पैड पर लिखकर दी पुलिस अधीक्षक को

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड थाना पुलिस के कारवाई के खिलाफ से आक्रोशित होटल संचालकों की चली आ रही बंदी तीसरे दिन शनिवार को विधायक रामचंद्र सिंह के आश्वासन के बाद होटल संचालक संघ ने अपना बंद वापस ले लिया। वहीं महुआडांड थाना पुलिस पदाधिकारियों के कार्यकलाप के


होटल संचालक से मुलाकात करते विधायक।

खिलाफ रोजना मिल रही शिकायत को लेकर विधायक रामचंद्र सिंह ने दूरभाष पर एवं अपने लेटर पैड पर महुआडांड थाना में कार्यरत एसआई संजय रतन एवं एसआई रौशन कुमार के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर पत्र भी दिए। इससे होटल संचालकों में खुशी की लहर देखी जा रही है। होटल संचालकों ने इसे लेकर विधायक रामचंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**पुलिसिया कारवाई को लेकर क्या बोले जिले के पुलिस अधीक्षक**

जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने कहा कि आपलोगों को डरने की आवश्यकता नही है। आपलोग किसी भी पुलिस पदाधिकारी को एक रूपया भी न दें। संलिप्त दोषी पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

**क्या कहना है महुआडांड एसडीएम का**

महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे ने कहा कि महुआडांड थाना पुलिस का यह कार्य पुलिस के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इसे लेकर मैं छानबीन करूंगा।

**क्या था मामला**

इस संबंध में होटल संघ के अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद गुप्ता का कहना है कि बिना सूचना दिए ही होटल प्रतिष्ठान में पुलिस के द्वारा जाकर फोटो एवं वीडियो ग्राफी किया गया और हम लोगों को थाने में बुलाया गया था। जब हम लोग थाने गए तो हमसे सिर्फ आधार कार्ड एवं गैस कनेक्शन का फोटो कॉपी मांगा गया। हम लोगों ने पूछा की क्या कार्रवाई हो रही है तो पुलिस की ओर से कोई जवाब नहीं दी गई। जिसके कारण हम सभी होटल मालिकों के मन में शंका एवं डर बना हुआ है कि प्रशासन हम लोगों के ऊपर क्या कार्रवाई करने जा रही है और इससे हमारे रोजगार पर क्या असर पड़ेगा। होटल मालिकों ने कहा कि हम लोग छोटे-मोटे व्यवसाय करके अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं और हमारे प्रतिष्ठान में किसी भी तरह के गलत कार्य नहीं किए गए हैं अगर किसी भी तरह का गलत हुआ भी होगा तो इसकी हम लोगों को सूचना मिलनी चाहिए थी उस कमी को हम लोग जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करते लेकिन प्रशासन के द्वारा ऐसा नहीं किया गया है। इसे लेकर ही हमलोगों ने अनिश्चितकालीन बंद बुलाया था। जो आज आश्वासन के बाद बंदी वापस ले लिया।

# ट्रक मालिकों की हुई बैठक, भाड़ा बकाया रखने वालों का कोयला का उठाव नही करने का हुआ निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में शनिवार को बालूमाथ एवं बसिया ट्रक मालिको की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में बोलते हुए विस्थापित नेता संजय यादव ने कहा कि तेतरियाखांड में कुछ कंपनियों के लिफ्टर ट्रक मालिको का करोड़ो रुपए का बकाया रखे हुए है। पुनः ऐसे ही लिफ्टर कोलियरी में काम लाया है। विरोध में हम सभी ट्रक मालिक अपनी-अपनी गाड़ियों को स्वतः खड़ा कर दे रहे है।


बैठक करते लोग।

पूर्व में बकाया भाड़ा रखने वाले डीओ होल्डर कोयला का उठाव नही किया जाएगा। वही बालूमाथ ट्रक ऑनर ऐशो०अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि तेतरियाखांड कोलियरी में जो डीओ होल्डर काम कर रहे है वह ट्रक मालिको का दोहन कर रहे है नियम के विरुद्ध लोडिंग एवं अनलोडिंग दोनो ट्रक मालिको से रंगदारी पूर्वक वसूला जाता है। प्रणव नमन कंपनी तेतरियाखांड में कोयला रेजिंग देने का कार्य कर रही है। वही कंपनी ट्रांसपोटिंग का भी काम कर रही है जो नियमसंगत नही है। आगे उन्होंने कहा कि कई जगह पर कंपनी द्वारा ट्रक मालिकों का पैसा गबन किया गया है। कंपनी के क्रियाकलापों की जांच कराई जाए। पुनः निर्धारित भाड़ा 576 रुपये टन की जगह 400 रुपये काम लाया गया है। कंपनी पहले पुराना भाड़ा का भुगतान करे। फिहलाल हमलोग स्वतः अपनी-अपनी गाड़ियों से भाड़ा बाकी रखने वाले डीओ के कोयला का उठाव नही करेंगे। दिलीप यादव पिंडारकोम ने कहा कि सीसीएल और कंपनी जानबूझकर कोयला में पत्थर कोयला मिलाकर रेजिंग दे रही है। ताकि सेल का कोयला का उठाव नही हो एवं दोनो की मंशा है कि कोयला में आग पकड़ ले और सरकार को राजस्व की क्षती दिखाकर यहाँ हाइवा चलाया जा सके। लेकिन हमलोग ऐसा नही होने देंगे। मौके पर सुरेश यादव, रोशन यादव, राजन यादव, बाली यादव, पंकज सिन्हा, मो०जुनेद,राजेंद्र लाला, विकास यादव, जितेंद्र तुरी, शिवनारायण साव, सुरेंद्र साव, मंटू साव, संतोष यादव, दिनेश कुमार, काली यादव, भुनेश्वर साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न, लिए गए कई निर्णय


बैठक में शामिल अधिकारी व प्रबुद्ध जन।

**चंदवा।** आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर शनिवार को चंदवा प्रखण्ड कार्यालय सभागार में अधिकारियों, सरकारी गैर सरकारी स्कूलों के प्रतिनिधि, कॉरपोरेट कंपनियों के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने की। बैठक में गणतंत्र दिवस के मौके पर खेल स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम को लेकर गम्भीरता से चर्चा की गई व रूपरेखा तैयार करते हुए कई निर्णय लिए गए। जिसमें प्रबुद्धजनो के द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल हाई स्कूल खेल स्टेडियम में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर कई आवश्यक सुझाव दिए जिस पर अमल किया गया। बैठक में झंडोत्तोलन को लेकर समय सारणी भी निर्धारित की गई। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख मनीषा उरांव, सीओ जयशंकर पाठक, पंसस नीलम देवी, असगर खान, शाहिद खान, रितेश कुमार, मुखिया रंजीता एक्का, अनिता भगत समेत कई प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### पथ निर्माण पुरे होने पर ओरसापाठ पंचायत के लोगों ने सम्मान समारोह आयोजित कर विधायक का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** ओरसापाठ पंचायत के ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग हामी से ओरसापाठ तक पथ निर्माण पुरे होने को लेकर ओरसापाठ पंचायत स्थित ग्राम चीरोपाठ में शनिवार को ओरसा रोड निर्माण संघर्ष समिति के द्वारा अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित कर विधायक रामचंद्र सिंह का लोगों ने जोरदार स्वागत करते हुए सम्मानित किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व में इसी पथ निर्माण कार्य को लेकर निजी फायदे के लिए सड़क निर्माण कार्य कर रहे कुछ लोगों पर एफआईआर तक दर्ज कराया गया था। यह पथ इस पुरे क्षेत्र का लाईफ लाईन है। पर इस पथ के बनने मे काफी अड़चने आ


विधायक का स्वागत करते लोग।

रही थी। पर लोगों के हित को देखते हुए मैने पुरे ताकत के साथ आ रही समस्याओ का निदान करते हुए सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया। जो शीघ्र ही बन कर संपन्न हो जायेगी। रामचंद्र सिंह ने आगे भी इस क्षेत्र के समस्याओ को यथाशीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया। मंच का संचालन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अजित पाल कुजूर ने किया। मौके पर सीओ संतोष कुमार बैठा, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अजित पाल कुजूर, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख सह बीस सुत्री अध्यक्ष अभय मिंज, मुखिया अमृता देवी, युवा नेता सुभाष प्रसाद, युवा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष आमिर सुहैल, राजनाथ यादव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष शकील खान उर्फ पप्पू राजेश ठाकुर, बसारत अली, नसीम अंसारी, कोमल किण्डो आदि समेत काफी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

# प्रशासन के सहयोग से सेरेगड़ा ग्राम में 5 दिनों से चली आ रही दो संप्रदाय का गतिरोध हुआ समाप्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के सेरेगड़ा ग्राम में पिछले पांच दिनों से चल रहे दो समुदाय के बीच गतिरोध को पुलिस प्रशासन के सहयोग से आपसी तनाव को दूर करते हुए समाप्त कर दिया गया। शुक्रवार को जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में दोनों समुदाय की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें दोनों समुदाय के 15 -15 लोगों को शांति समिति का सदस्य बनाया गया। वहीं प्रशासन द्वारा स्पष्ट


मौके पर मौजूद लोग।

रूप से कहा गया कि इस घटना में जो भी दोषी होंगे उसे किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। वही दोनों समाज के प्रबुद्ध लोगों ने आपसी भाईचारा एवं अमन चैन स्थापित करने के उद्देश्य से पिछले पांच दिनों से बंद पड़े अपने-अपने दुकान को खोलने पर सहमति जताई। वहीं थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने दोनों पक्षों के लोगों को गले मिलवाते हुए एक फ्लैग मार्च निकाला। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि कभी भी दो लोगों की लड़ाई को संप्रदाय का रूप नहीं दिया जाएगा। वही घटना पर विस्तार से चर्चा करते हुए गतिरोध को समाप्त की गई। इस मौके पर बालूमाथ वीडीओ सोमा उरांव, अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर, उप प्रमुख कामेश्वर राम, मुखिया सुरेंद्र उरांव, भाजपा नेता चेतलाल रामदास, समाजसेवी मो० मुजम्मिल, लाखन राणा, चंद्र मोहन यादव, मो० मिनहाज, रंजीत यादव, विजय यादव, मनोज यादव, मोहम्मद करीम, लालू यादव, विष्णु यादव, मोहम्मद अब्दुल्ला, अमरवाड़ीह पिकेट प्रभारी कुबेर साब समेत कई लोग मौजूद थे।

### साइबर ठगों ने महिला से की 20 हजार रुपये की ठगी

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के कुजरी ग्राम निवासी शिवशंकर साहू की पत्नी आरती देवी को झांसे में लेकर साइबर ठगों द्वारा लगभग 20 हजार रुपये ठगी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। आरती देवी ने बताया कि घर मे एक किराना दुकान है जिसे दोनो पति पत्नी मिलकर चलाते है। शनिवार को एक नम्बर से कॉल आया व उनके दुकान में लगे फोन पे की पूरी डिटेल्स उन्हें दी गई, जिसके झांसे में वह आ गयी। आगे साइबर ठग ने उसे फोन पे के वॉलेट में ट्रांजेक्शन की जांच का झांसा देकर 20 हजार रुपये की निकासी कर ली गयी।

## एक नजर में

### युवा भारत के द्वारा आनंदोत्सव कार्यक्रम के तहत आज निकलेगी बाइक जुलूस, तैयारी पूरी

**चंदवा।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित चंदवा में युवा भारत के द्वारा दो दिवसीय आनंद उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन 21 जनवरी की दोपहर चंदवा शहर में भव्य बाइक जुलूस निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। युवा भारत के कार्यकताओं ने बताया कि बाइक जुलूस में पूरे प्रखण्ड के करीब एक हजार से अधिक बाइक के साथ रामभक्त शामिल होंगे। स्थानीय हाई स्कूल खेल स्टेडियम में अतिथि संबोधन कार्यक्रम के उपरांत दोपहर में बाइक जुलूस निकाली जाएगी जो चंदवा शहर, अलौदिया, कुजरी, भुषाढ़ होते मां उग्रतारा नगर मंदिर प्रांगण तक जाएगी। वहीं सांध्य बेला में पूरे चंदवा शहर भव्य आतिशबाजी कार्यक्रम भी किया जायेगे।

### टीवी व कुष्ठ रोग उन्मूलन को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों के साथ कार्यक्रम सम्पन्न


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा यक्ष्मा (टीवी) व कुष्ठ रोग उन्मूलन को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों व जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोप्पो ने यक्ष्मा टीवी रोग संबंधित सम्पूर्ण जानकारी साझा करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रम की जानकारी दी। इन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक देश व झारखंड राज्य को टीवी (यक्ष्मा) रोग से मुक्त बनना है। इसमें सरकार, प्रशासन के साथ साथ समाज के प्रबुद्धजनों, पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से जन भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है तभी जाकर यह कार्यक्रम सफल होगा। उन्होंने टीवी रोगी की मिलने वाली दवा व पोषण किट की जानकारी भी दी। वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने कुष्ठ रोग व कुष्ठ रोग निवारण को लेकर दी जाने वाली दवा की जानकारी दी गयी। मौके पर प्रमुख मनीषा उरांव, प्रशिक्षु अपर समाहर्ता नमन कुजूर, सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार, पंसस नीलम देवी, मुखिया रंजीता एक्का, अनिता भगत, असगर खान, शाहिद खान, रितेश कुमार समेत कई प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### शिक्षको मे प्रस्तावित शिक्षक प्रोन्नति नियमावली के लेकर आक्रोश, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लातेहार।** लातेहार जिले के शिक्षको मे प्रस्तावित प्रोन्नति नियमावली के लेकर काफी आक्रोश है। इस संबंध मे झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव के नेतृत्व में उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं जिला अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि विभाग द्वारा जो प्रोन्नति नियमावली का ड्राफ्ट तैयार किया गया उसमे काफी विसंगतिया है ड्राफ्ट नियमावली एक खास वर्ग के शिक्षको को लाभ पहूचाने के उद्देश्य से किया गया अगर विभाग इसमे तत्काल संशोधन नही किया तो झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ चरणबद्ध आन्दोलन को तेज करेगा। सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रोन्नति नियमावली का कई शिक्षक संगठनों ने विरोध किया है झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन के तहत आज 20 जनवरी को उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन दे कर विरोध दर्ज किया गया। आगामी चरण में 22 जनवरी को विधायक एव मंत्री को ज्ञापन 24 जनवरी को ट्विटर अभियान चलाया जाएगा इसके उपरांत आगामी 28 जनवरी को नियमावली की ड्राफ्ट कॉपी जलाकर विरोध किया जाएगा अगर इसके बाद भी सरकार नियमावली में संशोधन नहीं करती है तो आगामी 17 फरवरी को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। शनिवार को उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह, संजीव कुमार चंद्र, बृजेश कुमार सिंह, अभिमानी कुमार सिंह, राजेश कुमार, सुदामा सिंह, दिलीप कुमार सिंह के साथ कई शिक्षक शामिल थे।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को मांस और शराब की दुकानों को बंद रखने की मांग


बीडीओ को आवेदन सौंपते भाजपाई।

**बरवाडीह।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बरवाडीह के सभी मंदिरों में हवन पूजन समेत अन्य धार्मिक अनुष्ठान कराएं जायेंगे। जिसे देखते हुए भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह को आवेदन सौंपकर प्रखण्ड क्षेत्र में मांस मछली और शराब की सभी दुकान को बंद रखने की मांग की है। वहीं उन्होंने मांस और शराब दुकानदारों से भी आग्रह किया है। विकास सिंह ने बताया कि सैकड़ो वर्षो के इंतजार के बाद राम जन्म भूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का मंदिर बन कर तैयार हुआ है, और 22 जनवरी को मंदिर में प्रभु श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा होना है, जो की पूरे देश में सनातनियों के अंदर एक अलग ही भक्ति का माहौल है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बरवाडीह और कुचिला में हुई शांति समिति की बैठक

बरवाडीह। जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के संयुक्त निर्देश पर शनिवार को बरवाडीह थाना परिसर में 22 जनवरी को होने वाले राम उत्सव के लेकर बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में नसीम अंसारी, प्रमुख सुशीला देवी, बिरेंद्र जयसवाल, कन्हाई प्रसाद समेत दोनों समुदाय के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। जहां बैठक के माध्यम से राकेश सहाय ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा की 22 जनवरी को होने वाले राम उत्सव को लेकर क्षेत्र में किसी तरह का कोई विवाद न हो।

## अयोध्या में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा के निमित चंदवा में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर प्रशासन ने की बैठक

# धार्मिक सौहार्द को कायम रखते हुए संपन्न हो कार्यक्रम : सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा थाना परिसर में शनिवार को प्रशासन ने समाज के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक की, जिसकी अध्यक्षता सीओ जयशंकर पाठक व संचालन थाना प्रभारी शुभम कुमार ने की। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित चंदवा में युवा भारत के तत्वावधान में मनाई जाने वाली दो दिवसीय आनंदोत्सव


बैठक में शामिल पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

कार्यक्रम को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों के साथ चर्चा की गयी। आयोजन समिति के रवि राज से कार्यक्रमो की रूप रेखा, रूटमैप, कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या, सुरक्षा, वोलेंटियर आदि की जानकारी ली गयी व आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। समाज के प्रबुद्धजनों ने चंदवा में शांति व्यवस्था कायम रखने में हर सम्भव सहयोग करने की प्रतिबद्धता दोहरायी व कहा कि चंदवा की सौहार्दपूर्ण वातावरण जिले में मिसाल है व यह आगे भी कायम रहेगा। सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी ने प्रशासन के साथ साथ आयोजन समिति के लोगो से ड्रोन कैमरा से निगरानी करने में सहयोग करने, भींड नियंत्रण को लेकर व्यवस्था को दुरुस्त करने, भड़काऊ गाने नही बजाने, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने से बचने की बात कही। मौके पर प्रशिक्षु अपर समाहर्ता नमन कुजूर, रामयश पाठक, रवि डे, प्रमोद साहू, राजेन्द्र यादव, असगर खान, डॉ. शम्स रजा, मुखिया जतरु मुंडा समेत कई लोग मौजूद थे।

**प्रशासन ने निकाली फ्लैग मार्च**

बैठक के उपरांत सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी शुभम कुमार की अगुवाई में प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाली गई। जिसकी शुरूआत चंदवा थाना परिसर से शुरू हुई व मुख्य बाजार, सुभाष चौक, कंचन नगरी, गैरेज लेन, इंदिरा चौक पहुंचने के उपरांत थाना परिसर पहुंचकर सम्पन्न हो गयी। इस दौरान प्रशासन के द्वारा लोगो से 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील भी की गई। मार्च में चंदवा थाना के अधिकारी, जवान समेत विभिन्न कैंपो के अतिरिक्त सुरक्षा बल शामिल थे।

# भये प्रकट कृपाला, दीन दयाला, कौशल्या हितकारी . . .

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे के गगन भेदी नारे के साथ शुरू हुई श्री राम मंदिर निर्माण यात्रा आज अपने मुकाम पर पहुंच चुकी है। प्रभु श्री राम की जन्मस्थली पावन नगरी अयोध्या आज राम मंदिर के स्थापना के उत्साह में सराबोर है। सरयू की धारा भी आज राम नाम के पवन सुमिरन से आहलादित है। पवन अयोध्या नगरी राममय में हो गई है। अयोध्या के जीव-जंतु, पशु-पक्षी, नर-नारी से लेकर माटी-कंकड़, लता-कुंज, से लेकर जल बिंदु तक राम नाम में गोता लगा रहे हैं। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में गूंजने वाली ऋचाओं से प्रभु श्री राम की पावन नगरी की दसों दिशाएं गुंजायमान है। अगर-तगर धूप, धुना से निकल रही सुगंध ने वातावरण को स्वर्गीय बना दिया है। ऐसा लग रहा है जैसे यह अयोध्या भूमि धरती पर न होकर देवलोक में प्रतिस्थापित हो गई है। केवल सरयू तट और मंदिर प्रांगण ही नहीं, संपूर्ण भारतवर्ष श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में दीपावली मना रहा है।

## आज प्रतीक्षा पूर्ण हो गई, रामलला अब आएंगे.....

पता नहीं भगवान राम के राज्याभिषेक का दृश्य कैसा रहा होगा, लेकिन आज की अयोध्या को देखकर तो यही लगता है कि शायद यह आयोजन भी उसी उत्सव की परिकल्पना पर आधारित है।

## हर्षित महतारी मुनि मन हारी ....

प्रभु श्री राम की नवनिर्मित अचल प्रतिमा बेदी पर रख दी गई है। प्रतिमा में एक तरह से सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को ही प्रदर्शित कर दिया गया है। कृष्ण शैली में निर्मित इस इक्यावन इंच की प्रतिमा में स्वस्तिक, ॐ, चक्र, गदा, सूर्य आदि विराजमान है। भगवान की मस्तक सुंदर, आंखे बड़ी, और ललाट भव्य है। प्रतिमा के घेरे में भगवान विष्णु के दसवतार को प्रदर्शित किया गया है। ऐसे में भला राम भक्त हनुमान आछूते कैसे रहते। अतः प्रतिमा के निचले हिस्से में हनुमान जी और गरुण जी को स्थान दिया गया है।

# अयोध्या मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बेरमो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ संजीत कुमार सिंह व संचालन थाना प्रभारी अशोक कुमार ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को नवनिर्मित अयोध्या मंदिर के लोकार्पण व प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन है। अमन एवं शांति बनी रही तथा सभी धर्म के लोगों के बीच भाईचारा बना रहे इसके लिए कोई भी व्यक्ति ऐसा काम नहीं करेंगे, जिससे समाज की शांति भंग हो और अप्रिय स्थिति निर्मित होती हो।सभी लोग एक-दूसरे के धार्मिक त्यौहारों एवं उत्सवों का सम्मान करेंगे और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे। वहीं थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि कोई भी समस्या हो व किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो बिना देर किए पुलिस को सूचित करें। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबरें को ना फैलाएं, जिससे क्षेत्र में अशांति का माहौल बने। सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मजदूर नेता गिरजाशंकर पांडेय व महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, नप के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया,भाजपा वरिष्ठ नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, अर्चना सिंह, परवेज अख्तर, राजन साव, जवाहर लाल यादव, मोहम्मद कलाम खान, रियाज अंसारी, अशोक अग्रवाल, दिलीप सिंह, ओम शंकर सिंह, कैलाश ठाकुर, भरत वर्मा, बैजनाथ महतो, शरण सिंह राणा, अजू खान, नप कर्मी राजीव कुमार सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

# 12 मोड़ के हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 12 मोड़ दुन्दीबाग स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में नवयुवक बजरंग दल द्वारा अयोध्या में निमार्णाधीन भव्य श्री राम मंदिर में रामलला का हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं अखण्ड हरिकिर्तन का आयोजन किया गया है। यह समारोह किया जा रहा है।कलश यात्रा से प्रारम्भ होने वाले इस समारोह में 24 घंटे का अखण्ड हरिकिर्तन बजरंग बली के प्रतिमा का नगर भ्रमण एवं शाम में मंदिर में आरती के अलावे 22 जनवरी को प्रात 8 बजे से प्राण प्रतिष्ठा दिन में अष्टयाम विसर्जन एवं भंडारा का आयोजन होगा। यह धार्मिक अनुष्ठान आचार्य सुखदेव बाबा एवं संतोष उपाध्याय के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। सम्पूर्ण आयोजन के दौरान अनेक गणमान्य श्रद्धालु भी शामिल होगें। इस आशय की जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष अशर्फी शाह उपाध्यक्ष सिकंदर यादव महामंत्री लालबाबू कोषाध्यक्ष पतिनाथ साह दीपक कुमार ने दी।

## नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में

**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगण में यज्ञाचार्य श्री राधे बोलो राधे जी महाराज संगम तट नैनी प्रयागराज के नेतृत्व में 29 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में है। यज्ञ समिति के पदाधिकारी डा. हरिदास यादव ने बताया कि नौ दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ 29 जनवरी को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। नौ दिनों तक यज्ञ स्थल पर मेला का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि में सनातन धर्म ग्रंथो से संबंधित जगत कल्याण को लेकर प्रवचन का आयोजन किया गया है। शिव शक्ति महायज्ञ के लिए 28 जनवरी को शंखनाद अंकुर रोपण वह 29 जनवरी को कलश यात्रा मंडप प्रवेश पंचांग पूजन कर कलश यात्रा निकाली जाएगी।

## मासिक बुजुर्ग दिवस का आयोजन

**गोड्डा।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन गोड्डा के तत्वावधान में आज दिनांक 20.01.2024 को शहर के सभी अटल मुहल्ला क्लीनिक, शांति नगर, चपरासी मोहल्ला गोड्डा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर रामनगर गोढ़ी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द रौतारा गोड्डा में मासिक बुजुर्ग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ0 खालिद अंजुम ने बताया कि महीने के प्रत्येक तीसरे शनिवार को शहर के सभी स्वास्थ्य केंद में मासिक बुजुर्ग दिवस में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था में शरीर कमजोर होने के कारण कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो जाता है। ऐसे में परिवार के मुख्य सदस्यों को बुजुर्ग सदस्यों की अच्छे ढंग से देखभाल करनी चाहिए।

# एनीमिया और कुपोषण मिटाने के लिए बोकारो स्टील प्लांट ने की पहल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने बोकारो जिले में एनीमिया और कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए बीएसएल ने इस्कॉन को चास कॉलेज के पास चाकुलिया में बुनियादी ढांचे के साथ बेस किचन की स्थापना तथा लाभार्थियों तक भोजन पहुंचाने के लिए एक वाहन के लिए 68 लाख रुपए का वित्तीय सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया था। समझौता की शर्तों के तहत लगभग 3000 वर्ग फीट में बेस किचन तैयार कर लिया गया है जिसका उद्घाटन 22 जनवरी को किया जाएगा।

बीएसएल की इस पहल के तहत इस्कॉन के माध्यम से बोकारो जिले के एनीमिया और कुपोषण से प्रभावित इलाकों में प्रतिदिन 500 लाभार्थियों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस्कॉन के पास ऐसी परियोजनाओं को चलाने में विशेषज्ञता हासिल है। एनीमिया और कुपोषण का निवारण एक बड़ी चुनौती है और बोकारो जिले के कुछ हिस्से भी इससे प्रभावित हैं। बोकारो स्टील की इस पहल से प्रभावित लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

## फाइनेंसियल लिटरेसी पर कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय में सीबीएसई के तत्वावधान में फाइनेंसियल लिटरेसी पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार एवं सीए सिद्धांत जैन ने किया। कार्यशाला में फाइनेंसियल लिटरेसी के अंतर्गत बेसिक्स ऑफ फाइनेंसियल एंड रिटायरमेंट प्लान विषय पर जानकारी दी गई। बताया गया कि कैसे अपने वित्त का समायोजन कर सही तरीके से धन का बाजार में निवेश करें ताकि आपके आने वाले समय में वित्तीय संकट का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अवमूल्यन को समाप्त करने के लिए बाजार में निवेश जरूरी है। अगर निवेश के लिए धन नहीं बच रहा है तो अपने खर्च को समायोजित कर धन का निवेश करें।

# बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी बनाने में बोकारो पूरे राज्य में अव्वल



**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में डीडीसी कीर्ति श्री की अध्यक्षता में आयोजित नव चयनित बैंकिंग कॉरस्पॉडेंट सखी के इंडक्शन प्रोग्राम में जिले के विभिन्न प्रखंडों में जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बीसी सखी दीदी शामिल हुई। मौके पर श्रीमती कीर्ति श्री जी ने बताया कि वित्त मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त पहल पर प्रति वर्ष स्वयं सहायता समूह के दीदियों के बीच से बीसी सखी चयनित करने के लिए बोकारो जिला को 27 बीसी सखी बनाने को लेकर लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जेएसएलपीएस/विभिन्न बैंकों के सहयोग से जिला ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के अलग अलग प्रखंडों के गांव से कुल 52 बीसी सखी को चयनित/प्रशिक्षित कर बीसी सखी बनाया गया है।

# 22 जनवरी को शिव मंदिर सिंदरी में होगा वृहत आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या नगरी में श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट द्वारा 22 जनवरी को प्रभु श्री रामलला की मूर्ति की गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तिथि से एक दिन पहले 21 जनवरी को सिंदरी के ऐतिहासिक शिव मंदिर में सुबह 9 बजे से हिन्दू महाकाव्य रामायण का अखंड पाठ शुरू हो जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए शिव मंदिर कमेटी सचिव सह पूर्व पार्षद दिनेश सिंह ने बताया कि वृहत आयोजन के लिए शिव मंदिर को दीपावली की तरह सजाया जा रहा है। रविवार से शुरू अखंड रामायण पाठ की पूणार्हुति के बाद सोमवार को भक्तगणों के द्वारा मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके बाद वाराणसी गंगा आरती की तर्ज पर शिव मंदिर प्रांगण स्थित तालाब के किनारे शिव त्रिशूल और डमरू की ध्वनि के साथ महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

## चौक चौराहा पर किया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत आज प्राणजीवन एकेडमी में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही धनबाद में अलग अलग चौक चौराहों पर आमजनों के बीच नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा गुड सैमेरिटन के बारे में विस्तार से लोगों को बताया गया कि दुर्घटना होने पर दुर्घटना स्थल की पुलिस तथा एंबुलेंस को सूचित करे। घायल व्यक्ति को शीघ्र अस्पताल पहुंचाए। गुड समेरिटन को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति-पत्र तथा जिला और राज्य स्तर पर पुरस्कार उपलब्ध कराया जाता है।

# अनुशासित जीवन व कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** बलियापुर बायपास रोड स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में शनिवार को फ्रेशर डे का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ धनबाद के भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह एवं जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के डायरेक्टर प्रदीप मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके की गई।

मौके पर छात्रों ने सांसद समेत सभी अतिथियों को तिलक लगाकर आरती उतार कर तथा अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया मौके पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने नए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने बताया की अनुशासित जीवन एवं कड़ी मेहनत ही हमें सफलता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आप सब बधाई के पात्र हैं जो की जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन को चुना है।

संस्था के निदेशक प्रदीप मंडल ने नए छात्र-छात्राओं से आह्वान किया की जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर अग्रसर होने की आवश्यकता है। निदेशक नित्यानंद मंडल ने नए छात्र-छात्राओं को विभिन्न कोर्स में नामांकन के लिए बधाई दी। उन्होंने उनसे कहा कि आपने समाज में मानव सेवा प्रदान करने के लिए एक चिकित्सा सेवा को चुना है।

## बीएसएल के सीआरएम में कार्यस्थल पर कार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बीएसएल के सीआरएम एक व दो में सीआरएम के शॉप कार्मिक द्वारा कार्यस्थल पर कार्मिक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएफ ई नामांकन और ग्रेच्युटी नामांकन अनुकंपा पर रोजगार आईओडब्ल्यू और इसकी प्रक्रिया मेडिकल इनवेलिडेशन बोर्ड के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 20 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया और सभी ने अपने प्रश्नों को स्पष्ट करने और उस पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया। आयोजन में डीजीएम अविनाश झा वरिष्ठ प्रबंधक सुष्मिता सोरेन प्रबंधन प्रशिक्षु चाहत प्रिया व जीएम सीआरएम 1 व 2 एसके मिश्रा का योगदान रहा।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बदलाव का संदेश : आलमगीर

## युवा सम्मेलन के बहाने कांग्रेस ने किया चुनावी शंखनाद



## प्रधानमंत्री के वादे जुमले हुए साबित : बादल



कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रभारी का स्वागत करते विधायक प्रदीप यादव एवं उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** युवा कांग्रेस के सम्मेलन के बहाने शनिवार को हँसडीहा में हजारों लोगों की भीड़ के साथ कांग्रेस ने यह साफ संदेश दे दिया की गोड्डा लोकसभा में इसबार वे आर पार की लड़ाई के मूड में है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व झारखण्ड केबिनेट के दो मंत्रियों ने हुंकार भरते हुए चुनावी मुहीम का शंखनाद कर दिया। कार्यक्रम में सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि इस अधिवेशन के माध्यम से आने वाली 2024 की चुनावी रणनीति के तहत गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में सगंठन के सशक्तिकरण व सगंठन की पूर्णता को बढ़ावा मिलेगा।

### कांग्रेस ने संगठन को मजबूत कर 2024 जीतने का लिया संकल्प

युवा कांग्रेस के लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में पहुंचे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने जमकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री का नाम लेते हुए उन्हें देश का सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाला नेता बताते हुए कहा कि देश में झूठ और फरेब की राजनीति करने वालों को बेनकाब करना है। कांग्रेस अपनी विचारधारा और सर्वधर्म समभाव के रास्ते चलते हुए युवाओं, बेरोजगारों, महंगाई, ध्वस्त कानून व्यवस्था, महिला उत्पीड़न तथा आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं को लेकर संघर्ष करेगी। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की मुहिम को गति देनी होगी।

## गेट जाम के बाद मोर्चा ने शुरू किया धरना

**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने अपनी मांगों को लेकर बीएसएल के टीसी गेट को जाम कर दिया। प्रबंधन की तरफ से बात नहीं बनने के बाद गेट के सामने रैयत अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए। मोर्चा के अध्यक्ष ललित नारायण ने बताया कि प्रबंधन हम रैयतों की पुश्तैनी जमीन लेने के बाद भी नियोजन मुआवजा और पुनर्वास नहीं दे रहा है। अपने हक के लिए रैयत हाई कोर्ट से भूमि वापसी का मामला जीत चुके हैं। उसके बाद भी प्रबंधन वार्ता के लिए नहीं आ रहा है। अब धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। गेट जाम व नुक्कड़ सभा को संघर्ष मोर्चा के पुष्कर महतो आनंद महतो सुनीता देवी भीम मुर्मू बिराज महतो आदि ने संबोधित किया।

## खबर एक नजर में

### जिला प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया

**बाघमारा।** बाघमारा के कतरास में जिला प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।फ्लैग मार्च कतरास के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण किया। फ्लैग मार्च के दौरान सिटी एसपी ने कहा कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे जिले में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। 22 जनवरी को पूरे जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगी।शांति भंग करने वाले से पुलिस शक्ति से निपटेगी। किसी को भयभीत होने की जरूरत नहीं है।पुलिस अपना काम शांतिपूर्ण तरीका से करेगी। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। हर चौक चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहेंगे।ड्रोन कैमरे से 22 जनवरी को निगरानी की जाएगी। फ्लैग मार्च में सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी,बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मु, प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी अर्चना खालको, डीएसपी 1-अमर पांडेय,डीएसपी विधि व्यवस्था अरबिंद कुमार बिन्दा, इंस्पेक्टर धनबाद संतोष कुमार गुप्ता, झरिया इंस्पेक्टर संतोष सिंह, कतरास इंस्पेक्टर रणधीर सिंह शामिल थे।

### मुख्यमंत्री से ईडी की पूछताछ के खिलाफ सोनोत संथाल समाज का रोषपूर्ण प्रदर्शन

**धनबाद।** ई डी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की जा रही पूछ -ताछ के खिलाफ सोनोत संथाल समाज के तत्वावधान में शनिवार को तीर धनुष व पारंपरिक हथियार के साथ जुलूस निकालकर धनबाद रणधीर वर्मा चौक में रोष पूर्ण प्रदर्शन किया गया।जुलूस में केंद्र सरकार और ई डी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।साथ ही सरकार पर मुख्यमंत्री को परेशान करने का आरोप लगाया गया।उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सब एक आदिवासी मुख्यमंत्री के साथ अन्य और उन्हें बेइज्जत करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर गलत तरीके से मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया तो पूरा झारखंड जलेगा और भाजपा के नेताओं को झारखंड में घुसने नहीं दिया जाएगा।इसको लेकर पूरे धनबाद समेत झारखंड को बंद किया जाएगा आंदोलन ऐसा होगा जो पहले कभी नहीं हुआ।

### गुड्डू सिंह बने युवा जदयू पूर्वी टुंडी अध्यक्ष

**पुर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत हलकट्टा गांव निवासी गुड्डू सिंह को युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। युवा जदयू जिलाध्यक्ष रुपेश पासवान ने गुड्डू सिंह को युवा जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया । गुड्डू सिंह को प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने बधाई दी है। श्री सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि गुड्डू सिंह का युवा जदयू बनने से संगठन को और बल मिलेगा। मौके पर जितेन दास, शिशिर दा, दुलाल दा,सुबल दास, अशोक कुमार दास, पंकज सिंह आदि ने बधाई दी है।

### झारखंड आंदोलनकारी स्व0 बिष्टु महतो की द्वितीय पुण्यतिथि मनायी गयी

**तेतुलमारी।** शनिवार को झारखंड आंदोलनकारी स्व० बिष्टु महतो का द्वितीय पुण्यतिथि मटकुटांड,बड़कीबौआ मैदान में मनाया गया। मौके पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने स्व० बिष्टु महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और नमन किया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि आज स्व० बिष्टु महतो जैसे झारखंड आंदोलनकारी के संघर्ष के बल पर झारखंड राज्य अलग हुआ है। इनके सपनों का झारखंड बनाने के लिए युवाओं को आगे आकर संघर्ष करना होगा।

### कारगर साबित हो रहा पहला कदम का होम बेस्ड अभिभावक जागरूकता अभियान

**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम के द्वारा पहला कदम स्कूल के विशेष शिक्षकों के द्वारा सुदूर क्षेत्रो मे होम बेस्ड अभिभावक जागरूकता केम्प लगाया गया। जिसका उद्देश्य अभिभावकों को सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करना था।

## पेज एक का शेष

### झारखंडी कभी डरता ...

सीएम ने पूछताछ करने आवसा बुलाया था : गौरतलब हो कि इडी ने मुख्यमंत्री को पत्र (8वां समन) भेजकर यह विकल्प दिया था कि वे पूछताछ का समय, स्थान और दिन तय कर दें, अधिकारी आकर उनसे पूछताछ कर लेंगे। इसी पत्र के आलोक में सीएम ने उन्हें अपने आवास पर ही पूछताछ करने बुलाया था। बताया जाता है कि बड़गाईं अंचल के उप-राजस्व निरीक्षक भानुप्रताप प्रसाद के घर पर छापेमारी के दौरान कुछ दस्तावेज मिले थे और इडी इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री से पूछताछ करना चाहती थी। इस केस में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित 13 लोग पहले से जेल में हैं। 11 अप्रैल 2023 को छापेमारी हुई थी। 4 मई 2023 को इडी ने आईएएस अधिकारी छवि रंजन को गिरफ्तार किया था।

**हम डरनेवाले नहीं है: बन्ना गुप्ता :** इडी पूछताछ को लेकर सीएम आवास के बाहर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि अंदर स्थिति सामान्य है। हम सीएम से मिले हैं, वो उसी अंदाज में हैं। कोई डर-भय नहीं है, सीएम आराम से इडी के सवालों का सामना कर रहे हैं। बन्ना गुप्ता ने कहा कि हम पूछताछ में इडी का पूरा तरह से सहयोग कर रहे हैं। हम डरने वाले लोग नहीं हैं। हम क्रांति करने वाले लोग हैं। हमपर जितना जुल्म होगा, हम सहेंगे और मजबूत होंगे। हालांकि एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए लेकिन हम एजेंसियों को अपना मानते हैं और पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं।

### अभेद्य सुरक्षा, राम...

सभी देवी-देवताओं का आमंत्रण : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी देवी-देवताओं को निमंत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में भगवान राम की कुलदेवी बड़ी देवकाली माता और माता सीता की कुलदेवी छोटी देवकाली माता को भी शनिवार को निमंत्रण दिया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख न्यासी व अयोध्या नरेश विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र ने माता का पूजन कर मंदिर के निर्विघ्न निर्माण की प्रार्थना की थी। मातृत्व की छांव प्रदान करने के लिए उन्हें स्नेहिल निमंत्रण भी दिया था।

**बाहरी के प्रवेश पर प्रतिबंध :** केंद्र से लेकर राज्य तक के 25 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों ने अयोध्या में डेरा डाल दिया है। इसी के साथ शीर्ष खुफिया एजेंसी रॉ की मौजूदगी भी है। अयोध्या में 3 दिनों तक बाहरी लोगों की एंट्री बंद हो गयी। वहीं प्राण प्रतिष्ठा से पहले लखीमपुर नगर पालिका बोर्ड ने जिले के चार चौराहों का नाम राम, जानकी और परशुराम के नाम रखने का प्रस्ताव कर दिया।

### मोदी ने रामेश्वरम में ...

प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के इस प्राचीन मंदिर में दर्शन के दौरान ह्यवेष्टि' (धोती) और ह्यअंगवस्त्रम' (शॉल) पहना था। पूजा अर्चना करने के बाद पीएम मोदी ने मंदिर परिसर में 'अंडाल' नाम के एक हाथी को भोजन देकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान गजराज ने माउथ ऑर्गन भी बजाया। उन्हें मंदिर के पुजारियों ने 'सदरी' प्रदान की। मोदी ने वैष्णव संत-गुरु श्री रामानुजाचार्य और श्री चक्रथाझवार को समर्पित कई 'सन्नाधि' (देवताओं के लिए अलग-अलग पूजास्थल) में प्रार्थना की। तमिल में इष्टदेव को रंगनाथर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर के निर्माण में चोल, पांड्या, होयसाल और विजयनगर साम्राज्य के राजाओं ने योगदान दिया है।

**वैकुंठम के नाम से जाना जाता है मंदिर :** श्रीरंगम मंदिर कावेरी और कोल्लीदम नदियों के संगम पर एक द्वीप पर स्थित है। श्रीरंगम मंदिर को 'बोलोगा वैकुंठम' या 'पृथ्वी पर वैकुंठम' के नाम से भी जाना जाता है। शनिवार को चेन्नई से यहां पहुंचे और मंदिर जाते समय अपनी कार के पायदान पर खड़े होकर उन्होंने लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर हाथ हिलाकर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री इसके बाद रामेश्वर के अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।

# अयोध्या में भगवान के चरणों में चढ़े फूलों से बनेगी धूप

एजेंसी

**लखनऊ।** अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान और इसके बाद मंदिर में उपयोग होने वाले और भगवान के श्रीचरणों में चढ़ने वाले फूलों के कारण मंदिर परिसर में गंदगी न हो, इसके लिए अयोध्या नगर निगम ने अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत अयोध्या धाम के सभी मंदिरों में चढ़े फूलों को प्रॉसेस करके धूपबत्ती बनाई जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा में बड़ी तादाद में चढ़ने वाले फूलों को भी नगर निगम इसी तरह प्रॉसेस करेगा, जबकि, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद भी मंदिर परिसर में उपयोग होने वाले फूलों से धूपबत्ती बनाई जाएगी, ताकि मंदिर को न सिर्फ स्वच्छ रखा जा सके, फूलों की प्रॉसेसिंग के

**प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के सभी मंदिरों से प्रतिदिन 9 मीट्रिक टन फूल होंगे वेस्ट रिसाइकिल**

माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा जा सके। एक आकलन के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या धाम के सभी मंदिरों से प्रतिदिन 9 मीट्रिक टन फूल वेस्ट रिसाइकिल किए जाने की उम्मीद है, जबकि अभी यह 2.3 मीट्रिक टन हो रहा है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या जी में हर साल असंख्य तीर्थयात्री आते हैं, जिससे टनों पुष्प अपशिष्ट उत्पन्न होता है। इस पुष्प अपशिष्ट को एकत्र करके इसे प्राकृतिक अगरबत्ती में परिवर्तित किया जाता है। यह पहल, अयोध्या



के मंदिर के फूलों को एक नया जीवन प्रदान करती है और पूरे भारत के भक्तों के लिए एक शुभ, सुगंधित अनुभव बनाती है, जो श्री राम जन्मभूमि मंदिर के उत्सव में शामिल हो सकते हैं और अयोध्या जी और भगवान राम का आशीर्वाद घर ला सकते हैं, चाहे वे कहीं से भी हों। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक कार्यक्रम के बाद इस प्रक्रिया में और तेजी लाई जाएगी, क्योंकि, 22 जनवरी के बाद लाखों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालुओं के अयोध्या धाम आने की संभावना है। ये श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में फूलों के माध्यम से अपने आराध्य के प्रति आस्था व्यक्त करेंगे। फूलों के कारण मंदिरों और धाम में कचरे की स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए फूलों की प्रॉसेसिंग के

**21 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या के मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से बनी बांस रहित धूप को किया था लॉन्च**

साथ ही धूप बनाने के कार्य में तेजी लाई जाएगी। एडीए उपाध्यक्ष के ओएसडी विनीत पाठक ने बताया कि 21 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से बनी बांस रहित धूप को लॉन्च किया था। यह परियोजना उत्तर प्रदेश सरकार, अयोध्या नगर निगम और नमामि गंगे कार्यक्रम के समर्थन और मार्गदर्शन के कारण संभव हो पाई है। इसके लिए फूल नाम के संगठन को जिम्मेदारी दी गई है, जिसने फूलों के कचरे के संग्रह और पुर्नचक्रण के लिए अयोध्या नगर निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि सौम्य चंदन तेल की सुगंध से युक्त ये धूप पूरी दुनिया में राम जन्म भूमि का आशीर्वाद ले जा रही हैं। लाखों भारतीयों के दैनिक पूजा अनुष्ठानों के लिए तेजी से उपलब्धता के लिए फूल द्वारा क्यू-कॉम प्लेटफॉर्म और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उत्पाद लॉन्च किए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा से पहले अभी वर्तमान में अयोध्या धाम से प्रतिदिन 2.3 मीट्रिक टन अपशिष्ट फूलों का पुनर्चक्रण किया जा रहा है। इसका प्लांट 8000 वर्ग/फीट क्षेत्र में फैला हुआ है। वहीं, 20 महिलाएं इस कार्य में लगी हैं। विनीत पाठक ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत भविष्य की कार्ययोजना निर्धारित की गई है।

## ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने की हुयी सफाई



**वाराणसी (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने की सफाई की गई। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम की देखरेख में वजूखाने की सफाई हुई, जिसमें करीब पौने तीन घंटे लगे। वजूखाने का पानी तीन जेट पम्प से निकाले जाने के बाद जिंदा मछलियां प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद के पदाधिकारियों को सौंप दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि वाराणसी नगर निगम के सफाई कर्मियों की टीम ने वजूखाने की सफाई की और चूने का भी छिड़काव किया। सफाई का कार्य सुबह 09 बजे से पूर्वाह्न 11.45 तक चला। इस दौरान श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट-4 और परिसर के अंदर एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। सफाई के दौरान पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन भी परिसर में मौजूद रहे। सफाई कार्य के दौरान श्रृंगार गौरी केस के वादी पक्ष और मसाजिद कमेटी के दो-दो प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ज्ञानवापी परिसर के सील वजूखाने की यह सफाई की गई है। वजूखाना सील होने की वजह से उसकी साफ-सफाई नहीं हो पा रही थी। इसके चलते अधिकांश मछलियां मर गई थीं, जिसके कारण दुर्गंध आ रहा था।

# भारत-म्यांमार सीमा जल्द होगी सील: शाह

### एसएसबी में महिला कर्मियों की संख्या छह प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य : गृह मंत्री

एजेंसी

**गुवाहाटी।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत सरकार जल्द ही भारत और म्यांमार के बीच लोगों की स्वतंत्र आवाजाही प्रतिबंधित करेगी। श्री शाह ने शनिवार को असम पुलिस के नवनियुक्त कमांडो की पासिंग आउट परेड (पीओपी) और गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में एक रैली में कहा कि भारत और म्यांमार के बीच यात्रा के लिए वीजा की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आंदोलन व्यवस्था (एफएमआर) समझौते की समीक्षा करने का विकल्प चुना है।भारत-म्यांमार सीमा को जल्द ही सील कर दिया जाएगा।असम पुलिस का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य राज्यों की



पुलिस की तुलना में असम पुलिस को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। गृह मंत्री ने दावा किया कि श्री मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2024 तक नक्सल प्रभावित इलाकों, कश्मीर और उत्तर पूर्व में हिंसा में 73 फीसदी की कमी आई है। श्री शाह ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने 2026 तक बल में महिला कर्मियों की संख्या को छह प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है क्योंकि उसने पहले ही चार प्रतिशत का लक्ष्य हासिल कर लिया है। श्री शाह ने तेजपुर में एसएसबी के भर्ती प्रशिक्षण केंद्र में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसबी के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एसएसबी महिला सैनिकों ने संयुक्त राष्ट्र मिशन और अमरनाथ यात्रा जैसे चुनौतीपूर्ण कर्तव्यों में भी भाग लिया है। श्री शाह ने कहा कि 226 करोड़ रुपये की लागत से एसएसबी से संबंधित कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, जिसमें 45वीं बटालियन मुख्यालय वीरपुर, 20वीं बटालियन मुख्यालय सीतामढी, रिजर्व बटालियन मुख्यालय बारासात में आवास, बैरक, मेस, अस्पताल और कई अन्यक्वार्टर गार्ड, स्टोर और गैरेज जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में एसएसबी ने बड़ी भूमिका निभाई है। इस अवसर पर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय गृह सचिव, एसएसबी के महानिदेशक और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।

## बिहार : राम मंदिर को उड़ाने की धमकी देने वाला इंतखाब गिरफ्तार

**अररिया(हि.स.)।** दाउद इब्राहिम गैंग का आतंकी करार देते हुए छोटा शकील के नाम से पुलिस की आकस्मिक सेवा वाली 112 नंबर पर डायल कर अयोध्या में बने श्री राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला युवक को अररिया पुलिस ने पलासी से गिरफ्तार कर लिया है।उन्होंने 112 नंबर पर लगातार डायल कर 22 जनवरी को मंदिर को बम से उड़ा देने की धमकी दे रहा था।गिरफ्तार युवक पलासी थाना क्षेत्र के बलुआ कालियागंज के रहने वाला मो.इब्राहिम का पुत्र मो.इंतखाब है।पुलिस ने उसके पास से उस मोबाइल को भी जब्त किया है,जिस मोबाइल से उन्होंने धमकी दी थी। जानकारी के अनुसार 19 जनवरी की शाम को युवक ने 112 नंबर पर डायल कर खुद को छोटा शकील होने और दाउद इब्राहिम गिरोह के आतंकी होने की बात करते हुए 22



जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर को बम से उड़ा देने की धमकी दी।इतना हीं नहीं ईआरआरएस के 112 नंबर पर उसके बाद लगातार फोन कर धमकी देता रहा। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत तकनीकी अनुसंधान का सहारा लिया।तकनीकी अनुसंधान में पुलिस को पता चला कि धमकी देने वाला व्यक्ति और धमकी देने में प्रयुक्त नंबर पलासी के बलुआ कालियागंज के मो.जमालुद्दीन के पुत्र मो.इब्राहिम के नाम से रजिस्टर्ड है।जिसके बाद पलासी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर मोबाइल धारक को गिरफ्तार किया।धमकी देने वाला मो.इब्राहिम का पुत्र 21 वर्षीय मो.इंतखाब है।राम मंदिर को उड़ने की धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### बीजापुर में दो महिला समेत तीन नक्सली मुठभेड़ में ढेर

**बीजापुर।** थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत बलम नेड्रा के पास बेलम गुटटा पहाड़ी में शनिवार को हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली एवं एक पुरुष नक्सली मारे गये। मारे गए तीनों नक्सलियों के शव के साथ दो नग भरमार, पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, 15 जेलेटिन, पांच डेटोनेटर, कोडेक्स वायर, विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गये नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। बलम नेड्रा एवं बेलम गुटटा में बासागुड़ा और मददेड़ एरिया कमेटी के डीव्हीसीएम विनोद कर्मा, आवापल्ली एलओएस राजू पुनेम, एसीएम विश्वनाथ, गुडडू तेलम एवं अन्य 20-25 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं कोबरा 210 की संयुक्त टीम अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान शनिवार सुबह 07.30 बजे बेलम गुटटा पहाड़ी में हुई मुठभेड़ में मददेड़ एरिया कमेटी की दो महिला नक्सली एवं एक पुरुष नक्सली को मार गिराने में पुलिस को सफलता मिली है।

## फिल्मफेयर अवार्ड में परफॉर्मेंस करेंगी जाह्नवी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर फिल्मफेयर अवाड्र्स के 69वें संस्करण में परफॉर्मेंस देंगी। फिल्मफेयर अवाड्र्स के 69वें संस्करण की मेजबानी इस साल गुजरात कर रहा है। जाह्नवी कपूर इस साल फिल्मफेयर में स्टेज पर परफॉर्म करने वाली हैं। कपूर ने कहा कि इस बार गुजरात में फिल्मफेयर हो रहा है, जिसका सिनेमा और संस्कृति से गहरा नाता रहा है। मैंने पिछले दिनों गुजरात में काफी समय बिताया था। मैंने वहां पर अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग की है। क्रिकेट की ट्रेनिंग के लिए मैं वड़ोदरा गई थी। गुजरात मुझे घर जैसा लगता है। इससे बेहतर जगह फिल्मफेयर अवार्ड समारोह के लिए इस बार नहीं हो सकती है।



## जदयू के विधायक गोपाल मंडल बोले मैनें पीएम मोदी का नाम नहीं सूना

**भागलपुर।** गोपालपुर से जदयू के विधायक गोपाल मंडल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहचानने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का नाम भी नहीं सुना है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी कहां से आए हैं हमें नहीं पता। मैंने उनका नाम भी मैं नहीं सुना है। उल्लेखनीय हो कि कुछ दिन पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे को भी उन्होंने पहचानने से इंकार कर दिया था। अब तो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पहचानने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी अड़ियल तरीके से बात करते हैं। दानव के तरह डकारते हैं। अब सवाल यह उठता है कि जब आप आप नरेंद्र मोदी को नहीं पहचानते तो उनके बारे में इतनी बातें कैसे जानते हैं? वहीं दूसरी ओर उन्होंने नितीश कुमार के बारे में काफी मीठे



शब्दों का प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि नीतिश कुमार वह अपने मन की बातों को सरलता से जनता के बीच रखते हैं। लेकिन मोदी जी स्क्रीन पर रखे शीशे को देखकर पढ़ते हैं। प्रधानमंत्री सिर्फ अपने चक्कर में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अडानी अंबानी से काम नहीं चलने वाला है। उन्होंने कहा कि नीतिश कुमार अगर बीजेपी में सटते हैं तो उनका वजूद खत्म हो जाएगा। विधायक गोपाल मंडल ने कहा बड़े भाई लालू यादव छोटे भाई नीतीश कुमार और भतीजा तेजस्वी चुंबक की तरह सटे हुए हैं।

# ललन सिंह के करीबियों का पत्ता साफ

### नीतीश कुमार ने 22 सदस्यीय टीम का किया गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

- सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह को बनाया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
- केसी त्यागी को राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता के साथ-साथ नीतीश कुमार का राजनीतिक सलाहकार बनाया गया
- सांसद आलोक कुमार सुमन फिर बने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नीतीश कुमार ने शनिवार को नई कमेटी का गठन किया है। खास बात ये है कि इस कमेटी में ललन सिंह की पुरानी टीम के लोगों पर कैंची चली है। नीतीश कुमार ने खुद सहित सिर्फ 22 लोगों की टीम बनायी है, जिसमें एक सलाहकार, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, 11 महासचिव, 6 सचिव और एक प्रवक्ता शामिल हैं। नीतीश कुमार के निर्देश पर जदयू के राष्ट्रीय महासचिव अफाक अहमद खान ने नये पदाधिकारियों की सूची जारी की है। नीतीश कुमार ने पहला फेरबदल पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर किया है। ललन सिंह के समय मंगनी लाल मंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गये थे। नीतीश ने उन्हें हटाकर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। केसी त्यागी को राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता के साथ-साथ नीतीश कुमार का राजनीतिक सलाहकार बनाया गया है। त्यागी पहले से इसी पद पर थे। इसके साथ सांसद आलोक कुमार सुमन को फिर से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व विधायक राजीव रंजन को पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। नीतीश कुमार ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों की संख्या आधी कर दी है। ललन सिंह के समय पार्टी के 22 राष्ट्रीय महासचिव थे। नीतीश ने 11 महासचिव बनाए हैं। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंगनी लाल मंडल को महासचिव बना दिया गया है। साथ ही सांसद रामनाथ ठाकुर, संजय झा, अली अशरफ फातमी, कहकंशा परवीन, आफाक आलम, श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, रामसेवक सिंह, कपिल हरिश्चंद्र पाटिल, राज सिंह मान और इंजीनियर सुनील कुमार को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। नीतीश कुमार ने सचिव पद पर 6 नेताओं को जगह दी है। पहले 7 राष्ट्रीय सचिव हुआ करते थे। नीतीश की नयी कमेटी में विद्यासागर निषाद, राजीव रंजन प्रसाद, अनूप पटेल, दयानंद राय, संजय कुमार और एम निसार को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है।



## एक नजर में

### चीन में स्कूल छात्रावास में लगी आग से 13 मरे



**बीजिंग।** चीन के हेनान प्रांत में छोटे बच्चों के एक स्कूल के छात्रावास में आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई। चाइना डेली की रिपोर्ट के अनुसार, आग शुक्रवार रात 11 बजे से पहले नानयांग के फांगचेंग काउंटी के दुशू शहर के यानशानपु गांव स्थित यिंगकाई स्कूल के छात्रावास में लगी। चाइना डेली के अनुसार, 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।उसकी हालत स्थिर है। बचावकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और रात 11:38 बजे आग बुझा दी गई। यह स्कूल किंडरगार्टन और प्राथमिक ग्रेड की शिक्षा प्रदान करता है। यिंगकाई स्कूल काउंटी के डाउनटाउन क्षेत्र से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर में उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला कंपनी के ऑफिस में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई थी। पिछले साल अप्रैल में बीजिंग में एक अस्पताल में आग लगने से 29 लोगों की मौत हो गई थी।

### अमेरिका ने हूती के तीन मिसाइलों को किया नष्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी (यूएस) सेंट्रल कमांड बलों ने शुक्रवार को तीन हूती एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ हमले किए। इन तीनों मिसाइलों का लक्ष्य लाल सागर था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड बलों ने तीनों को नष्ट कर दिया। द यूनियन हेराल्ड ने एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की है। द यूनियन हेराल्ड के अनुसार, यूएस सेंट्रल कमांड ने 19 जनवरी को लगभग 6:45 बजे (सना (यमन) के समयानुसार) यह हमले किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि हूती ने लाल सागर में व्यापारिक जहाजों और अमेरिकी नौसेना के जहाजों के लिए खतरा पैदा कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, लाल सागर में तनाव बढ़ गया है। इस वजह से कई हफ्तों से एशिया और यूरोप के बीच व्यापार धीमा हो गया है। यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती का कहना है कि उनके हमले गाजा में इजराइल के हमले के तहत फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में हैं। इससे पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन कह चुके हैं कि हूती कि खिलाफ हवाई हमले जारी रहेंगे।

### चंद्रमा पर उतरने वाला बना पांचवां देश जापान

टोक्यो। जापान के स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून मिशन (स्लिम) ने चांद की सतह पर सफलतापूर्वक लैंडिग कर ली है। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया है। जापान से पहले अमेरिका, रूस, चीन और भारत ने चंद्रमा की सतह पर अपने लैंडर उतारे हैं। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) के मुताबिक जापान का मानवरहित अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर पहुंच चुका है। चंद्रमा के अध्ययन के लिए भेजे गए स्मार्ट लैंडर ने टोक्यो के समय के अनुसार शनिवार देर रात 12:20 बजे चंद्रमा की सतह पर उतरा है। स्लिम यात्री वाहन के आकार का हल्का अंतरिक्ष यान है। साफ्ट लैंडिंग के लिए इसने 'पिनपाइंट लैंडिंग' तकनीक का उपयोग किया। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत भारत के विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त, 2023 को चांद के दक्षिण ध्रुव पर साफ्ट लैंडिंग की थी।

### कश्मीरी पंडित हत्या में 12 पर चार्जशीट

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पिछले वर्ष फरवरी में कश्मीरी पंडित की हत्या के मामले में तीन मृत आतंकवादियों सहित 12 लोगों के खिलाफ शनिवार को पुलवामा में विशेष नामित अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया। एटीएम गार्ड के रूप में काम करने वाले कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की पिछले वर्ष 26 फरवरी को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अचन इलाके में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। शर्मा की हत्या के मामले की शुरूआत में पुलवामा पुलिस ने जांच की थी और बाद में इसे विशेष जांच के लिए एसआईए कश्मीर को स्थानांतरित कर दिया गया था। एक साल से भी कम समय में एसआईए ने मामले की जांच पूरी कर आरोपपत्र दाखिल कर दिया। एसआईए ने कहा कि मामले की जांच से पता चला कि आरोपी व्यक्ति सीमा पार आतंकी आकाओं के निर्देश पर काम कर रहे थे।
हत्या के मामले में पुलवामा में राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम के तहत विशेष नामित अदालत के समक्ष 12 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया।

### सेल के 28 अधिकारी हुये निलंबित

**नयी दिल्ली।** इस्पात मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल के निदेशक (वाणिज्यिक) वी.एस. चक्रवर्ती और निदेशक (वित्त) ए.के. तुलसियानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।कंपनी ने कहा कि इस्पात मंत्रालय के निर्देशों का पालन करते हुए सेल ने कंपनी के बोर्ड स्तर से नीचे के 26 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसमें कहा गया कि यह मामला लोकपाल के निर्देशानुसार की जा रही कुछ जांचों से जुड़ा है। सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि कंपनी का कारोबार सामान्य रूप से चल रहा है और इसका कंपनी के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।अमरेंदु प्रकाश ने कहा, ह्लहम कॉर्पोरेट प्रशासन और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं। सेल गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करते हुए उद्योग में मजबूती से खड़ा है।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!



# नील सरोरुह स्याम तरुण अरुण बारिज नयन करउ सो मम उर धाम सदा क्षीर सागर सयन



**राम के नाम का रहस्य**

**राम या मार :** राम का उल्टा होता है म, अ, र अर्थात मार। मार बौद्ध धर्म का शब्द है। मार का अर्थ है- इंद्रियों के सुख में ही रत रहने वाला और दूसरा आंधी या तूफान। राम को छोड़कर जो व्यक्ति अन्य विषयों में मन को रमाता है, मार उसे वैसे ही गिरा देती है, जैसे सूखे वृक्षों को आंधियां।

**तारणहार राम का नाम :** श्रीराम-श्रीराम जपते हुए असंख्य साधु-संत मुक्ति को प्राप्त हो गए हैं। प्रभु श्रीराम नाम के उच्चारण से जीवन में सकारात्क ऊर्जा का संचार होता है। जो लोग ध्वनि विज्ञान से परिचित हैं वे जानते हैं कि ह्यरामह्ल शब्द की महिमा अपरम्पार है।

जब हम राम कहते हैं तो हवा या रेत पर एक विशेष आकृति का निर्माण होता है। उसी तरह चित्त में भी विशेष लय आने लगती है। जब व्यक्ति लगातार राम जप करता रहता है तो रोम-रोम में प्रभु श्रीराम बस जाते हैं। उसके आसपास सुरक्षा का एक मंडल बनना तय समझो। प्रभु श्रीराम के नाम का असर जबरदस्त होता है। आपके सारे दुःख हरने वाला सिर्फ एकमात्र नाम है- ह्यहे राम।

**व्यर्थ की चिंता छोड़ो :**

होइहै वही जो राम रचि राखा।
को करे तरफ बढ़ाए साखा।।

राम सिर्फ एक नाम नहीं हैं और न ही सिर्फ एक मानव। राम परम शक्ति हैं। प्रभु श्रीराम के द्रोहियों को शायद ही यह मालूम है कि वे अपने आसपास नर्क का निर्माण कर रहे हैं। इसीलिए यह चिंता छोड़ दो कि कौन प्रभु श्रीराम का अपमान करता है और कौन सुनता है।

**नीति-कुशल व न्यायप्रिय नरेश**

भगवान राम विषम परिस्थितियों में भी नीति सम्मत रहे। उन्होंने वेदों और मयार्दा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। स्वयं की भावना व सुखों से समझौता कर न्याय और सत्य का साथ दिया। फिर चाहे राज्य त्यागने, बाली का वध करने, रावण का संहार करने या सीता को वन भेजने की बात ही क्यों न हो।

**सहनशील व धैर्यवान**

सहनशीलता व धैर्य भगवान राम का एक और गुण है।

राम का संयमी होना माता कैकेयी की उस शर्त का अनुपालन था जिसमें उन्होंने राजा दशरत से मांग की थी-

**तापस बेष बिसेषि उदासी।**
**चौदह बरिस रामु बनवासी।।**

**सीता हरण के बाद संयम से काम लेना**

समुद्र पर सेतु बनाने के लिए तपस्या करना,

सीता को त्यागने के बाद राजा होते हुए भी संन्यासी की भांति जीवन बिताना उनकी सहनशीलता की पराकाष्ठा है।

संयमित- यानि समय-यमय पर उठने वाली मानसिक उत्तेजनाओं जैसे- कामवासना, क्रोध, लोभ, अहंकार तथा मोह आदि पर नियंत्रण रखना। राम-सीता ने अपना संपूर्ण दाम्पत्य बहुत ही संयम और प्रेम से जीया। वे कहीं भी मानसिक या शारीरिक रूप से अनियंत्रित नहीं हुए।

**दयालु व बेहतर स्वामीकेें**

भगवान राम ने दया कर सभी को अपनी छत्रछाया में लिया। उनकी सेना में पशु, मानव व दानव सभी थे और उन्होंने सभी को आगे बढ़ने का मौका दिया। सुग्रीव को राज्य, हनुमान, जाम्बवंत व नल-नील को भी उन्होंने समय-समय पर नेतृत्व करने का अधिकार दिया।

**मित्र**

केवट हो या सुग्रीव, निषादराज या विभीषण। हर जाति, हर वर्ग के मित्रों के साथ भगवान राम ने दिल से करीबी रिश्ता निभाया। दोस्तों के लिए भी उन्होंने स्वयं कई संकट झेले।



## मूक होई बाचाल पंगु चढ़ई गिरिवर गहन

**बेहतर प्रबंधक**

भगवान राम न केवल कुशल प्रबंधक थे, बल्कि सभी को साथ लेकर चलने वाले थे। वे सभी को विकास का अवसर देते थे व उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते थे। उनके इसी गुण की वजह से लंका जाने के लिए उन्होंने व उनकी सेना ने पत्थरों का सेतु बना लिया था।

**भाई**

भगवान राम के तीन भाई लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न सौतेली माँ के पुत्र थे, लेकिन उन्होंने सभी भाइयों के प्रति सगे भाई से बढ़कर त्याग और समर्पण का भाव रखा और स्नेह दिया। यही वजह थी कि भगवान राम के वनवास के समय लक्ष्मण उनके साथ वन गए और राम की अनुपस्थिति में राजपाट मिलने के बावजूद भरत ने भगवान राम के मूल्यों को ध्यान में रखकर सिंहासन पर रामजी की चरण पादुका रख जनता को न्याय दिलाया।

**संतान**

दाम्पत्य जीवन में संतान का भी बड़ा महत्वपूर्ण स्थान होता है। पति-पत्नी के बीच के संबंधों को मधुर और मजबूत बनाने में बच्चों की अहम्‍ भूमिका रहती है। राम और सीता के बीच वनवास को खत्म करने और सीता को पवित्र साबित करने में उनके बच्चों लव और कुश ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

भरत के लिए आदर्श भाई, हनुमान के लिए स्वामी, प्रजा के लिए नीति-कुशल व न्यायप्रिय राजा, सुग्रीव व केवट के परम मित्र और सेना को साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व के रूप में भगवान राम को पहचाना जाता है। उनके इन्हीं गुणों के कारण उन्हें मयार्दा पुरुषोत्तम राम के नाम से पूजा जाता है। सही भी है, किसी के गुण व कर्म ही उसकी पहचान बनाते हैं।

**नाम की महिमा:** सेतुबंध बनाया जा रहा था तब सभी को संशय था कि क्या पत्थर भी तैर सकते हैं। क्या तैरते हुए पत्थरों का बाँध बन सकता है तो इस संशय को मिटाने के लिए प्रत्येक पत्थर पर राम का नाम लिखा गया। हनुमान जी भी सोच में पड़ गए कि बिना सेतु के मैं लंका कैसे पहुँच सकता हूँह्न.लेकिन राम का नाम लेकर वे एक ही फलांग में पार कर गए समुद्र।

भगवान राम के जन्म के पूर्व इस नाम का उपयोग ईश्वर के लिए होता था अर्थात ब्रह्म, परमेश्वर, ईश्वर आदि की जगह पहले राम शब्द का उपयोग होता था, इसीलिए इस शब्द की महिमा और बढ़ जाती है तभी तो कहते हैं कि राम से भी बढ़कर श्रीराम का नाम है। रामह्ल शब्द की ध्वनि हमारे जीवन के सभी दुखों को मिटाने की ताकत रखती है। यह हम नहीं ध्वनि विज्ञान पर शोध करने वाले वैज्ञानिक बताते हैं कि राम नाम के उच्चारण से मन शांत हो जाता।

**कलयुग में यही सहारा:** कहते हैं कि कलयुग में सब कुछ महँगा है, लेकिन राम का नाम ही सस्ता है। सस्ता ही नहीं सभी रोग और शोक की एक ही दवा है राम। वर्तमान में ध्यान, तप, साधना और अटूट भक्ति करने से भी श्रेष्ठ राम का नाम जपना है। भागमभाग जिंदगी, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, धोखे पर धोखे, माया और मोह आदि सभी के बीच मानवता जब हताश और निराश होकर आत्महत्या करने लगती है तब सिर्फ राम नाम का सहारा ही उसे बचा सकता है।

**राम रहस्य:** प्रसिद्ध संत शिवानंद निरंतर राम का नाम जपते रहते थे। एक दिन वे जहाज पर यात्रा के दौरान रात में गहरी नींद में सो रहे थे। आधी रात को कुछ लोग उठने लगे और आपस में बात करने लगे कि ये राम नाम कौन जप रहा है। लोगों ने उस विराट, लेकिन शांतिमय आवाज की खोज की और खोजते-खोजते वे शिवानंद के पास पहुँच गए।सभी को यह जानकर बड़ा आश्चर्य हुआ की शिवानंद तो गहरी नींद में सो रहे है, लेकिन उनके भीतर से यह आवाज कैसे निकल रही है। उन्होंने शिवानंद को झकझोर कर उठाया तभी अचानक आवाज बंद हो गई। लोगों ने शिवानंद को कहा आपके भीतर से राम नाम की आवाज निकल रही थी इसका राज क्या है। उन्होंने कहा मैं भी उस आवाज को सुनता रहता हूँ। पहले तो जपना पड़ता था राम का नाम अब नहीं। बोलो श्रीराम।

कहते हैं जो जपता है राम का नाम राम जपते हैं उसका नाम शतायु

**तुलसीदास के राम**

इसके बाद गोस्वामी तुलसीदास, जिनका जन्म सन 1554 ई. हुआ था, ने रामचरित मानस की रचना की। सत्य है कि रामायण से अधिक रामचरित मानस को लोकप्रियता मिली है लेकिन यह ग्रंथ भी रामायण के तथ्यों पर ही आधारित है।

## जय श्रीराम, अब होगा प्राचीन भारतीय विज्ञान का पुनरुत्थान

**प्रमोद भार्गव**

**अयोध्याधाम** में श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ राम की पुरातन एवं सनातन ऐतिहासिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की स्थापना भी हो जाएगी। अब विभिन्न रामायणों में दर्ज उस विज्ञान को भी मान्यता देने की जरूरत है, जिन्हें वामपंथी पूर्वाग्रहों के चलते वैज्ञानिक एवं बुद्धिजीवी न केवल नकारते रहे हैं, बल्कि इनकी ऐतिहासिकता को भी कपोल-कल्पित कहकर उपहास उड़ाते रहे हैं। अतैव यह समय प्राचीन भारतीय विज्ञान के पुनरुत्थान का भी काल है, क्योंकि रामायण और महाभारत कथाएं नाना लोक स्मृतियों और विविध आयामों में प्रचलित बनी रहकर वर्तमान हैं। इनका विस्तार भी सार्वभौमिक है।

देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। शायद इसीलिए भवभूति और कालिदास ने रामायण को इतिहास बताया। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में इतिहास को पुरावृत्त कहा गया है। गोया, कालिदास के रघुवंश में विश्वामित्र राम को पुरावृत्त सुनाते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने रामायण को महाकाव्यात्मक इतिहास की श्रेणी में रखा है। जबकि इन ग्रंथों में विज्ञानसम्मत अनेक ऐसे सूत्र मौजूद हैं, जिनके जरिए नए आविष्कार की दिशा में बढ़ा जा सकता है। विज्ञानसम्मत अंशों को संकलित कर पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। ऐसा करने से मेधावी छात्रों में विज्ञानसम्मत महात्वाकांक्षा जागेगी और भारतीय जीवन-मूल्यों के इन आधार ग्रंथों से मिथकीय आध्यात्मिकता की धूल झाड़ने का काम भी संपन्न होगा। वैसे भी ज्यादातर रामायणों में उल्लेख है की भगवान राम लंका विजय के बाद माता सीता, भाई लक्षमण, हनुमान और सुग्रीव के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचे थे।

इतिहास तथ्य और घटनाओं के साथ मानव की विकास यात्रा की खोज भी है। यह तय है कि मानव, अपने विकास के अनुक्रम में ही वैज्ञानिक अनुसंधानों से सायास-अनायास जुड़ता रहा है। ये वैज्ञानिक उपलब्धियां या आविष्कार रामायण, महाभारतकाल मे उसी तरह चरमोत्कर्ष पर थे, जिस तरह ऋग्वेद के लेखन-संपादन काल के समय संस्कृत भाषायी विकास के शिखर पर थी। रामायण का शब्दार्थ भी राम का अयण अर्थात भ्रमण से है। तीन सौ रामायण और अनेक रामायण विषयक संदर्भ गंथ, जिनके प्रभाव को नकारने के लिए पाउला रिचमैन ने 1942 में मैनी रामायणस द डाइवर्सिटी ऑफ ए नैरेटिव ट्रेडिशन इन साउथ एशिया लिखी और एके रामानुजन ने थ्री हंड्रेड रामायण फाइव एग्जांपल एंड थ्री थॉट्स आन ट्रांसलेशन निबंध लिख कर अनर्गल अंशों को गढ़कर सच्चाई को झुठलाया। जबकि इन्हीं रामायणों, रामायण विषयक संदर्भ ग्रंथों और मदन मोहन शर्मा शाही के बृहद् उपन्यास से विज्ञानसम्मत आविष्कारों की पड़ताल की जा सकती है। रामायण एकांगी दृष्टिकोण का वृतांत भर नहीं है।

इसमें कौटुम्बिक सांसारिकता है। राज-समाज संचालन के कूट-मंत्र हैं। भूगोल है। वनस्पति और जीव जगत हैं। राष्ट्रीयता है। राष्ट्र के प्रति उत्सर्ग का चरम है। अस्त्र-शस्त्र हैं। यौद्धिक कौशल के गुण हैं। भौतिकवाद है। कणाद का परमाणुवाद है। सांख्य दर्शन और योग के सूत्र हैं। वेदांत दर्शन है और अनेक वैज्ञानिक उपलब्धियां हैं। गांधी का राम-राज्य और पं. दीनदयाल उपाध्याय के आध्यात्मिक भौतिकवाद के उत्स इन्हीं रामायणों में हैं। वास्तव में रामायण और उसके परवर्ती ग्रंथ कवि या लेखक की कपोल-कल्पना न होकर तात्कालिक ज्ञान के विश्व कोश हैं। जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने तो ऋग्वेद को कहा भी था कि यह अपने युग का विश्व-कोश है। अर्थात एन-साइक्लोपीडिया ऑफ वर्ल्ड !

## जन्म से मोझ तक राम

**मनोज शर्मा**

**हमारी** अंतिम यात्रा के समय भी इसी राम नाम सत्य है के घोष ने हमारी जीवनयात्रा पूर्ण की है और कौन नहीं जानता आखिर बापू ने अंत समय में हे राम किनके लिए पुकारा था।

आदिकवि ने उनके संबंध में लिखा है कि वे गाम्भीर्य में उदधि के समान और धैर्य में हिमालय के समान हैं। राम के चरित्र में पग-पग पर मयार्दा, त्याग, प्रेम और लोकव्यवहार के दर्शन होते हैं। राम ने साक्षात परमात्मा होकर भी मानव जाति को मानवता का संदेश दिया। उनका पवित्र चरित्र लोकतंत्र का प्रहरी, उत्प्रेरक और निमार्ता भी है। इसीलिए तो भगवान राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव है और युगों-युगों तक रहेगा।

**राम नाम उर मैं गहिओ जा कै सम नहीं कोई।।**
**जिह सिमरत संकट मिटै दरसु तुम्हारे होई।।**

जिनके सुंदर नाम को ह्रदय में बसा लेने मात्र से सारे काम पूर्ण हो जाते हैं। जिनके समान कोई दूजा नाम नहीं है। जिनके स्मरण मात्र से सारे संकट मिट जाते हैं। ऐसे प्रभु श्रीराम को मैं कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं।



कलयुग में न तो योग, न यज्ञ और न ज्ञान का महत्व है। एक मात्र राम का गुणगान ही जीवों का उद्धार है। संतों का कहना है कि प्रभु श्रीराम की भक्ति में कपट, दिखावा नहीं आंतरिक भक्ति ही आवश्यक है। गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं ज्ञान और वैराग्य प्रभु को पाने का मार्ग नहीं है बल्कि प्रेम भक्ति से सारे मैल धूल जाते हैं। प्रेम भक्ति से ही श्रीराम मिल जाते हैं।

**छूटहि मलहि मलहि के धोएं।**
**धृत कि पाव कोई बारि बिलोएं।**
**प्रेम भक्ति जल बिनु रघुराई।**
**अभि अंतर मैल कबहुं न जाई।।**

अर्थात मैल को धोने से क्या मैल छूट सकता है। जल को मथने से क्या किसी को ?घी मिल सकता है। कभी नहीं। इसी प्रकार प्रेम-भक्ति रूपी निर्मल जल के बिना अंदर का मैल कभी नहीं छूट सकता। प्रभु की भक्ति के बिना जीवन नीरस है अर्थात रसहीन है। प्रभु भक्ति का स्वाद ऐसा स्वाद है जिसने इस स्वाद को चख लिया, उसको दुनिया के सारे स्वाद फीके लगेंगे।

भक्ति जीवन में उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितना स्वादिष्ट भोजन में नमक।

**भगति हीन गुण सब सुख ऐसे।**
**लवन बिना बहु व्यंजन जैसे।।**

अर्थात जिस तरह नमक के बिना उत्तम से उत्तम व्यंजन स्वादहीन है, उसी तरह प्रभु के चरणों की भक्ति के बिना जीवन का सुख, समृद्धि सभी फीके है।

# भगवान राम नीले और कृष्ण काले क्यों?

कुछ शोधकर्ता मानते हैं कि भगवान राम का जन्म 7323 ईसा पूर्व हुआ था। चैत्र मास की नवमी को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। लेकिन असल में वैज्ञानिक शोधकताओं अनुसार राम की जन्म दिनांक वाल्मीकि द्वारा बताए गए ग्रह-नक्षत्रों के आधार पर प्लैनेटेरियम सॉफ्टवेयर अनुसार 4 दिसंबर 7323 ईसा पूर्व अर्थात आज से 9334 वर्ष पूर्व हुआ था।

वाल्मीकि के अनुसार श्रीराम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी तिथि एवं पुनर्वसु नक्षत्र में जब पांच ग्रह अपने उच्च स्थान में थे तब हुआ था। इस प्रकार सूर्य मेष में 10 डिग्री, मंगल मकर में 28 डिग्री, ब्रहस्पति कर्क में 5 डिग्री पर, शुक्र मीन में 27 डिग्री पर एवं शनि तुला राशि में 20 डिग्री पर था। (बाल कांड 18/श्लोक 8, 9)।

शोधकर्ता डॉ. वर्तक पीवी वर्तक के अनुसार ऐसी स्थिति 7323 ईसा पूर्व दिसंबर में ही निर्मित हुई थी, लेकिन प्रोफेसर तोबयस के अनुसार जन्म के ग्रहों के विन्यास के आधार पर श्रीराम का जन्म 7129 वर्ष पूर्व अर्थात 10 जनवरी 5114 ईसा पूर्व हुआ था। उनके अनुसार ऐसी आका?शीय स्थिति तब भी बनी थी। तब 12 बजकर 25 मिनट पर आकाश में ऐसा ही दृष्य था जो कि वाल्मीकि रामायण में वर्णित है।

अक्सर मन में यह सवाल गूंजता है कि कृष्ण का काला रंग तो फिर भी समझ में आता है लेकिन भगवान राम को नील वर्ण भी कहा जाता है। क्या वाकई भगवान राम नीले रंग के थे, किसी इंसान का नीला रंग कैसे हो सकता है? वहीं काले रंग के कृष्ण इतने आकर्षक कैसे थे? इन भगवानों के रंग-रूप के पीछे क्या रहस्य है। राम के नीले वर्ण और कृष्ण के काले रंग के पीछे एक दार्शनिक रहस्य है। भगवानों का यह रंग उनके व्यक्तित्व को दशार्ते हैं। दरअसल इसके पीछे भाव है कि भगवान का व्यक्तित्व अनंत है। उसकी कोई सीमा नहीं है, वे अनंत है। ये अनंतता का भाव हमें आकाश से मिलता है। आकाश की कोई सीमा नहीं है। वह अंतहीन है। राम और कृष्ण के रंग इसी आकाश की अनंतता के प्रतीक हैं। राम का जन्म दिन में हुआ था। दिन के समय का आकाश का रंग नीला होता है। इसी तरह कृष्ण का जन्म आधी रात के समय हुआ था और रात के समय आकाश का रंग काला प्रतीत होता है। दोनों ही परिस्थितियों में भगवान को हमारे ऋषि-मुनियों और विद्वानों ने आकाश के रंग से प्रतीकात्मक तरीके से दशार्ने के लिए है काले और नीले रंग का बताया है।



भगवान राम आदर्श व्यक्तित्व के प्रतीक हैं। परिदृश्य अतीत का हो या वर्तमान का, जनमानस ने रामजी के आदर्शों को खूब समझा-परखा है रामजी का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ा है। राम सिर्फ एक आदर्श पुत्र ही नहीं, आदर्श पति और भाई भी थे। जो व्यक्ति संयमित, मर्यादित और संस्कारित जीवन जीता है, निःस्वार्थ भाव से उसी में मयार्दा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों की झलक परिलक्षित हो सकती है। राम के आदर्श कैंलक्ष्मण रेखा की उस मयार्दा के समान है जो लाँघी तो अनर्थ ही अनर्थ और सीमा की मयार्दा में रहे तो खुशहाल और सुरक्षित जीवन।

वर्तमान संदर्भों में भी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों का जनमानस पर गहरा प्रभाव है। त्रेतायुग में भगवान श्रीराम से श्रेष्ठ कोई देवता नहीं, उनसे उत्तम कोई व्रत नहीं, कोई श्रेष्ठ योग नहीं, कोई उत्कृष्ट अनुष्ठान नहीं। उनके महान चरित्र की उच्च वृत्तियाँ जनमानस को शांति और आनंद उपलब्ध कराती हैं। संपूर्ण भारतीय समाज के जरिए एक समान आदर्श के रूप में भगवान श्रीराम को उत्तर से लेकर दक्षिण तक संपूर्ण जनमानस ने स्वीकार किया है। उनका तेजस्वी एवं पराक्रमी स्वरूप भारत की एकता का प्रत्यक्ष चित्र उपस्थित करता है।

आदिकवि ने उनके संबंध में लिखा है कि वे गाम्भीर्य में उदधि के समान और धैर्य में हिमालय के समान हैं। राम के चरित्र में पग-पग पर मयार्दा, त्याग, प्रेम और लोकव्यवहार के दर्शन होते हैं। राम ने साक्षात परमात्मा होकर भी मानव जाति को मानवता का संदेश दिया। उनका पवित्र चरित्र लोकतंत्र का प्रहरी, उत्प्रेरक और निमार्ता भी है। इसीलिए तो भगवान राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव है और युगों-युगों तक रहेगा।

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम समसामयिक है। भारतीय जनमानस के रोम-रोम में बसे श्रीराम की महिमा अपरंपार है।

**एक राम राजा दशरथ का बेटा, एक राम घर-घर में बैठा,**
**एक राम का सकल पसारा,**
**एक राम सारे जग से न्यारा।**

भगवान श्री विष्णुजी के बाद श्री नारायणजी के इस अवतार की आनंद अनुभूति के लिए देवाधिदेव स्वयंभू श्री महादेव ग्यारहवें रुद्र बनकर श्री मारुति नंदन के रूप में निकल पड़े।

यहाँ तक कि भोलेनाथ स्वयं माता उमाजी को सुनाते हैं कि मैं तो राम नाम में ही वरण करता हूँ। जिस नाम के महान प्रभाव ने पत्थरों को तारा है।

## श्रीराम ने तोड़ा था भगवान भोलेनाथ का पिनाक धनुष



भगवान भोलेनाथ के पास एक ऐसा धनुष था जिसकी टंकार ( धनुष की रस्सी को खींचने के बाद अचानक छोड़ देने वाली आवाज) से ही बादल फट जाते थे और पर्वत हिलने लगते थे। इसी धनुष के एक तीर से त्रिपुरासुर की तीनों नगरियों को भगवान शंकर ने ध्वस्त कर दिया गया था। इस धनुष का नाम पिनाक था।

शिव पुराण में भगवान शंकर के इस धनुष का विस्तृत उल्लेख मिलता है। जब राजा दक्ष के यज्ञ में यज्ञ का भाग शिव को नहीं देने के कारण भगवान शंकर बहुत क्रोधित हो गए तो उन्होंने सभी देवताओं को अपने धनुष (पिनाक) से नष्ट करने की ठानी। एक टंकार से धरती का वातावरण भयानक हो गया। बड़ी मुश्किल से उनका क्रोध शांत किया गया, तब उन्होंने यह धनुष देवताओं को दे दिया।देवताओं ने राजा जनक के पूर्वज देवरात को यह धनुष दिया था। राजा जनक के पूर्वजों में निमि के ज्येष्ठ पुत्र देवरात थे। शिव-धनुष उन्हीं की धरोहरस्वरूप राजा जनक के पास सुरक्षित था। इस धनुष को भगवान शंकर ने स्वयं अपने हाथों से बनाया था। उनके इस विशालकाय धनुष को कोई भी उठाने की क्षमता नहीं रखता था। लेकिन भगवान राम ने इसे उठाकर इसकी प्रत्यंचा चढ़ाई और इसे एक झटके में तोड़ दिया।

# गणतंत्र दिवस को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु सिदो कान्हू स्टेडियम में की जा रही तैयारियों, मैदान की स्थिति, मंच, दर्शक दीर्घा, जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों आदि की बैठने की व्यवस्था आदि की जानकारी ली गई। जिसके उपरांत उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली झांकियों की जानकारी ली। मौके पर नजारत उप समाहर्ता रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा विभागवार झांकियों के आयोजन की जानकारी देने के क्रम में बताया गया की गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण रामगढ़ द्वारा अबुआ आवास/ मनरेगा, शिक्षा विभाग द्वारा पढ़ेगा भारत बढ़ेगा भारत, स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन/ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन आदि, कल्याण विभाग द्वारा अबुआ बीर दिशोम, समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटा अनाज, वन प्रमंडल रामगढ़ द्वारा हाथी दुर्घटना से रोकथाम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन, जिला खनन विभाग रामगढ़ द्वारा इको फ्रेंडली एवं खनन हेतु नई तकनीक, जेएसएलपीएस रामगढ़ द्वारा फूलों झानो आशीर्वाद योजना, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा कौशल विकास/आरसेटी/ पीएमईजेपी/ सीएमईजेपी, जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मॉडल बूथ/ मतदाता जागरूकता, जिला कृषि कार्यालय आत्मा द्वारा प्राकृतिक खेती, नगर परिषद कार्यालय द्वारा जल संरक्षण, पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन स्थल, परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के थीम पर झांकी आयोजित की जाएगी। उपायुक्त नई पहल के तहत गणतंत्र दिवस रामगढ़ जिला पुरस्कार देने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों, संस्थाओं के चयन हेतु अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिला अंतर्गत किसी भी सरकारी कार्यालय अथवा अन्य सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यक्रम के दौरान फ्लैग कोड का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी रात्रि 12:00 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12:00 बजे तक जिले के सभी मधशालाओ एवं वधशालाओं को बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया वहीं उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो-कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:35 बजे, उप विकास आयुकत कार्यालय में प्रातः 10:40 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:15 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इन सबके अलावा उक्त बैठक के दौरान झंडोत्तोलन के समय परेड की व्यवस्था, परेड के पूर्वाभ्यास की व्यवस्था, राष्ट्रीय गान, विधि व्यवस्था आदि विषयों पर भी चर्चा करते हुए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।


बैठक में शामिल।

## स्पीड न्यूज

### नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में


जानकारी देते यज्ञ समिति के सदस्य।

**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगण में यज्ञाचार्य श्री राधे बोलो राधे जी महाराज संगम तट नैनी प्रयागराज के नेतृत्व में 29 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में है। यज्ञ समिति के पदाधिकारी डॉ हरिदास यादव ने बताया कि नौ दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ 29 जनवरी को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। जिसमें दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में महिला, पुरुष व कन्याएं शामिल होंगी। नौ दिनों तक यज्ञ स्थल पर मेला का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि में सनातन धर्म ग्रंथो से संबंधित जगत कल्याण को लेकर प्रवचन का आयोजन किया गया है। शिव शक्ति महायज्ञ के लिए 28 जनवरी को शंखनाद अंकुर रोपण वह 29 जनवरी को कलश यात्रा मंडप प्रवेश पंचांग पूजन कर कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा यज्ञ मंडप से होते हुए शारदा गांव के उभका नदी से वैदिक मंत्रों चार के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में स्थापित किया जाएगा। महायज्ञ को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यज्ञ स्थल पर प्रत्येक दिन सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक पूजा हवन, दोपहर दो बजे से संध्या छह बजे तक काशी नगरी से आयी प्रियंका पांडेय के द्वारा श्री राम कथा का आयोजन तथा रात्रि आठ बजे से एक बजे तक रासलीला का कार्यक्रम दिखाया जाएगा। छह फरवरी को महाप्रसाद के साथ पूर्णाहुति होगी।

### रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया पंडी नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास



**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत घटहुआं कला गांव में पंचायत भवन के समीप शनिवार को पंडी नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़कर किया। ग्रामीण विकास विभाग गढ़वा जिला अंतर्गत ग्राम राजा घटहुआं के मेहता टोला में पंडी नदी पर दो करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से बनने वाला पुल मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र की समस्या को मैं भली-भांति जानता हूं और जो भी छोटे-मोटे सड़क हैं उसे बनवाने का काम करूंगा। भारतीय जनता पार्टी विकास की पार्टी है और विकसित गांव विकसित भारत चाहती है जिसे हम सब मिलकर करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि पंडा नदी पर बनने वाला पुल कई क्षेत्रों के ग्रामीणों को जोड़ता है। कुछ गांव बरसात के समय में कांडी मुख्यालय से कट जा रहे थे, उसे जोड़ने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास हर संभव होगा। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा, घटहुआं कला पंचायत मुखिया कौशल्या देवी, रामचंद्र यादव, अजय सिंह, अरुण राम, पवन गुप्ता, शिवप्रसाद गुप्ता, सतेंद्र चैबे, रविंद्र चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

### श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलष यात्रा

**खरौंधी।** प्रखंड के तोरेलावा श्री राम जानकी मंदिर में श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर के पुजारी इंद्रजीत पाठक के नेतृत्व में शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। विद्वान आचार्य संत विनोदानंद जी महाराज के नेतृत्व में आचार्यों की मंडली ने पंडा-डोमनी के पावन संगम स्थल से मंत्रोच्चार के साथ कलश की शोभा यात्रा निकाली गई। जहां महिला-पुरुष श्रद्धालुओं के कलश में जलभरण किया। साथ ही श्रद्धालु जय श्रीराम की जयघोष करते हुए कलश के साथ नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में कलश की स्थापना की। मौके पर आचार्य ने बताया कि कलश स्थापना के पश्चात पूजन अखंड मानस पाठ, अन्नादिवास, जलाधिवास, फलाधिवास के बाद सोमवार को श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान तीन दिनों तक रोहतास बिहार के सुरेश शास्त्री और अयोध्या से पधारे शैल मिश्रा द्वारा प्रवचन किया जाएगा। मौके पर जयशंकर वैद्य, अजय वैद्य, सत्यकुमार वैद्य, रामानुज वैद्य, कामेश्वर पाठक, धर्मजीत पाठक, प्रयागदत्त पाठक, नंदकुमार पाठक, सुरेंद्र मेहता, मिथिलेश कुमार पाठक, कमलाकांत पाठक, सुनील पाठक, राकेश पाठक, अशोक यादव, संजय मेहता आदि उपस्थित थे।

### डीडीसी ने किया कांडी प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

**कांडी।** गढ़वा डीडीसी राजेश कुमार राय ने शनिवार को प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण में सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित पाये गये। डीडीसी ने बताया कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार के प्राथमिकता सूची में है। उन्होंने कहा कि बीडीओ को निर्देश दिया गया है कि अबुआ आवास की प्राथमिकता सूची सभी पंचायतों में दीवारों पर सटवाएं ताकि अगर किसी जनता को आपत्ति हो तो वह बीडीओ के पास लिखित आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कर सके व उसका निपटारा हो सके। कहा कि सभी जरूरतमंदों को जल्द ही अबुआ आवास मिलेगा। साथ ही डीडीसी ने बीडीओ को पोटो योजना के तहत खेल गतिविधि संचालित करवाने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कुछ आंगनबाड़ी निर्माण की धीमी गति का भी समीक्षा की और तेजी से निर्माण कराने का बीडीओ को निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ ललित कुमार सिंह, सीओ मो.अफताब आलम, भोला चंद्रवंशी, रामलाला दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पलायन और बेरोजगारी गुमला जिले की सबसे बड़ी चुनौती: चैतू उरांव

**गुमला।** अति पिछड़ा व आदिवासी बहुल गुमला जिला से युवक और युवतियां रोजगार के अभाव में पलायन को मजबूर हैं। महज आठ से दस हजार रूपये की नौकरी के लिए लोग झारखंड से पलायन करने को मजबूर हैं। इस मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री चैतु उरांव ने कहा कि गुमला जिला में बेरोजगारी और पलायन विकट रूप ले लिया है। इस मुद्दे पर कोई बात नहीं करना चाहते हैं। लेकिन जिला अध्यक्ष ने मामला को गंभीरता से लेते हुए गुमला जिले से पलायन रोकने के लिए उपायुक्त को पत्र लिखकर इस मुद्दे को उठाया है। श्री उरांव ने कहा कि अगर जिला से पलायन को समय पर नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़ी मात्र बंधुआ मजदूर बन कर रह जाएंगे। जिले के नेता मात्र राजनीति हवा भरने में लगे हुए हैं। नेता जी मात्र राजनीति की रोटी सेंकने में लगे हुए हैं। किसी भी तरह लोगों से वोट मिले ये उनका मानना है। पलायन को लेकर आज हमें एक जुट होकर लड़ने की आवश्यकता है। जिले से हर साल हजारों लोग दिल्ली, मुंबई,कोलकाता में बर्तन साफ कर रहे हैं। दूसरी ओर लोग ईट भट्ठा में भी काम करने को मजबूर हो जाते हैं। मनरेगा में काम नहीं मिलने के कारण लोग आज पलायन करने को मजबूर हैं। होनहार विद्यार्थी भी दो पैसे की लालच में पड़ कर पढ़ाई बीच में ही छोड़ कर पलायन कर रहे हैं। और इसका अर्थ है कि आज जिले में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जो इस जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर सके। लेकीन श्री उरांव ने इस मामले को गंभीरता को देखते हुए सक्त कदम उठाया है।

## महायज्ञ को लेकर निकाली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता


कलश यात्रियों के साथ सुनीता चौधरी।

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सुकरीगढा नायक टोला में शनिवार को श्रीश्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व गांव की सैकड़ों महिलाएं यज्ञ मंडप में एकत्रित हुईं। तत्पश्चात गाजे बाजे के साथ कलश लेकर पनशाला नाला तट पर पहुंची। आचार्य साधन द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महिलाओं को गंगा पुजन कराया गया। इसके साथ ही महिलाएं कलश में शुद्ध जल भरकर यज्ञ मंडप के लिए प्रस्थान कीं। इस दौरान हर-हर महादेव, जय श्रीराम, पवनपुत्र हनुमान, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो के जयकारे से सारा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। यज्ञ मंडप पहुंचने के बाद आचार्यो द्वारा कलश स्थापित कर मंडप प्रवेश व वेदी निर्माण की पूजन कराया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, मुखिया दिल्ली कुमारी एवं पंसस आसू कुमारी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। वहीं मन को असीम शांति मिलती है। श्रद्धा भाव से किया गया हवन मनुष्य की मनोकामना की पूर्ति करती है। यज्ञ किसी व्यक्ति का नहीं होता, बल्कि यह संपूर्ण प्रकृति को अपने भीतर समेटे हुए है। यज्ञ प्रकृति संतुलन का सबसे बड़ा मार्ग है और पर्यावरण संतुलन के लिए विश्व में इससे अच्छा और कोई माध्यम नहीं हो सकता। इसलिए सभी को तन, मन और धन से यज्ञ में सहयोग करना चाहिए। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति के संरक्षक माला देवी, अध्यक्ष मुन्नु नायक, सचिव मलेश्वर नायक, कोषाध्यक्ष सोहित नायक, विक्की नायक सहित दर्जनों लोगों ने बीड़ा उठाया है। इससे पूर्व यहां पहुंचे अथितियों का स्वागत चुनरी ओढ़ाकर किया गया। मौके पर विधायक के आप्त सचिव सुजीत कुमार, सचिदानंद प्रसाद, सुदेश, बबलू, कुंदन करमाली, धीरज, विशाल, पंकज, सुमित, अमित, किरण देवी, निशा, सरस्वती, सुनीता, लाली सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## एक नजर में

### 22को घर-घर जलायें दीये : अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा क्षेत्रवासियों से 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर घर-घर दीप जलाने एवं धार्मिक स्थलों, मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाने व जगमगाने की अपील की है। इसी कड़ी में विधायक आवास में विशेष तैयारी की जा रही है। विधायक अंबा प्रसाद द्वारा हर घर को जगमग करने के लिए दीप पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक आवासीय कार्यालय में दिया, बाती, तेल व माचिस की पैकेजिंग करके पूरे विधानसभा क्षेत्र के हरेक घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा है कि सभी सनातनी भगवान रामलला के नवनिर्मित मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य उत्सव की तैयारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में पूरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के घर घर में दीप उपलब्ध कराते हुए भव्य उत्सव की तैयारी के लिए हर घर दीप पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक कार्यालय से दिया, बाती, तेल व माचिस की पैकेजिंग करके विधानसभा क्षेत्र के सभी हिस्सों में पहुंचाकर त्योहार को भव्य बनाने की व्यापक तैयारी की जा रही है। इसमें दर्जनों कांग्रेसी कार्यकताओं एवं पदाधिकारीयों द्वारा हर घर तक दीप पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

### गढ़वा में सामूहिक विवाह के सफल आयोजन पर मुखिया ने सचिव को किया सम्मानित

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा छह दिसंबर को आयोजित 151 कन्याओं की सामूहिक विवाह के सफल आयोजन पर डंडई प्रखंड के मुखियाओं ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर डंडई प्रखंड के नौ मुखिया उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित सभी मुखिया ने कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली को माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि सोसाइटी के द्वारा आयोजन बहुत ही नेक का कार्य है। सोसाइटी के सचिव के द्वारा एक साथ 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह कर कर गढ़वा जिला के लिए एक मिसाल कायम किया है। उन्होंने कहा कि संस्था का यह कार्य से हम जनप्रतिनिधि को काफी लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि संस्था के सचिव के द्वारा उन्हें आश्वस्त किया है कि गांव समाज में कोई भी असहाय निर्धन कन्या जिन्हें शादी विवाह में किसी भी तरह की परेशानी होती हो तो कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के कार्यालय में पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं। सोसाइटी के द्वारा उसका विवाह का पूरा जिम्मा उठाएगा। मौके पर मुखिया जितेंद्र ठाकुर, झोतर पंचायत के मुखिया बिष्णु यादव सहित सभी पंचायत के मुखिया व ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाकपा माले रेड स्टार व झारखंड नव निर्माण दल की बैठक संपन्न

**घाघरा।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल का संयुक्त बैठक घाघरा में दल के संयोजक के घाघरा स्थित आवास में महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि जन दावेदारी के लिए लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में पार्टी चुनाव की तैयारी करेगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी गुमला रेल लाइन से नहीं जुड़ पाया और रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा जिला में बॉक्साइट का प्रचुर मात्रा होते हुए भी एल्यूमिनियम कारखाना का निर्माण नहीं होना सभी सरकारों की उपेक्षापूर्ण रवैया को दशार्ता है। श्री सिंह ने पार्टी के पदाधिकारी से युद्ध स्तर पर तय कार्यक्रम को गांव-गांव तक ले जाने की अपील की है। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में मजबूत तैयारी के लिए 13 सदस्यों को लेकर लीडिंग टीम का गठन किया गया। जिसमें पुष्पा उरांव, बिलो भगत, कुशमा मिंज, शिवप्रसाद साहू, रामप्यार तूरी, रीमिस कुजूर, धर्मपाल उरांव शंकर उरांव ललन साहू इंदर उरांव, रोपना उरांव, उमेश मुंडा, बसंत बड़ाइक को शामिल किया गया है । बैठक में शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस 23 मार्च 2024 को जिला मुख्यालय गुमला में होनेवाली लोहरदगा लोकसभा स्तरीय जन संसद का कार्यक्रम में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने, रेल लाइन, अल्मुनियम कारखाना, सरकारी दफ्तरों में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा जन अधिकारों के लिए जन एकता को मजबूत बनाने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में आदित्य सिंह, प्रकाश उरांव, पुष्पा उरांव, रोपना उरांव, शुभम उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मुखिया बिनीता ने रांची कार्यक्रम में किया गया सम्मानित, मिला प्रशस्ति पत्र

**घाघरा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 में सफल क्रियान्वयन में गुमला जिले से प्रथम स्थान पर आने वाली चुंदरी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी को रांची कार्यक्रम में झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु चौधरी और सदस्य सबीना परवीन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में शनिवार को दूरभाष पर जानकारी देते हुए चुंदरी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य आयोग के द्वारा एक अक्टूबर 2022 से सितंबर माह 2023 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 का सफल क्रियान्वयन करने के लिए गुमला जिला में प्रथम स्थान चुंदरी पंचायत को मिला था। जिसमें आठ मापदंड था और सभी में बेहतर किया था। जिसमें उनको चयनित किया गया।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स सनातन मंच के भव्य शोभा यात्रा का करेगा स्वागत: दामोदर कसेरा

**गुमला।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार को प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हो रहा है। जो भारतवर्ष के सभी सनातन हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए हर्ष का दिन है। इस दिन को समस्त देशवाशी दीपावली के रूप में मनाने की तैयारी में पुरे हर्षोल्लास के साथ लगे हुए। इस दिन दीपों की रोशनी से पुरा देश जगमग रहे।

## ऐतिहासिक होगा गंगा महाआरती : मनोज सिंह


साफ-सफाई अभियान में शामिल प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा डी-भुरकुंडा नलकारी नदी तट पर 21 जनवरी को आयोजित श्रीराम गंगा महाआरती को लेकर शनिवार को प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट द्वारा कार्यक्रम स्थल की सफाई-सफाई कराई गई। अभियान की शुरूआत प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कार्यक्रम स्थल में साफ-सफाई कर की। इस दौरान मजदूरों सहित गंगा आरती के आयोजक मंडली ने भी नालकारी नदी तट आसपास फैली गंदगी की साफ-सफाई में पूरा सहयोग किया। मौके पर अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि नलकारी तट पर होने वाली श्रीराम गंगा महाआरती में पत्रकार समाज भी अपनी सहभागिता निभा रहा है। इस मुहिम के तहत प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट ने नगद सहयोग के अलावा सफाई अभियान चलाकर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा की प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यों सहित गरीबों की सेवा में हर संभव सहयोग करती आई है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा की 21 जनवरी को आयोजित श्रीराम गंगा महाआरती कई मायनो में ऐतिहासिक होगा। स्वच्छता अभियान में प्रेस क्लब ऑफ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कुमार, सचिव कुमार आलोक, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार मेहता सहित आयोजक मंडली के योगेश दांगी, राजन कुमार, छोटु सिंह, विश्वरंजन सिन्हा, राकेश सिन्हा, सलील मोहन सिन्हा, अभीतेष कुमार, दिपक अग्रवाल, अणु, किशोर, दुर्विजय कुमार, दीपक सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

## मोबाइल दुकान में हुए 30 लाख रुपये मोबाइल चोरी मामले का पुलिस ने किया उदभेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मेन रोड गुमला स्थित सौम्या कॉम्प्लेक्स के अमित मोबाइल दुकान से 29 दिसंबर 2023 को हुए करीब 30 लाख रुपये के मोबाइल चोरी कांड का पुलिस ने उदभेन कर लिया है। एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने साहेबगंज से घटना में शामिल दो चोरों को धर दबोचा। शनिवार को पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन कर पूरे मामले का खुलासा किया। गिरफ्तार चोरों में साहेबगंज जिला के राजमहल थाना अंतर्गत मुर्गीटोला निवासी 43 वर्षीय आलम शेख और 27 वर्षीय अलीम शेख शामिल है। एसपी ने बताया की चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों के द्वारा कुल 8 लाख रुपये में सभी मोबाइल को बांग्लादेश में बेच दिया गया। इसके बाद पैसे को सभी ने आपस में बांट लिये। एक चोर के द्वारा उक्त पैसे से एक टीवीएस अपाची बाइक खरीदा था। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। एसपी ने आगे बताया की कुल 5 लोगों ने मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें एक व्यक्ति पूर्व से गुमला में रह रहा था और उसके चार अन्य साथी काम की तलाश में छत्तीसगढ़ जा रहे थे। लेकिन सभी गुमला में रुक गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने गिरफ्तार चोर के घर से मोबाइल का 21 खाली डब्बा, घटना में प्रयुक्त लोहे का नुकीला रॉड, सीसीटीवी कैमरा का डीपीआर जब्त किया है। एसपी ने कहा कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार के बाद अन्य खुलासें हो सकती है। छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को रिवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं फरार अन्य की तलाश जारी है। वहीं घटना में शामिल एक चोर आलम शेख शातिर अपराधी है। वर्ष 2009 में चोरी के मामले में वह लाल वारंटी है। उसके खिलाफ रांची सदर थाना में मामला दर्ज है। छापामारी दल में पुअनि गुमला संचित कुमार, पुअनि विवेक कुमार पांडेय, पुअनि निरंजन कुमार सिंह, सअनि सागीर आलम, आरक्षी पवन कुमार यादव शामिल थे।

## जागरूकता शिविर सह विदाई समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी व नेहा आजिविका सखी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता शिविर सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के सचिव विकास कुमार माली, मेराल प्रमुख दीपमाला, बीडीओ नंदजी राम, प्रमुख शोभा देवी, मुखिया बेबी देबी, बीडीसी चन्दन ठाकुर, पिंटू टोप्पो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम से पूर्व प्रशिक्षण ले रही छात्रा प्रियंका, दिव्या, खुशबू ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों को स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव ने कहा कि आज से 13 वर्ष पहले बिहार से संस्था की शुरूआत हुई थी। जो झारखंड-बिहार में फैल कर गरीब, शोषित बहनों का विवाह कराने का काम कर रही है। इस संस्था का उद्देश्य बाल विवाह, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा के खिलाफ काम करना है और हमारी संस्था बढ़-चढ़कर काम कर रही है। हमारी संस्था में जो बच्चियों का पंजीयन हो गया समझो वह हमारी संस्था की बेटी हो गई। माताएं, बहने, अभिभावक सभी लोग मिलकर कुप्रथा का विरोध करें, तभी हमारा समाज सशक्त हो पाएगा. शिक्षा होगा तभी हमारा समाज आगे बढ़ सकेगा। गत छह दिसंबर को गढ़वा में 151 बहनों की शादी सम्पन्न हुई। जिसमें भवनाथपुर की आठ बहनों की भी शादी हुई थी, लेकिन उस वक्त बहनों का विदाई नहीं हो सका था। आज हमारी संस्था आज बहनों की विदाई कर रही है। इस दौरान प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी, आरती कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुषमा कुमारी, सीमा कुमारी, पूनम कुमारी, सविता कुमारी को उपहार स्वरूप पलंग, अलमीरा, ट्रक, बर्तन इत्यादि देकर विदाई किया गया। साथ ही 11 गरीब असहाय के बीच कम्बल, एक विकलांग को ट्राई साइकिल दिया गया। नेहा आजिविका सखी मंडल में ब्यूटीशियन का कोर्स करने वाली खुशबू कुमारी, प्रियंका कुमारी तथा सिलाई का प्रशिक्षण करने वाली रेनू, दिव्या, रानी, आरती को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर अरविंद तिवारी, अंजू गुप्ता, अर्चना कमलापुरी, निलिमा शर्मा, किरण देवी, मुन्नी देवी, उषा कुमारी, निर्मला देवी सहित संस्था की महिलाएं उपस्थित थी।